
शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं



05 अक्टूबर 2024 शनिवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज





गांधी जयंती पर छुट्टी न देना पड़ा महंगा, प्रधान सचिव सहित तीन पर केस दर्ज 2




## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 30 नक्सली ढेर, बड़ी संख्या में ऑटोमेटिक हथियार बरामद

- मुठभेड़ में कई इनामी नक्सलियों के भी मारे जाने की खबर
- नक्सलियों की कंपनी नंबर 6 को पुलिस ने किया ध्वस्त

**एजेंसी/रायपुर**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में अब तक 30 नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिल रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर सुरक्षाबल के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। मौके से बड़ी संख्या में ऑटोमेटिक हथियार बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार अब तक 24 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। रात होने की वजह से पुलिस मुठभेड़ में कुल कितने नक्सली मारे गए हैं यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है फिलहाल पूरे इलाके में सर्चिंग जारी है। जानकारी के मुताबिक जवान नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना वाली जगह पर पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद सुरक्षाबल के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवाबी कार्रवाई में 30 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में सभी जवानों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है।

### नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षाबल ने चलाया अभियान



### सीएम साय ने शुक्रवार को ही किया था दंतेवाड़ा का दौरा

नक्सलियों के साथ मुठभेड़ से पहले शुक्रवार की सुबह ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा का दौरा किया था। यहां शुक्रवार को उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ 167.21 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया था। **सुकमा में गुरुवार को हुई थी मुठभेड़ :** इससे पहले पुलिस ने गुरुवार को सुकमा जिले में मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में नक्सलियों की सामग्री बरामद की गई थी। 24 सितंबर को भी सुकमा जिले में मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान दो नक्सली मारे गए थे।

### आईजी बोले... सुबह तक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी

बस्तर संभाग के आईजी पी. सुंदरराज के मुताबिक 24 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। पूरा अपडेट आने में समय लगेगा क्योंकि रात का समय है। रुक-रुक कर दोनों तरफ से फायरिंग हो रही है। एके-47, एसएलआर समेत कई अत्याधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। बड़ी संख्या में नक्सलियों के जमा होने की सूचना है। इस मुठभेड़ में कई इनामी नक्सलियों के भी मारे जाने की खबर है। दूसरी ओर नक्सलियों की कंपनी नंबर 6 को भी पुलिस ने ध्वस्त कर दिया है। सुबह तक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### जवानों के हौसले, अदम्य साहस को नमन- सीएम

मामले को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबल के जवानों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। जवानों को मिली यह बड़ी कामयाबी सराहनीय है। उनके हौसले और अदम्य साहस को नमन करता हूं। नक्सलवाद के खात्मे के लिए शुरू हुई हमारी लड़ाई अब अपने अंजाम तक पहुंचकर ही दम लेगी, इसके लिए हमारी डबल इंजन सरकार दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश से नक्सलवाद का खात्मा ही हमारा लक्ष्य है।

### खबरें फटाफट

#### कोटा के अंदर कोटा का फैसला जारी रहेगा: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** अनुसूचित जाति कोटा के अंदर कोटा का फैसला जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले पर पुनर्विचार करने से इनकार कर दिया है। सर्वोच्च अदालत ने फैसले के खिलाफ दायर की गई पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाओं में कोई ठोस आधार नहीं दिया गया कि आखिर क्यों 1 अगस्त के फैसले पर कोर्ट को पुनर्विचार करना चाहिए। पुराने फैसले में ऐसी कोई खामी नहीं है, जिस पर फिर से विचार किया जाए। एक अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने एससी/एसटी रिजर्वेशन को लेकर एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था, जिसके अनुसार एससी-एसटी कोटा में कोटा को मंजूरी दी गई थी। कोर्ट ने कहा था कि राज्य एससी/एसटी में सब-कैटेगरी बना सकते हैं। ऐसा किए जाने के पीछे कोर्ट ने तर्क दिया था कि इससे जरूरतमंद जातियों को रिजर्वेशन का अधिक फायदा मिलेगा। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले के जरिए एससी/एसटी के आरक्षण में से क्रीमीलेयर को चिह्नित कर बाहर किए जाने की जरूरत पर बल दिया था।

### बिहार के मुख्यमंत्री ने दरभंगा में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर किया ऐलान

## बाढ़ पीड़ितों के लिए नीतीश ने खोला खजाना सभी परिवारों के खाते में जाएंगे 7-7 हजार रु.

- पीड़ितों के खातें में नौ अक्टूबर से पहले भेजी जाएगी राशि

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और पीड़ितों के लिए बड़ी घोषणा की। कोसी पश्चिमी तटबंध के टूटने से प्रभावित क्षेत्र के बाढ़ पीड़ित परिवारों के खाते में 9 अक्टूबर से पहले 7-7 हजार रुपए की दर से आनुग्रहिक अनुदान दिये जाने का निर्देश दिया। सहायता राशि डीबीटी के जरिए भेजी जाएगी। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को दरभंगा पहुंचे और बाढ़ राहत कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने लहेरियासराय पोलो मैदान स्थित बाढ़ राहत फूड पैकेजिंग सेंटर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को सात-सात हजार रुपये दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने बताया कि लगभग 50 हजार बाढ़ पीड़ित परिवारों को 7-7 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह राशि 9 अक्टूबर तक पीड़ितों के खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राहत सामग्री जल्द से जल्द पीड़ितों तक पहुंचनी चाहिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हायाघाट और हनुमाननगर प्रखंड को भी एसओपी में शामिल करने का निर्देश दिया।

दरभंगा के लहेरियासराय के इंडोर स्टेडियम में फूड पैकेजिंग सेंटर का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री ने किरतपुर कुशेश्वरस्थान प्रखंड के बाढ़ ग्रस्त इलाके का भी दौरा किया। मुख्यमंत्री ने बिरौल अनुमंडल क्षेत्र के पूनांच में बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए चलाये जा रहे कम्युनिटी किचेन का जायजा लिया। पूनांच गांव में चल रहे सामुदायिक रसोई घर का निरीक्षण किया जहां बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए भोजन, दूध सहित अन्य व्यवस्थायें की गई है। मुख्यमंत्री ने खाने का स्थल, रसोई घर, वाटर एटीएम, स्वास्थ्य कैंप, पशु चिकित्सा केन्द्र आदि का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने भोजन के बारे में बाढ़ पीड़ित परिवारों से फीडबैक प्राप्त किया, जहां बाढ़ पीड़ितों ने भोजन की गुणवत्ता और जिला प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यों की सराहना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सूखा राहत और फूड पैकेट की आपूर्ति बाढ़ पीड़ितों के बीच लगातार करते रहें। मुख्यमंत्री ने राहत कैंप में जन्म लेने वाले नवजात बच्चे की मां को 10 हजार रुपये का चेक प्रोत्साहन राशि प्रदान किया।

### सीएम ने बाढ़ राहत फूड पैकेजिंग सेंटर का निरीक्षण कर राहत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश





### राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा के इंडोर स्टेडियम में बाढ़ पीड़ितों के लिए तैयार किये जा रहे बाढ़ राहत फूड पैकेजिंग सेंटर का जायजा लिया और फूड पैकेट में दिये जा रहे सामानों की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान कहा कि राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री की उपलब्धता एवं उसका वितरण, दवा, पशुचारा, बाढ़ आश्रय स्थल, सामुदायिक रसोई, ड्राई राशन पैकेट्स / फूड पैकेट्स समय पर लोगों को उपलब्ध हो इसका ध्यान रखें। आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से चलाए जा रहे राहत कार्यों को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई।

## मिर्जापुर में ट्रक और ट्रैक्टर की भिड़ंत में 10 मजदूरों की मौत

### दु:खद... सभी मजदूर वाराणसी के रहने वाले थे



**एजेंसी/मिर्जापुर**

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। कछवा थाना क्षेत्र के कटका पडाव के पास ट्रक और ट्रैक्टर की भिड़ंत में 10 मजदूरों की मौत हो गई। तीन लोग घायल हो गए हैं। घायल लोगों को इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सारे मजदूर वाराणसी के रहने वाले थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे के समय ट्रैक्टर-ट्राली में करीब 13 मजदूर सवार थे। सभी मजदूर औराई के तिवरी गांव से ढलाई कर वापस वाराणसी लौट रहे थे। यह हादसा करीब रात 12.30 बजे के आसपास की है। इस हादसे की जानकारी मिलने के तुरंत बाद आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत बचाव कार्य में जुटे। सड़क हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने वाराणसी-प्रयागराज हाइवे को जाम कर दिया। प्रशासन गुस्साए लोगों को मनाने की जद्दोजहद में जुटा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रक ने पहले तो बाइक को टक्कर मारी। इसके बाद ट्रक का कंट्रोल खो गया और ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गया। हादसे के बाद में ट्रॉली उछलकर नाले में जा गिरी। वहीं, ट्रक भी नाले में जाकर गिर गया।

### पीएम ने दो लाख रु मदद की घोषणा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। मृतक के परिवारों में प्रत्येक को दो लाख रुपये के मदद की घोषणा की है। घायलों का इलाज बीएचयू के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। प्रधानमंत्री ने घायलों के समुचित इलाज का भी निर्देश दिया है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभु श्रीराम से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है।

## आलोचना के लिए पत्रकार पर नहीं दर्ज होना चाहिए केस: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पत्रकार अभिषेक उपाध्याय को अंतरिम सुरक्षा प्रदान की। उपाध्याय पर उत्तर प्रदेश प्रशासन में नियुक्तियों में जातिगत गतिशीलता पर एक्स पर एक पोस्ट लिखने के लिए एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की खंडपीठ ने उपाध्याय द्वारा उनके खिलाफ मामला रद्द करने के लिए दायर याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से भी जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि किसी पत्रकार के खिलाफ सिर्फ इसलिए आपराधिक मामला नहीं चलाया जा सकता क्योंकि वह सरकार की आलोचना करता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोकतांत्रिक देशों में अपने विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाता है। पत्रकारों के अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत संरक्षित हैं। केवल इसलिए कि किसी पत्रकार के लेखन को सरकार की आलोचना के रूप में देखा जाता है, लेखक के खिलाफ आपराधिक मामला नहीं चलाया जाना चाहिए।

## अरविंद केजरीवाल ने छोड़ा सीएम आवास

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का पता बदल चुका है। अरविंद केजरीवाल अब दिल्ली के फिरोजशाह रोड स्थित बंगला नंबर पांच में रहेंगे। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ इसमें शिफ्ट हो गए हैं। अरविंद केजरीवाल ने सीएम पद छोड़ दिया है और आतिशी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनी हैं। इसके बाद उन्हें 15 दिन के अंदर सीएम आवास छोड़ना था।

ऐसे में अरविंद केजरीवाल को उनकी ही पार्टी के सांसद अशोक मित्तल ने अपना आवास ऑफर किया था। फिरोजशाह रोड पर स्थित बंगला नंबर 5 आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल का सरकारी आवास है। अब अरविंद केजरीवाल यहां पर गेस्ट के रूप में रहेंगे। अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को नए घर में शिफ्ट हुए। इस दौरान वहां पर सांसद अशोक



मित्तल और उनकी पत्नी ने अरविंद केजरीवाल और उनके परिवार का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। दो दिन पहले ही अशोक मित्तल ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें खुशी है कि केजरीवाल ने उनके घर को चुना है। अशोक मित्तल ने कहा कि जब हमें पता चला कि अरविंद केजरीवाल के पास रहने के लिए कोई जगह नहीं है, तो मैंने अपना आवास गेस्ट के रूप में उन्हें ऑफर किया और उन्होंने मेरे अनुरोध को स्वीकार कर लिया।

### अहमदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कही बात...

## 10 वर्षों में देशभर में 75000 मेडिकल सीटें बढ़ाने की है योजना

**एजेंसी/अहमदाबाद**

केंद्र सरकार स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है। यह बात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कही। शाह ने कहा कि मोदी सरकार स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अगले 10 वर्षों में देशभर में 75,000 मेडिकल सीटें जोड़ने की योजना बना रही है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। शाह ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल हीरामणि आरोग्यधाम का उद्घाटन करने के बाद अहमदाबाद के पास अडालज गांव में एक सभा को संबोधित कर रहे थे।



शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले स्वच्छता अभियान शुरू किया, जो कई बीमारियों को खत्म करने के लिए एक सफाई अभियान था। फिर उन्होंने लोगों को कई अन्य बीमारियों से बचाने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और प्रत्येक घर में शौचालय बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। फिर उन्होंने योग को लोकप्रिय बनाया और 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के बेहतर कार्यान्वयन के लिए मोदी ने प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को बेहतर बनाने के साथ-साथ देश भर में नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया।

### मोदी सरकार ने आमजन के लाभ के लिए 37 योजनाएं शुरू की हैं

अमित शाह ने कहा कि प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में सभी 14 विभागों वाला एक अस्पताल होता है। अब, हमने अगले 10 वर्षों में 75,000 और मेडिकल सीटें जोड़ने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि सस्ती जेनेरिक दवाइयां बेचने वाले सरकारी फामेर्सी स्टोर्स का एक नेटवर्क बनाना भी केंद्र के समग्र दृष्टिकोण का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 140 करोड़ नागरिकों के लाभ के लिए 37 अलग-अलग योजनाएं शुरू की हैं और उन्हें लागू किया है। शाह गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस पर युवाओं को नशे के मामले में गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने दिल्ली में ड्रग्स की पकड़ी गई खेप में एक कांग्रेस नेता का शामिल होने का आरोप लगाते हुए इसे शर्मनाक और खतरनाक करार दिया।




# गांधी जयंती पर छुट्टी न देना पड़ा महंगा, प्रधान सचिव सहित तीन पर केस

♦ महात्मा गांधी के सिद्धांतों और उनके महत्व को कमजोर करने की कोशिश की गई

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

गांधी जयंती के दिन स्कूलों में छुट्टी न देने को लेकर शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, सचिव वैद्यनाथ यादव और जिला शिक्षा पदाधिकारी मुजफ्फरपुर के खिलाफ सीजेएम कोर्ट पश्चिम की अदालत में एक मामला दर्ज हुआ है। अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने दाखिल किए गए इस परिवाद में अधिकारियों पर देश की भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया गया है। अधिवक्ता ओझा ने अपने परिवाद में बताया कि दो अक्तूबर को देश भर में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई जाती है। लेकिन बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने इस दिन स्कूलों को खोलने का आदेश दिया, जिससे महात्मा गांधी के सिद्धांतों और उनके महत्व को कमजोर करने की कोशिश की गई। इसके साथ ही, अगले साल यानी 2025 के कैलेंडर में भी दो अक्टूबर को छुट्टी रद्द कर दी गई है, जिससे महात्मा गांधी के प्रति जनता की भावनाएं आहत हुई हैं।इस मामले में अधिवक्ता सुधीर





कुमार ओझा ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 352, 353 और 197 के तहत आपराधिक मामला दर्ज कराया है। ओझा ने आरोप लगाया है कि बिहार के लोगों की भावना स्कूलों को खोलने के फैसले से आहत हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पूरे देश में हर विभाग में छुट्टी होती है, तो शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल खोलने का आदेश क्यों दिया गया। सीजेएम कोर्ट ने इस मामले को स्वीकार कर सुनवाई की तारीख 28 अक्तूबर 2024 को तय की है। ओझा ने आरोप लगाया कि यह शिक्षा विभाग का तुगलकी फरमान है, जिसका कोई औचित्य नहीं है और यह गांधी जी के सिद्धांतों को कमजोर करने की साजिश है। यह मामला शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लिए गंभीर कानूनी चुनौती बन सकता है। विदित हो कि शिक्षा में छुट्टी को लेकर अक्सर विवाद में रहता है। पूर्व में भी विभिन्न त्योहार में छुट्टी नहीं दी गई थी। जिसे लेकर विवाद हुआ था। हालांकि पूर्व अपर मुख्य सचिव केके पाठक के विरूद्ध मामला दर्ज नहीं हुआ था। परंतु इस बार मामला कोर्ट में चला गया।

## अश्लील डांस करने के मामले में प्रभारी हेडमास्टर निलंबित

**सहरसा।** सहरसा जिले के महिषी प्रखंड क्षेत्र के बीरगांव में हाल ही में हुई अश्लील डांस पार्टी के मामले ने शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा दिया है। इस घटना को लेकर नवसृजित प्राथमिक विद्यालय नया टोला के प्रभारी हेडमास्टर दीपक कुमार को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में नियोजन इकाई ग्राम पंचायत बीरगांव ने आदेश जारी कर दीपक कुमार को उनके पद से निलंबित किया। साथ ही निलंबन अवधि के दौरान उन्हें महिषी के प्रखंड संसाधन केंद्र में मुख्यालय तय किया गया है।

## दोस्त को बचाने में चली गई युवक की जान, चार घंटे बाद मिला शव

**केटी न्यूज/बेतिया**

बेतिया में दोस्तों के साथ नहाने गया एक युवक पोखर में डूबने लगा। इसके बाद डूबता देख उसका दोस्त उसे बचाने गया। दोस्त को डूबने से बचाने के बाद वह खुद गहरे पानी में चला गया और डूब गया। गहरे पोखर में डूबने के बाद वह लापता हो गया। हालांकि ग्रामीणों के काफी खोजबीन करने के बाद कोई आता पता नहीं चला। वहीं, मौके पर पहुंची एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने चार घंटे सर्च अभियान चलाकर पोखर से युवक के शव को बरामद कर लिया। यह घटना जिले के बैरिया थानाक्षेत्र के पखनाहा बाजार शिव मंदिर के पास की है। मृतक की पहचान मलाही टोला पखनहा निवासी मैनुद्दीन मियां के बेटे इजहारुल मियां (22) के रूप में की गई है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। फिर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। इधर, घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के मौसा चुनु आलम ने बताया कि इजहारुल अपने गांव के दोस्त अरबाज आलम के साथ शिव मंदिर स्थित पोखर में नहाने गया हुआ था।

पीड़ितों का आरोप न तो भोजन-पानी की व्यवस्था है, न ही पशुओं के लिए चारा और न चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई

# मुजफ्फरपुर में बाढ़ राहत के लिए हाइवे जाम कर हंगामा, पुलिस के लाठीचार्ज से मची अफरातफरी





**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर जिले के बाढ़ पीड़ितों ने अपनी मांगों को लेकर नेशनल हाईवे-77 पर जोरदार हंगामा किया और सड़क को जाम कर दिया। घटना औराई थाना क्षेत्र के बेदौल ओपी क्षेत्र स्थित गोपालपुर के पास की है। बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित ग्रामीणों ने तीन घंटे तक हाईवे-77 को जाम रखा। जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोकझोंक के बाद स्थिति बिगड़ गई, जिसके बाद पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया। इस दौरान गोली चलने की बात भी सामने आई, पर इसे अफवाह माना जा रहा है ।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि वे कई दिनों से बाढ़ की विभीषिका झेल रहे हैं, लेकिन प्रशासन से उन्हें किसी भी प्रकार की मदद नहीं मिल रही है। न तो भोजन-पानी की व्यवस्था है, न ही पशुओं के लिए चारा और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही और क्षेत्र में राहत कार्यों की कमी से नाराज होकर ग्रामीणों ने इस विरोध प्रदर्शन का रास्ता चुना। उनकी मांग है कि बाढ़ पीड़ितों के लिए मुआवजा और राहत सामग्री जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। हालांकि कोई भी अधिकारी उनकी बात सुनने को तैयार नहीं थे।

### पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई नोकझोंक

जाम की सूचना मिलने पर औराई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिससे हालात और बिगड़ गए। ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने बताया कि जाम हटाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा और स्थिति को काबू में करने के लिए लाठीचार्ज किया गया। लाठी चार्ज करने के बाद हाईवे पर अफरातफरी की स्थिति हो गई। वहीं स्थानीय लोग भी आक्रोशित हो गए।

### फायरिंग की अफवाहों को लेकर पुलिस का खंडन

हंगामे के बीच फायरिंग की खबरें भी सामने आईं, लेकिन पुलिस ने इस बात से इनकार कर दिया। एसपी विद्या सागर ने स्पष्ट किया कि केवल हल्का बल प्रयोग किया गया और किसी प्रकार की फायरिंग नहीं की गई। उनका कहना था कि स्थिति को जल्द से जल्द नियंत्रित करने के लिए यह आवश्यक कदम उठाया गया था, ताकि आवागमन बहाल हो सके। मौके पर स्थिति हुई सामान्य लाठीचार्ज के बाद स्थिति सामान्य हुई और करीब तीन घंटे बाद हाईवे-77 को फिर से चालू कर दिया गया। हालांकि, ग्रामीणों का असंतोष अभी भी बना हुआ है और वे प्रशासन से जल्द से



जल्द राहत और मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। यह घटना प्रशासन और बाढ़ पीड़ितों के बीच बढ़ते असंतोष का प्रतीक है, जो यह दशार्ता है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की आवश्यकता कितनी जरूरी है। वहीं दूसरी ओर पीड़ितों का कहना है कि प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं दी जा रही है। कोई अधिकारी भी मिलने के लिए आते है।

**एक नजर**

## कर्तव्य से बच नहीं सकते हैं सीएम नीतीश, बाढ़ पीड़ितों की मदद करें : अखिलेश सिंह



**पटना।** बिहार में बाढ़ पर सियासत जारी है। अब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने सीएम नीतीश कुमार को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार को प्रो-एक्टिव होना चाहिए। और, बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। चुनाव के वक्त विकास का हवाला देकर डबल इंजन वालों ने वोट तो ले लिया लेकिन अब क्या हुआ। बाढ़ से हाहाकार मचा है। लोगों के पास छत नहीं है। खाने के लिए भोजन ने वह तरस रहे हैं। सरकार को उनकी मदद करनी चाहिए। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण करने पर अखिलेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री किसलिए होता है। यह मुख्यमंत्री का कर्तव्य है, जिससे वह बच नहीं सकते। अगर वह सीएम नीतीश कुमार आपदा में काम नहीं करते हैं फिर वह किस बात का मुख्यमंत्री है। भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है इधर, राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष द्वारा बाढ़ पीड़ितों की उपेक्षा का सवाल उठाए जाने के बाद मुख्यमंत्री को अपनी जिम्मेदारी का ख्याल आया और दो दिन हवाई सर्वेक्षण कर औपचारिकता पूरी कर दी। पर राज्य सरकार एक भी मंत्री कभी भी बाढ़ पीड़ितों के बीच कहीं नजर नहीं आए। पटना बैठकर केवल राजनीतिक बयानबाजी करने तक हीं सिमटे रहे। बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच न सही ढंग से राहत सामग्री पहुंच रही है और न राहत-बचाव का सही ढंग से मोनिटरिंग हो रही है। सारी व्यवस्था स्थानीय निम्नवर्गीय कर्मचारियों पर छोड़ दिया गया है और उन्हें भी सीमित संसाधन हीं उपलब्ध कराए गए हैं जिसकी वजह से उन कर्मचारियों को बाढ़ पीड़ितों के बीच भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आज दरभंगा दौरे के बाद मुख्यमंत्री जी द्वारा बाढ़ पीड़ितों को 7-7 हजार रुपए देने की घोषणा की गई है। यह तो 'ऊंट के मुंह में जीरा' वाली बात हो गई। जिस परिवार का सबकुछ बर्बाद हो गया है उन्हें इतनी कम राशि से क्या होगा। उन्होंने कहा कि गगन ने कहा कि ऐसे बाढ़ प्रभावित परिवारों की संख्या तीस लाख से ज्यादा है पर सरकार के आंकड़े के अनुसार हीं बाढ़ प्रभावित परिवारों की संख्या 16,50,000 है। और सरकार द्वारा मात्र 48,000 परिवारों को हीं सात-सात हजार रुपए देने की घोषणा की गई है। फिर बाकी 16,02000 परिवारों को इस लाभ से क्यों वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की कोई भी नीति स्पष्ट नहीं है। वह पीड़ितों की मदद करने के बजाए आगामी चुनाव पर पूरा फोकस रहे है। ताकि वह पुनः सीएम की कुर्सी पर काबिज हो सके।

## शराबमुक्त बिहार को शराबी बनाना चाहते हैं प्रशांत किशोर: शाहनवाज

**केटी न्यूज/पटना**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने प्रशांत किशोर पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर ने 2 अक्टूबर के दिन अपनी पार्टी लॉन्च की है और वह बिहार को शराबी बनाना चाहते हैं। बिहार शराबमुक्त हो गया था। उसे शराबी बनाना चाहते है। शाहनवाज ने कहा कि प्रशांत किशोर को इस बात का जवाब देना चाहिए कि वह बिहार में शराब क्यों शुरू करना चाहते हैं। प्रशांत किशोर ने आज तक बिहार के लिए कौन सा बड़ा आंदोलन किया। शाहनवाज ने प्रशांत किशोर की पार्टी को विधानसभा चुनाव के दौरान आई कई अस्थायी



पार्टियों जैसा बताते हुए कहा कि यह पार्टी भी आएगी और चली जाएगी, जैसे पिछली चुनाव में आई पार्टियां समाप्त हो गईं। साथ ही, उन्होंने सवाल उठाया कि प्रशांत किशोर ने आज तक बिहार के लिए कौन सा बड़ा आंदोलन किया है। शाहनवाज हुसैन ने तेजस्वी यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राघोपुर की जनता बाढ़ से परेशान है और अब तक तेजस्वी यादव ने जाकर हालात का जायजा नहीं लिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने बिहार में हो रहे विकास कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य में उद्योग धंधे खुल रहे हैं और स्कूलों की स्थिति भी बेहतर हो रही है। उन्होंने कहा कि सब कुछ धीरे-धीरे अच्छा हो रहा है और आगे भी तरक्की जारी रहेगी। जदयू की राज्य कार्यकारिणी की बैठक को लेकर शाहनवाज ने कहा कि यह कोई बड़ी बात नहीं है, सभी पार्टियां अपने संगठन को मजबूत करने के लिए बैठक बुलाती हैं। उन्होंने मीडिया पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पत्रकारों का काम सनसनी फैलाना है।

## सीवान में शिक्षक की गोली मारकर की हत्या

**सीवान।** सीवान में बेखौफ अपराधियों ने सरकारी शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना महाराजगंज थाना क्षेत्र के धनछूआ गांव की है। मृतक शिक्षक की पहचान दरौंदा थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी भरत मांझी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि भरत मांझी शाम में अपने घर से महाराजगंज बाजार गए थे। घर लौटने के दौरान धनछूआ गांव के पास पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े, लेकिन तब तक अपराधी वहां से फरार हो चुके थे। आननफानन में स्थानीय लोगों ने घायल शिक्षक को इलाज के लिए महाराजगंज अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में स्थित लुगंडाही के जंगलों में चला सर्च अभियान

# विस उपचुनाव में सुरक्षाबलों पर हमले की साजिश नाकाम

**केटी न्यूज/ गया**

गया में दूसरे सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के ठिकानों से भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य सामान बरामद किया है। बीते दिन भी नक्सल प्रभावित इलाकों में सर्च आपरेशन चलाकर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया था। वहीं सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा जंगलों में छुपा कर रखा गया विस्फोटक बरामद किया है। यह बरामदगी गया जिले के इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में स्थित लुगंडाही के जंगलों से किया गया। नक्सलियों का इमामगंज विधानसभा चुनाव के उप चुनाव में बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना थी। मिली जानकारी के मुताबिक गया जिले के अति नक्सल प्रभावित इलाका गया व औरंगाबाद सीमा पर स्थित डुमरिया के लंगुड़ाही के जंगल से सुरक्षाबलों



ने दूसरे दिन भी भारी मात्रा में डेटोनेटर, कोडेक्स तार, विस्फोटक समेत अन्य समान को बरामद किया है। नक्सलियों द्वारा इमामगंज विधानसभा उपचुनाव में सुरक्षाबलों के जवानों को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से विस्फोटक व अन्य सामान को छुपा कर रखा गया था। हालांकि समय रहते सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की मंसूबे को नाकाम कर दिया। मालूम हो कि बीते दो माह से गया पुलिस और सुरक्षावालों द्वारा सर्च अभियान में नक्सलियों की बंकरों से दर्जनों प्रेशर आईडी एवं विस्फोटक सामान समेत अन्य समान बरामद किया जा चुका है। वहीं सुरक्षाबलों के जवानों द्वारा लगातार नक्सल इलाकों में सर्च अभियान चलाया रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि लगातार सर्च अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए पूरी तैयार की जा रही है।

### भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

नक्सलियों के विस्फोटक बरामदगी के दौरान डुमरिया प्रखंड के सीआरपीएफ 47 बटालियन के अधिकारियों और जिला पुलिस के अधिकारीयों मौजूद थे। इस संबंध में सुत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लंगूराही के जंगल से सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने 450 डेटोनेटर और 300 मीटर कोडेक्स तार एवं विस्फोटक समेत भारी मात्रा में अन्य सामान को बरामद किया है। बताया गया कि सुरक्षावालों की यह सफलता नक्सलियों के बने बंकर से मिली है। विस्फोटक बरामदगी के बाद भी उक्त जंगलों में सुरक्षाबलों और गया पुलिस द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान लगातार चलता रहेगा।



# सदर अस्पताल के लेबर रूम और ओटी को जल्द मिलेगा लक्ष्य का राज्यस्तरीय प्रमाण पत्र: सीएस

- सदर अस्पताल के लेबर रूम और ओटी के लक्ष्य प्रमाणीकरण के लिए राज्य स्तरीय टीम ने की जांच
- चेक लिस्ट के आधार पर किया गया प्रसूति वार्ड व ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण




**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं को बढ़ाने के लिए जिला स्वास्थ्य समिति प्रयासरत है। जिसके तहत स्वास्थ्य संस्थानों को अपग्रेड किया जा रहा है। इस क्रम में लक्ष्य व एन्क्वास प्रमाणीकरण के लिए स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा आवेदन किया जा रहा है। ताकि, अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों को लक्ष्य व एन्क्वास प्रमाणीकरण प्राप्त हो सके। इस क्रम में शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पातल के ऑपरेशन थियेटर और लेबर रूम का लक्ष्य प्रमाणीकरण के लिए राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दो दिवसीय आंतरिक जांच पूरी हुई। गुरुवार से शुरू हुए आंतरिक जांच के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से दो सदस्यीय टीम भेजा गया था। जिसमें एम्स पटना की नर्सिंग ट्यूटर के अनुपमा देवी तथा पिरामल फाउंडेशन के डॉ. महेंद्र बाहेरा शामिल थे। जिन्होंने सदर अस्पातल के प्रसूति वार्ड व ऑपरेशन थियेटर में इंफेक्शन कंट्रोल, मरीजों के रखरखाव, संसाधन, डाटा एंट्री सहित अन्य बिंदुओं की गहन समीक्षा की। जिसके बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उसके पश्चात प्रमाणीकरण पर फैसला किया जाएगा।

**70 फीसदी अंक मिलने पर ही जारी होगा लक्ष्य प्रमाणीकरण :** वहीं, जिला गुणवत्तायनिक सलाहकार कुमारी रुचि ने बताया कि राज्य स्तरीय टीम ने चेक लिस्ट के आधार पर जांच की है। जिसके आधार पर टीम द्वारा अंक दिया जाएगा। एक माह के अंदर ही राज्य स्तर से लिस्ट जारी की जाएगी। जिसमें पता चलेगा कि सदर अस्पताल के लेबर रूम और ओटी को लक्ष्य प्रमाणीकरण मिला है या नहीं। उन्होंने बताया कि 70 फीसदी अंक मिलने पर लेबर रूम और ओटी को लक्ष्य प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इसके बाद

## राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण के लिए किया जाएगा आवेदन

सिविल सर्जन डॉ. अरूण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए लक्ष्य नामक योजना की शुरूआत की गई है। इसके तहत लेबर रूम और ऑपरेशन थिएटर में प्रसूताओं को आधुनिक सुविधाएं बढ़ाई गई है। लक्ष्य के तहत अस्पताल के लेबर रूम और ऑपरेशन थिएटर में आधुनिक उपकरणों की सुविधाओं के साथ प्रसव से जुड़ी नई तकनीकी का प्रयोग किया गया है। जिसकी जांच के लिए राज्यस्तरीय टीम ने निरीक्षण किया।

सिविल सर्जन ने बताया कि राज्य स्तरीय टीम अस्पताल की सुविधाओं और सेवाओं से संतुष्ट दिखी। टीम ने लेबर रूम और ओटी में पदस्थापित चिकित्सकों और नर्सों के साथ बैठक की। जिसमें उनसे कई सवाल पूछे गए। सिविल सर्जन ने बताया कि जिस प्रकार से तैयारी की गई थी, उस आधार पर रूम और ओटी को राज्य स्तरीय प्रमाणीकरण मिल जाएगा। जिसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण के लिए आवेदन किया जाएगा। जिसकी तैयारी जल्द शुरू की जाएगी।

प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी, जिसका उपयोग एफआरयू प्रबंधन द्वारा प्रसूताओं को इलाज के दौरान आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर किया जाएगा। जिला गुणवत्तायनिक सलाहकार ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आवेदन करने के पूर्व लेबर रूम और ओटी की सुविधाओं और सेवाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा। ताकि, कहीं से कोई कमी न रहे।

मौके पर सदर अस्पताल के प्रबंधक दुष्यंत कुमार सिंह, ऑपरेशन थियेटर में पदस्थापित चिकित्सक डॉ. अभिषेक, लेबर रूम इंचार्ज पिंकी, ओटी इंचार्ज रीना, क्वालिटी नर्स राधे कृष्णा, क्लिनिकल नर्स दीपिका व अन्य नर्स के अलावा पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीड अश्विनी चौबे मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### हत्या मामले में अभियुक्त को मिली आजीवन कारावास

**बक्सर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय विजेन्द्र कुमार की कोर्ट ने शुक्रवार को हत्या के एक मामले में अभियुक्त को दोषी पाते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने अभियुक्त को अर्थदंड भी लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार मामला राजपुर थाना क्षेत्र का है, जिसके अभियुक्त विमलेश कुमार राय को कोर्ट ने सजा सुनाई है। एडिशनल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर रामनाथ ठाकुर ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 5 जून 2015 को राजपुर थाना के मंगराव गांव निवासी लक्ष्मण सिंह एक बारात में गए थे, उस बारात में उत्तमपुर निवासी आरोपी विमलेश सिंह भी पहुंचा था। जहां किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ तथा विमलेश ने लक्ष्मण की गोली मार हत्या कर दी थी। उक्त मामले की प्राथमिकी मृतक के बड़े भाई रामजी सिंह ने दर्ज कराया था। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल सात गवाहों की गवाही को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को हत्या के मामले में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं छह हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। वहीं 27 आर्म्स एक्ट के तहत तीन की सज ाएवं पांच हजार रुपये जुर्माना लगा है, दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

### डीएम ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**बक्सर।** जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रखंड परिसर बक्सर स्थित ईवीएम-वीवी पैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के आलोक में वेयर हाउस के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। वेयर हाउस में लगा हुआ सीसीटीवी एवं अग्निशमन यंत्रों की कार्यकारिता की जांच की गई। वेयर हाउस में साफ-सफाई व बिजली संचालन के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया।

### बाढ़ का पानी कम होने से लोगों की बढ़ेगी समस्या

**बक्सर।** जिले में बाढ़ का प्रभाव काफी कम हो गयो है। जिसके बाद लोगों की समस्या बढ़ सकती है। अब लोगों के बीचे माहामारी की संभावना बढ़ गई है। पानी नीचे होने के बाद गंगा तटीय क्षेत्रों में बाढ़ का मालवा जमा हो गयो है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। पानी कम होने के बाद संबंधित क्षेत्रों में सड़ांधे बदबू आने लगी है। साथ ही नगर के गंगा घाटों की स्थिति भी काफी दयनीये है। गंगा घाटों की सफाई पर भी भारी भरकम नगर परिषद खर्च करतो है। लेकिन घाटों की सफाई भगवान भरोसे तथा घाटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के उपरे निर्भरे है। स्थानीय लोग प्रतिदिन स्नान के दौरान अपने स्नान को लेकर सफाई कर रहे है। वहीं नगर परिषद गंगा घाटों की सफाई के प्रति उदासीन बना हुओ है।

## इंजिनियरिंग कॉलेज में डीएम ने दो दिवसीय विज्ञान मेले का किया उद्घाटन

# विज्ञान देता है प्रयोग अवलोकन व तार्किक सोच को बढ़ावा : डीएम

- प्रदर्शनी का अवलोकन कर बढ़ाया छात्रों का हौसला



**केटी न्यूज/बक्सर**

विज्ञान सत्त ज्ञान की प्रक्रिया है। इसमें प्रयोग, अवलोकन तथा तार्किक ज्ञान के आधार पर धरती से लेकर पूरे ब्रह्मांड की सच्चाईयों का पता लगाया जाता है। उक्त बातें जिलाधकारी अंशुल अग्रवाल ने शुक्रवार को बक्सर इंजिनियरिंग कॉलेज परिसर में कही। अवसर था इंजिनियरिंग कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान मेला का। इसके पूर्व डीएम ने इस मेले का उद्घाटन किया तथा छात्रों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने बताया गया कि यह आयोजन कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन बक्सर एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है। जिसका उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं विज्ञान के क्षेत्र में उनकी सोच को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर अभियंत्रण महाविद्यालय के अलावा अन्य विद्यालयों के छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिलाधिकारी ने पॉलिटेक्निक, आईटीआई के छात्रों को भी अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु कहा। जिलाधिकारी ने सभी छात्रों को विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में चुनौतियों व संभावनाओं के बारे में अवगत कराया। इस दौरान छात्रों को कठिन मेहनत कर अपने संस्थान, बक्सर जिला व बिहार राज्य का नाम रौशन करने को प्रेरित किया। डीएम ने उम्मीद जताया कि इन छात्रों में से आने वाले समय में कई छात्र देश के महान वैज्ञानिक बनेंगे तथा उनकी खोज दुनियाभर में ख्याति अर्जित करेगी। जबकि एडीएम कुमारी अनुपम ने छात्रों को अपने जीवन में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।

**अधिकारियों ने बच्चों को दी सीख:** विज्ञान मेला के दौरान डीडीस डॉ. महेन्द्र पाल व सदर एसडीएम धीरेन्द्र कुमार मिश्र आदि ने भी अपने विचार रखे तथा कहा कि इस तरह का आयोजन छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का काम करती है। अधिकारियों ने छात्रों ने तन मन से विज्ञान की पढ़ाई करने तथा जीवन में नये नये प्रयोग की सीख दी। इस दौरान सभी ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉड्यूल की जमकर सराहना की।

जबकि इंजिनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रामनरेश राय ने बताया कि जो छात्र अभी भी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, वे भाग ले सकते हैं। छात्र-छात्राओं को राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बक्सर में दिनांक पांच अक्टूबर के पूर्वाह्न 10 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। जिला स्तरीय विज्ञान मेला में प्रथम आने वाले प्रतिभागी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित किया जाएगा। मौके पर एडीएम कुमारी अनुपम, डीन प्रो. रविन्द्र नाथ यादव विकास कुमार सिंह, संतोष प्रसाद, आकृति शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## डुमरांव में खुला पहला डिजिटल लाइब्रेरी, छात्रों को पटना-कोटा जाने से मिलेगी राहत



**डुमरांव।** डुमरांव में पहला डिजिटल लाइब्रेरी खुल गया है। जिससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पटना-कोटा व अन्य शहरों में जाने से मुक्ति मिलेगी। वहीं अभिभावकों की बच्चों को लेकर चिंता तो समाप्त होगी ही, खर्च के दबाव से भी मुक्ति मिलेगी। ग्लोबल रिडिंग लाइब्रेरी डीके कॉलेज स्टेशन रोड़ डुमरांव में खुला है।

लाइब्रेरी के संचालक पंकज कुमार ने बताया कि ग्लोबल रिडिंग लाइब्रेरी का उद्घाटन समाजसेवी सिंकू सिंह के द्वारा फिता काट कर किया गया। इस सिमरी पूर्वी के जिप परिषद कमलबास कुवंर मौजूद थे। उन्होंने बताया ग्लोबल रिडिंग लाइब्रेरी के अंदर 200 छात्रों कि बैठ कर पढ़ाई करने की सुविधा है। लाइब्रेरी में हाई स्पीड़ वाईफाई, आरो युक्त मिनिरल वाटर, सीसीटीवी कैमरे, सर्वोत्तम पार्किंग, आरामदायक सीटें अलग-अलग डेस्क और लॉकर। छात्रों के लिए कैंटिन कक्ष के अलावे सभी समाचार पत्र उपल्बध रहेंगे। लाइब्रेरी के उद्घाटन के बाद सिंकू सिंह ने कहा कि यह सराहनीय कदम है। बच्चों के अत्याधुनिक शिक्षा का माहौल मिल रहा है। लाइब्रेरी खुलने से डुमरांव के छात्रों की पढ़ाई की गति मिलेगी। जबकि प्रतियोगी छात्रों ने भी इस लाइब्रेरी खोले जाने की जमकर सराहना की और कहा कि अब उन्हें प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। छात्रों ने कहा कि इस लाइब्रेरी में मुफ्त इंटरनेट के साथ ही बैठने व पेयजल की उत्तम व्यवस्था से छात्रों को बड़ा लाभ मिलेगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से डुमरांव के युवक की मौत, पसरा मातम

- देरशाम के बाद युवक की हुई पहचान

**केटी न्यूज/बक्सर**

दानापुर डीडीयू रेलखंड पर बरुना-डुमरांव स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर गुरुवार की शाम किसी ट्रेन की चपेट में आने से एक 22 वर्षीय युवक की कटकर मौत हो गई। इसकी जानकारी स्टेशन मास्टर को दी गई। जहां स्टेशन मास्टर द्वारा जीआरपी बक्सर को मेमो दिए जाने के बाद जीआरपी पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना हो गई।

जानकारी के अनुसार कुशलपुर-हरनाहा हाल्ट के समीप डाउन लाइन पर किसी युवक की कटने की सूचना मिली इस घटना की सूचना मिलते ही बक्सर से जीआरपी घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में ले पहचान कराने में जुट गई। देर शाम प्रयास के बाद युवक की पहचान हुई। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। डुमरांव थाना के नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 27, टेढ़ी बाजार निवासी उमर खान का 22 वर्षीय पुत्र भोलू खान है। अब यह कैसे घटना हुई? ये पता नहीं चल पाया।

इधर, घटना की जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया वह पांच भाइयों में चौथा भाई था। रेल थानाध्यक्ष बिजेंद्र कुमार ने बताया कि बरुणा-डुमराव स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर युवक के किसी ट्रेन के चपेट में आने से मौत होने की सूचना पर पुलिस को भेजा गया है। जहां पहले युवक की पहचान कराई गई। शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## प्रेम प्रसंग में युवती ने भाग कर की शादी

**नावानगर।** बासुदेवा थाना क्षेत्र के एक गांव से 23 दिन पूर्व हुई युवती के कथित अपहरण का मामला प्रेम-प्रसंग निकला है। अपहृत युवती ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराई है। बासुदेवा थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी ने बताया कि अपहृत युवती के अनुसार दोनों ने शादी कर ली है। बता दें कि बीते माह 11 सितम्बर को युवती की मां ने अपने ही गांव के युवक व उसके माता पिता पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए बासुदेवा थाना में नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में पीड़िता की मां ने बताई है कि उनकी बेटी घर से चौगाई बैंक से पैसा निकासी करने गई थी। जो देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी थी। बाद में परिजनों को मालूम हुआ कि गांव के ही एक युवक ने शादी की नियत से उनकी पुत्री का अपहरण कर लिया है। जिसमें युवक के परिजन भी साथ देने का आरोप युवती के मां ने लगाया था।

## नहीं होगा सिमरी प्रमुख का चुनाव, हाई कोर्ट ने लगाई रोक

**केटी न्यूज/सिमरी**



पटना हाई कोर्ट ने सात अक्टूबर को होने वाले सिमरी प्रखंड के नये प्रमुख के चुनाव पर रोक लगा दी है। हाई कोर्ट का आदेश आते ही फिलहाल प्रमुख का चुनाव रोक दिया गया है। हाई कोर्ट ने निर्देश दिया है कि सुनवाई समाप्त होने के बाद प्रमुख व उपप्रमुख पद चुनाव होगा।

गौरतलब हो कि पूर्व में राज्य निर्वाचन आयोग के विशेष पदाधिकारी ने डीएम को पत्र भेज सिमरी प्रखंड प्रमुख व उपप्रमुख का चुनाव कराने का निर्देश दिया था। सात अगस्त को नये प्रमुख व उप प्रमुख के चुनाव की तिथि निर्धारित की गई थी। लेकिन, इसके पहले ही प्रमुख प्रियंका पाठक की रिट याचिका की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने इस पर रोक लगा दिया है। प्रमुख प्रियंका ने याचिका दायर की थी। जिसमें मुख्य सचिव बिहार सरकार, प्रधान सचिव, पंचायत राज विभाग, निदेशक, पंचायत राज विभाग, डीएम बक्सर सहित कुल 37 लोगों के प्रतिवादी बनाया गया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आदेश दिया है कि प्रतिवादी सह बीडीसी चंदन कुमार, प्रमोद मिश्र, विजय बिंद, संतोष यादव, निर्मल कुमार यादव की पत्नी संगीता कुमारी, पुष्पा देवी व मोती झरिया देवी को नोटिस जारी करें। इससे संबंधित जवाब एक पक्ष के अंदर कोर्ट ने मांग की है।

## राज्य सहकारिता मंत्री ने वीसी के माध्यम से किया उद्घाटन, मात्र 30 रुपये में मिलेगी बोटिंग की सुविधा

# अब कवलदह तालाब में ले सकेंगे नौका विहार का आनंद

- मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने वीसी के माध्यम से कवलदह पॉर्क में हुए विकास कार्यों का किया उद्घाटन



**केटी न्यूज/बक्सर**

शहरवासी अब कवलदह पॉर्क स्थित पोखरा में नौका विहार का आनंद ले सकेंगे, इसके लिए उन्हें मात्र 30 रुपये का शुल्क चुकाना पड़ेगा। शुक्रवार को बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने वीसी के माध्यम से कवलदह पॉर्क में हुए विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

इस मौके पर उप वन संरक्षक भोजपुर वन प्रमंडल नुपूर सैनी, रेंजर सुरेश कुमार ने संयुक्त रुप से कृषि वानिकी योजना में शामिल किसानों को प्रोत्साहन राशि के रूप में डमी चेक देकर सम्मानित किया। वन विभाग के द्वारा कृषि वानिकी योजना 2020-21 में सम्मिलित 81 किसानों को 837340 रुपये उनके अकाउंट में आरटीजीएस के माध्यम से दिया गया। रेंजर सुरेश कुमार ने बताया कृषि वानिकी योजना के तहत किसानों को एक पौधा लगाने पर वन विभाग की ओर से 70 रुपये अनुदान दिया जाता है।

**सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक होगी बोटिंग :** नौका विहार के आनंद लेने के लिए शहरवासियों को पॉर्क में एंट्री फीस के नाम पर दस रुपये देकर उसका आनंद सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक ले सकते हैं। नौका बिहार का आनंद लेने के लिए आधा घंटा का तीस रुपये देने होगा। इसका उद्घाटन होने से शहरवासियों खासकर युवाओं में खुशी व्याप्त है। बता दें कि कवलदह पॉर्क तथा तालाब के सौंदर्यीकरण के बाद शहरवासी टकटकी लगाए थे कि कब नौका विहार चालू होगा। इस मौके पर वनपाल सारिका कुमारी, संजय कुमार, वनरक्षी नीतीश कुमार, अमिताभ कुमार समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### कर्मचारियों को फसल सहायता अंतर्गत सीसीई एग्री एप्प पर दिया गया प्रशिक्षण



**बक्सर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन के सभागार में शुक्रवार को बिहार राज्य फसल सहायता हेतु प्रखंड स्तरीय कृषि आवर्ती चर्चा सह एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड संख्यानकि पदाधिकारी सह प्रशिक्षण कर्मी विकास कुमार पांडेय ने की। जहा इस प्रशिक्षण में भाग लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार व राजस्व कर्मचारियों को फसल सहायता अंतर्गत सीसीई एग्री एप्प पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कर्मी विकास पाण्डे ने पंचायत स्तरीय फसल कटनी प्रयोग व उत्पादन दर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह कार्य राज्य सरकार के खाद्यान के आयात-निर्यात से जुड़ा है। इस दौरान राजस्व करमारियों को ई स्टेटिक्स पोर्टल पर सामान्य जींसवार भूमि उपयोगी के वर्णित, शुद्ध सिंचित विवरणी के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बीएओ शशि रंजन यादव, सीआई राजीव रंजन प्रसाद, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, राजस्व कर्मचारी एवं कृषि कर्मी आदि शामिल थे।

### राम वनगमन के दृश्य देख रो पड़े श्रद्धालु, केवट ने पैर धो नौका में चढ़ाया



**बक्सर।** श्री रामलीला समिति बक्सर के तत्वावधान में नगर के रामलीला मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के क्रम में दसवें दिन शुक्रवार को वृंदावन की श्रीराधा माधव रासलीला एवं रामलीला मंडल के स्वामी सुरेश उपाध्याय व्यासजी के सफल निर्देशन में देर रात्रि मंचित रामलीला में राम वन गमन व केवट प्रसंग लीला का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि मंत्री सुमंत रथ पर श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता को बैठाकर वन में छोड़ने जाते हैं। मंचन के दौरान दिखाया गया कि सायं पांच बजे भगवान का रथ रामलीला मैदान से प्रस्थान करता है, जो नगर भ्रमण करते हुए स्टेशन रोड स्थित कमलदह सरोवर पहुंचती है, और वहां कुछ प्रसंग मंचन के बाद पुनः वहां से लौटकर रामलीला मंच पहुंचती है, जहां पूरे प्रसंग का मंचन होता है। आगे दिखाया गया कि श्रीराम, लक्ष्मण और सीता जब मंत्री सुमंत के साथ वन में पहुंचते है तो वहां उनकी भेंट निषाद राज से होती है। निषाद राज प्रभु की भांति-भांति से सेवा करते हैं। प्रभु श्रीराम निषादराज से बरगद का दूध मंगाते हैं और उसी से अपने बालों की जटा बनाते हैं। यह देखकर मंत्री सुमंत का हृदय दुखित हो जाता है और वह प्रभु से वन में न जाने के लिए विनती करते हैं। श्रीराम मंत्री को दुखित देख धीरज बंधाते हैं और सीताजी को वन जाने से मना करते हैं, लेकिन सीता लौटने से इन्कार कर देती है। तब प्रभु श्रीराम सुमंत को वहां से वापस कर देते हैं और केवट से नदी पार करने के लिए नाव मांगते हैं। तभी केवट और राम के बीच संवाद होता है, केवट कहता है भगवान मैं आपके मरम को जानता हूं, आपके चरण की धूल का स्पर्श होते ही जब पत्थर भी नारी बन गई, यह तो मेरी नैया लकड़ी की है जबतक आपका पैर नहीं धोऊंगा मैं नाव को आगे नहीं ले आऊंगा। तब भगवान की स्वीकृति पर केवट श्रीराम के चरणों को पकड़ता है और उनके चरणों को धोकर नदी पार कराता है।

### राजपुर प्रखंड प्रमुख पति गिरफ्तार, भेजा जेल

**राजपुर।** प्रखंड के खाद्य आपूर्ति कार्यालय में घुसकर प्रखंड प्रमुख पति गुड्डू सिंह को हंगामा करना महंगा पड़ गया। इनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के बाद गहन जांच के बाद पुलिस ने शुक्रवार के दिन छापेमारी कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिनकी गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। विदित हो की पिछले 7 सितंबर को प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी धर्मवीर भारती अपने कार्यालय में बैठकर कार्य कर रहे थे। तभी प्रमुख पति कार्यालय में पहुंचकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल किया था। जिसको लेकर इन्होंने विभिन्न धाराओं के तहत उनके खिलाफ राजपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिस मामले में जांच के बाद इन्हें गिरफ्तार किया गया है। एमओ ने आरोप लगाया था कि जब यह कार्यों का निष्पादन कर रहे थे। तभी प्रमुख पति गुड्डू सिंह बगैर अनुमति के उनके कार्यालय में पहुंचकर अपने आप को जनप्रतिनिधि का धौंस दिखाते हुए उनके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर जान से मारने की भी धमकी दी थी। जिसका इन्होंने विरोध किया इसी बात को लेकर काफी हंगामा हो गया था। जहां कुछ देर के लिए कार्यालय परिसर में अफरा तफरी का माहौल हो गया था। अन्य कर्मी भी अपना कार्य छोड़ कार्यालय के पास पहुंच गए थे। कुछ अन्य जनप्रतिनिधि भी पहुंच गए। जिनके बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ था। इसके बाद थाने पहुंचे एमओ ने इसकी सूचना जिले के वरीय पदाधिकारी को देते हुए लिखित आवेदन देकर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इससे पहले भी एक जनप्रतिनिधि को जेल भेजा गया था। तब तक यह दूसरी घटना ने अन्य जनप्रतिनिधियों के बीच काफी चचाओं का बाजार गर्म कर दिया है। थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि इन पर एससी-एसटी एक्ट सहित कई सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिस मामले में इन्हे जेल भेजा जा रहा है।



# भारतीय जनता पार्टी के भीष्म पितामह थे स्व. कैलाशपति मिश्र: नित्यानंद राय

- छोटका ढकाईच में मनाई गई भाजपा नेता सह पूर्व राज्यपाल स्व. कैलाशपति मिश्र की 101वीं जयंती
- केन्द्रीय मंत्री के अलावे शामिल हुए भाजपा के कई कद्दावर नेता व मंत्री



**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्व. कैलाशपति मिश्र पार्टी के संस्थापक तथा जनसंघ को मजबूती देने वाले थे। उनके योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता है। वे भाजपा के भीष्म पितामह थे। उक्त बातें केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने शुक्रवार को छोटका ढकाईच में कही। अवसर था पार्टी कार्यकताओं द्वारा भाजपा के स्तंभ रहे तथा पूर्व राज्यपाल स्व. कैलाश पति मिश्र की 101वीं जयंती की। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि स्व. मिश्र आजीवन सादा जीवन व्यतीत करते थे तथा हमेशा समाज के कमजोर व गरीब वर्ग की चिंता करते थे। उनका पूरा जीवन गरीबों की सेवा में ही बीता। उन्होंने कहा कि स्व. मिश्र ने जो आदर्श स्थापित किए है, उनके पदचिन्हों पर चल भाजपा कार्यकर्ता समाज व देश के नायक बन सकते है।

इस मौके पर बिहार भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड श्रम संसाधन विभाग बिहार पटना से निर्गत चेक कई लाभार्थियों को केंद्रीय मंत्री तथा बिहार सरकार के राजस्व मंत्री द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। चेक पा लाभार्थी काफी खुश नजर आ रहे थे।

इसके पूर्व स्थानीय भाजपा कार्यकताओं ने केन्द्रीय मंत्री तथा बिहार सरकार के मंत्रियों के अलावे अन्य आगत अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. कैलाशपति मिश्र के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। मौके पर उनकी पुत्रवधु सह ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी दिलमणी देवी ने आगत अतिथियों का स्वागत किया।

## ब्रह्मपुर का होगा सर्वांगीण विकास: दिलीप जायसवाल

वही, जयंती समारोह में बोलते हुए बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि स्व. मिश्र का संगठन के प्रति जो योगदान रहा है, उसे भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि वे भाजपा के सच्चे सिपाही थे तथा आजीवन सिद्धांतों से समझौता नहीं किए। वही मंत्री ने कहा कि ब्रह्मपुर का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर, शिव गंगा सरोवर तथा पशु मेला को और विकसित किया जाएगा। वहीं भाजपा के प्रदेश महामंत्री तथा बक्सर के सांसद प्रत्याशी रहे मिथिलेश तिवारी ने कहा कि मैं बक्सर का सांसद नहीं हूं, उसके बाद भी केंद्र सरकार के मदद से बक्सर के विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि वे सड़क के सांसद की अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन कर रहे है।

कार्यक्रम का संचालन कन्हैया दूबे ने किया। मौके पर श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह, भाजपा पंचायती राज मंच के प्रदेश संयोजक ओम प्रकाश भुवन, पूर्व जिलाध्यक्ष राजवंश सिंह, राणा प्रताप सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष शीला त्रिवेदी, पिंकी पाठक, रानी चौबे, पुष्पांजली देवी, दुर्गावती चतुर्वेदी, युवा मोर्चा के प्रांतीय नेता दीपक कुमार यादव, अशोक तिवारी, राजाराम पांडेय, विनोद राय, राहुल दूबे, मल्लिकार्जुन राय समेत भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नोनियापुरा बवाल के बाद इलाके में बढ़ी पुलिस की सक्रियता, छापेमारी जारी



**डुमरांव।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नोनियापुरा व ढेंका तथा छतनवार गांवों के बीच हुई मारपीट की घटना के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है। शुक्रवार को भी पुलिस ने संबंधित गांवों में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया। वही शुक्रवार को नोनियापुरा के एक ई-रिक्शा चालक की ढेंका में पिटाई की बात भी सामने आई। हालांकि, इस मामले में पीड़ित ने एफआईआर दर्ज नहीं कराया है। लेकिन, इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस सतर्क हो गई, बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है। स्थानीय पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है। वही, दूसरी तरफ अभी भी नोनियापुरा व ढेंका तथा छतनवार के बीच विवाद गहराया हुआ है। यह विवाद कभी भी हिंसक रूख अख्तियार कर सकता है। सूत्रों का कहना है कि दोनों पक्ष अंदरखाने एक दूसरे को सबक सिखाने की तैयारी कर रहे है। लेकिन, पुलिस की मौजूदगी से फिलहाल टकराव की नौबत नहीं आई है। जबकि घटना के तीसरे दिन भी ढेंका मोड़ स्थित पेट्रोल पंप पर किए गए तोड़फोड़ के निशान मौजूद है, जो इस बात की तस्दीक कर रहे है कि घटना कितना विभत्स थी।

## चोरों ने मचाया तांडव: सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरों की हरकत

# राजगोला के दुकानों में सेंधमारी कर हजारों रुपए नगद की चोरी, मचा हड़कंप

- फुटेज के आधार पर चोरों की शिनाख्त व धर पकड़ में जुटी पुलिस
- पिछले कुछ वर्षों में कई बार हो चुकी है चोरी की वारदार, लचर सुरक्षा व्यवस्था से आक्रोशित है व्यवसायी





**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के घनी आबादी के बीच स्थित तथा अनुमंडल की मुख्य मंडी में शुमार राजगोला मंडी में एक साथ छह दुकानों में सेंधमारी कर चोरों ने अपनी मजबूत दस्तक दी है। इस दौरान चोरों ने दुकानों के कैश बाक्स में रखे हजारों रूपए नगदी चुरा लिए है। हालांकि, उनकी हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की शिनाख्त तथा उनकी धरपकड़ की कवायद में जुट गई है। इस संबंध में पीड़ित दुकानदारों ने डुमरांव थाने में लिखित आवेदन दिया हैं।

जानकारी के अनुसार गुरूवार की देर रात्रि करीब आधा दर्जन चोर राजगोला का दीवाल फांद अंदर प्रवेश किए तथा अनाज व्यवसायी नथुनी प्रसाद जायसवाल, गोपी चौरसिया, बरमेश्वर साह, बैजनाथ चौरसिया के अलावे किराना व्यवसायी मो. दयान व मो. हनान के दुकानों में लगे ताले को तोड़ अंदर घुसे तथा दुकान में रखे गये पैसों के गल्ले को बाहर निकाल उसमें से नगदी रुपये लेकर फरार हो गये। राजगोला के कई दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे में उनकी हरकत कैद हो गई है।

शुक्रवार की सुबह जब दुकानदार अपने दुकान पर गए तो टूटा ताला व कुंडी देख उन्हें चोरी की बात समझ में आई। इसके बाद दुकानदारों के बीच हड़कंप मंच गया। देखते ही देखते दर्जनों दुकानदार मौके पर पहुंचे तथा अपने अपने दुकानों की तलाशी ले इस बात की तस्दीक कर रहे थे कि कही चोरों ने उनकी दुकान को भी निशाना तो नहीं बनाया है। जबकि पीड़ित दुकानदारों ने डायल 112 पर इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी। दुकानदारों का कहना हैं कि त्योहारी सीजन को लेकर दुकानदारी तेज हो गई है। जिस कारण चोरों की नजर लगी है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले दो-तीन वर्षों में राजगोला में दर्जनों बार चोरी हो चुकी है। लेकिन, पुलिस किसी मामले का उद्भेदन नहीं कर सकी है। जिस कारण चोर उचक्कों का मनोबल बढ़ा हुआ है। दुकानदारों ने कहा कि राजगोला शहर के बीच स्थित है, बावजूद चोर अक्सर यहां चोरी की घटना को अंजाम देते है। दुकानदारों ने लचर सुरक्षा व्यवस्था पर गहरी नाराजगी भी जताई। बताते चले कि गोला रोड स्थित दुकानें चोरों के लिए आसान टारगेट होते हैं। इसके पूर्व भी गोला रोड की दुकानों का ताला तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है।

“ दुकानदारों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। – **शंभू कुमार भगत, थानाध्यक्ष, डुमरांव**

## कजरिया स्थित फ्लॉर मिल से हजारों की चोरी

**केटी न्यूज/राजपुर**

स्थानीय थाना क्षेत्र के नागपुर पंचायत के कजरिया गांव स्थित दिग्विजय फ्लॉर मिल से चोरों ने हजारों के सामान चुरा लिए है। जानकारी के अनुसार प्रत्येक दिन की तरह गुरुवार की शाम मिल संचालक दिग्विजय पांडेय अपना मिल बंद कर घर चले गए। देर रात काफी सुनसान होने के बाद अज्ञात चोरों ने चाहरदीवारी फांदकर मिल परिसर में प्रवेश करने के बाद उसके अंदर खड़ी महिंद्रा ट्रैक्टर से बैटरी एवं अंदर के कमरे का ताला तोड़ उस कमरे में रखा गया लगभग 9 क्विंटल आटा, 18 क्विंटल गेहूं एवं झोले में बंद कीमती लोहे का औजार लेकर चोर आसानी से चले गए। शुक्रवार की सुबह जब मिल संचालक कमरों का दरवाजा टूटा हुआ देख जब अंदर प्रवेश किया तो सभी सामान गायब था। जिस बात की सूचना आग की तरह फैलते ही सैकड़ो की तादाद में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस कठोर कदम उठा रही है। इस चोरी की घटना के बाद मिल संचालक द्वारा प्राप्त आवेदन के बाद जेल से छूट कर बाहर आए चोरों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस कई बिंदु पर जांच कर रही है। शीघ्र ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

## एक नजर

### खेवली के कामगार की दुबई में मौत, परिजनों में पसरा मातम; रो-रोकर हुआ बुरा हाल



**डुमरांव।** परिवार की माली हालत सुधारने तथा बच्चों की अच्छी परवरिश की लालसा लिए तीन महीना पहले सात समंदर पार दुबई गए अनुमंडल एक कामगर की मौत हो गई है। उसकी मौत की खबर सुनते ही परिजनों में जहा कोहराम मच गया है वही गांव में मायूशी छाई है। मृतक कामगर अनुमंडल के मुरार थाना क्षेत्र के खेवली गांव निवासी भरत सिंह का 37 वर्षीय पुत्र राजकुमार यादव है। मिली जानकारी के अनुसार वह 12 जून को कोरानसराय के पिंटू पासवान तथा एक अन्य युवक के साथ एजेंट के माध्यम से दुबई गया था। परिजनों की मानें तो पिंटू ने 28 सितंबर को बताया कि उसकी तबीयत बहुत खराब हो गई है तथा उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उसके अगले दिन 29 सितंबर को कंपनी वालों ने उसके घर फोन कर जानकारी दी कि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। इस सूचना के बाद से ही घर में कोहराम मचा हुआ है। पिता भरत, माता कलावती, पत्नी माधुरी, बेटियां मीरा, रीना तथा पुत्र रितेश का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों की मानें तो धरहरा के किसी एजेंट के माध्यम से वह दुबई गया था। परिजनों को अब उसके अंतिम दर्शन की लालसा है। पिता ने रोते हुए बताया कि कंपनी वालों ने शुक्रवार की रात तक शव भेजने की बात कही है। शव आने के इंतजार में पूरा गांव टकटकी लगाए बैठा है। बता दें कि हाल के कुछ वर्षों में खाड़ी देशों की आवोहवा अनुमंडल के कामगरों को सूट नहीं कर रही है। अबतक दुबई सहित अन्य खाड़ी देशों में दर्जनों कामगरों की मौत हो चुकी है।






# नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की हुई पूजा

- पंडालों में माता रानी के प्रतिमाओं को दिया जा रहा अंतिम रूप



**केटी न्यूज/डुमरांव**

शारदीय नवरात्र अनुष्ठान के दूसरे दिन शुक्रवार को मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी की श्रद्धा व भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की गई। दुर्गा सप्तशती के मंत्रों से विभिन्न देवी स्थल, पूजा-पंडाल व आवासीय परिसर गूंजते रहे।

पूरा शहर देवी की आराधना में जुटा हुआ है। अहले सुबह से ही शुरू हो रही दुर्गा सप्तशती के पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय बन रहा है। श्रद्धालु देवी की आराधना में दिन रात जुट हुए है। संध्या में माता की भव्य आरती में श्राद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। आचार्य पं. विंध्याचल ओझा ने बताया कि माता के ब्रह्माचारिणी स्वरूप की पूजा करने से तप, त्याग, संयम, सदाचार आदि की वृद्धि होती है। जीवन के कठिन से कठिन समय में भी इंसान अपने पथ से विचलित नहीं होता है। मां ब्रह्मचारिणी इस लोक के समस्त चर और अचर जगत की विद्याओं की ज्ञाता हैं। भक्तों को यह अपनी सर्वज्ञ संपन्न विद्या देकर विजयी बनाती हैं। दूसरी ओर शहर के काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, डुमरेजनी मंदिर, भगवती मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में विशेष अनुष्ठान व पूजा अर्चना की जा रही है। इस बार सार्वजनिक स्थलों पर पूजा समितियों की ओर आयोजित नवरात्र अनुष्ठान को लेकर लोगों में उत्साह है।

**मां की प्रतिमाओं को दिया जा रहा अंतिम रूप :** शहर के विभिन्न पूजा-पंडालों पर माता रानी की प्रतिमा स्थापित होगी। जिसकी तैयारी को लेकर मां की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। शहीद गेट दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष काजू जायसवाल बताते हैं कि पंडाल पर बंगाल के प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा माता रानी की प्रतिमा के अलावे मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान गणेश सहित विभिन्न मूर्तियों को बनाया गया हैं। जिसके अंतिम रूप देने में कारीगर जुटे हैं। पंडाल के अलावे प्रतिमाओं की साज-सजावट पूरी कर सप्तमी तिथि को पट खोला जायेगा।

**देवी मंदिरों में परिवार संग माथा टेक रहे भक्त :** नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्माचारिणी की विधि-विधान के साथ आराधना की। सुबह ही विभिन्न देवी मंदिरों में मां के भक्त पहुंचने शुरू हो गये थे, यह क्रम सारा दिन जारी रहा। मां शेरावाली के जयकारे से माहौल भक्तिमय नजर आया। मंदिरों में भक्त प्रसाद व पूजन सामग्री के अलावे मां के अतिप्रिय फूल अड़हुल की खरीदारी करते नजर आये।

## राजस्व मंत्री ने ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर में टेका मत्था

**ब्रह्मपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व बिहार के भूमि राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने शुक्रवार को बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ धाम ब्रह्मपुर पहुंच पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पूजन-अर्चन किए। उनके ब्रह्मपुर पहुंचने पर सबसे पहले गंगा समग्र दक्षिण बिहार प्रांत के संयोजक शंभूनाथ पांडेय ने गंगा समग्र की पट्टा व अंग-वस्त्र से स्वागत व अभिनन्दन किया। बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के बाद वे कार्यकर्ताओं के द्वारा आयोजित मंदिर प्रांगण स्तिथ शिवगंगा सरोवर पर शम्भू नाथ पांडेय के नेतृत्व में आरती में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि आज नवरात्रि के अवसर पर बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ का दर्शन कर राज्य व देश की खुशहाली के लिए बाबा से आशीर्वाद मांगा। मेरा ब्रह्मपुर से बहुत पुराना रिश्ता है, रघुनाथपुर में रहकर पांचवी कक्षा तक पढ़ाई की है।

## फायर ब्रिगेड ने पूजा समितियों के सदस्यों के साथ बैठक कर दी फायर सेफ्टी की जानकारी

# सावधानी बरत रोकी जा सकती है अगलगी की घटनाएं : ब्रिजकुमार

- शामिल हुए बिजली कंपनी के भी अधिकारी



**केटी न्यूज/डुमरांव**

जरा सी सावधानी बरत हम अगलगी की संभावित घटनाओं को होने से रोक सकते है या फिर आग लगने पर नुकसान को कम किया जा सकता है। उक्त बातें शुक्रवार को अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी बृज कुमार चौधरी ने प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में कही। वे जिला अग्निशमन पदाधिकारी विनोद कुमार के निर्देश पर अनुमंडल के पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे। इस दौरान बिजली कंपनी के टाउन जेई मनीष कुमार ठाकुर तथा कई अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी ने बैठक में मौजूद पूजा समिति के सदस्यों को बताया कि अगलगी की अधिकतर घटनाएं लापरवाही के कारण घटित होती है। हम सावधानी बरत इसे पहले ही रोक सकते है या फिर कुछ सावधानियां व फायर सेफ्टी सिस्टम के सहारे आग लगने पर तुरंत इस पर काबू पा सकते है। उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को पंडाल में अग्निशमन यंत्र या फिर पानी, रेत समेत आग बुझाने वाले अन्य उपकरण निश्चित रूप से रखने का निर्देश दिए और कहा कि पंडालों के चारों तरफ कुछ जगह जरूर छोड़ना है। वही, उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को हवन सामग्री पंडाल से दूर रखने, धूप, दीप जलाने में भी सावधन रहने तथा बिजली के तारों को नंगा या कटा-फटा नहीं छोड़ने की नसीहत भी दी। वही, उन्होंने कई अन्य आवश्यक जानकारियां भी सदस्यों को दी। उन्होंने बताया कि अबतक अनुमंडल के 30 पंडालों में जाकर वहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही जरूरी जानकारी दी गई है। जबकि बिजली कंपनी के जेई ने कहा दशहरा मेला से पहले जर्जर व लटके तारों की मरम्मत करा दी जाएगी। उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करने को कहा। मौके पर अनुमंडल के विभिन्न जगहों के पूजा समिति के सदस्य मौजूद थे।




# रामलीला : राम जन्म, रावण तपस्या और पृथ्वी पुकार का हुआ मंचन

- 400 वर्ष पुरानी नगर रामलीला समिति की ओर से रामलीला का हुआ मंचन
- घर-घर में राम की जीवनी और उनके आदर्शों का ज्ञान फैलाने का प्रयास

केटी न्यूज/आरा

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर 13 दिवसीय रामलीला मंचन के दुसरे दिन रामलीला मैदान के मंच पर शुक्रवार को 400 वर्ष पुरानी नगर रामलीला समिति की ओर से रामलीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ विजय गुप्ता, विजय सिंह सुरेश सिंह, राम पुकार सिंह एवं संजय महासेठ के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर दुसरे दिन राम लीला समिति के कलाकारों ने राम जन्म, रावण तपस्या, मेघनाथ दिग्विजय और पृथ्वी पुकार की प्रस्तुति दी। वहीं सैकड़ो संख्या में दर्शकों ने रामलीला का आनंद उठाया। समिति के सदस्यों एवं अतिथियों के द्वारा प्रभु श्रीराम की आरती की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हकीम प्रसाद ने कहा कि प्रभु श्रीराम हमसभी के आदर्श थे। रामलीला का मुख्य उद्देश्य घर-घर पर राम की जीवनी और उनके आदर्शों का ज्ञान फैलाना है ताकि आने वाली युवा पीढ़ी प्रभु श्रीराम के आदर्श को अपने जीवन में उतार सके। वहीं उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को प्रभु श्रीराम के आदर्शों एवं उपदेशों का पालन करना चाहिए, जिससे उनके जीवन और व्यक्तित्व



में शालीनता नजर आए। उन्होंने कहा कि इस बार की रामलीला का एक विशेष योगदान यह भी है कि शहर वासी घर पर बैठकर रामलीला का जीवंत मंचन देख सकते हैं, इसके लिए एक लिंक भी शेयर किया जा रहा है। अध्यक्ष सोनू राय ने कहा की राम निर्भीक थे और उन्होंने अपने जीवन में सत्य के लिए हमेशा से ही डटकर सामना किया है, उन्होंने हर कार्य मयार्दा में रहकर किया है इसलिए उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम राम कहा जाता है। उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता ने कहा रामलीला मैदान में बैठे सभी दर्शक अपने-अपने बच्चों को राम की लीला के बारे में बताएं और उन्हें उनके जीवन में सफल होने का मंत्र दें। ताकि सनातन का झंडा सदैव ऊंचा रहे। उन्होंने बताया कि इस मंचन से भगवान श्रीराम के आदर्श को सामने लाया जा रहा है। इसमें कलाकरों की अहम भूमिका है। कलाकार पूरे तनमय के साथ इसके मंचन के लिए जुटे हुए है। इसमें स्थानीय लोगों का सहयोग लगातार मिल रहा है। जो सराहनीय है। मंच संचालन अधिवक्ता दिलीप गुप्ता ने किया। वहीं अध्यक्ष सोनू राय ने आए हुए अतिथियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर अध्यक्ष सोनू राय, उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, सचिव शंभू नाथ प्रसाद, संरक्षक मंडल में श्रीश्री 1008 रामकिंकर दास, हकीम प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, मदन प्रसाद, शंभू नाथ केसरी, पंकज प्रभाकर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### छपरा शहर में ई-रिक्शा एवं ऑटो के परिचालन हेतु रूट निर्धारण के लिए बैठक



**छपरा।** छपरा शहर में सुगम यातायात व्यवस्था के उद्देश्य से ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा के रूट निर्धारण हेतु प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रमंडलीय आयुक्त गोपाल मीणा की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई। जिलाधिकारी सारण अमन समीर ने बताया कि शहर में ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा के परिचालन के लिये अलग अलग रुट चिन्हित किया गया है। साथ ही ऑटो पड़ाव के लिए संभावित स्थल के रूप में गांधी चौक, दरोगा राय चौक, सरकारी बस स्टैंड, मेथवलिया चौक एवं नेवाजी टोला को चिन्हित किया गया है।आयुक्त ने सभी चिन्हित रुट पर ट्रैफिक लोड का सर्वे/आकलन कर आवश्यक्तानुसार ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा के परिचालन की अनुमति देने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तौर पर विभिन्न रुट में ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा के परिचालन की अनुमति दी जा सकती है। इसके उपरांत आम लोगों एवं अन्य स्टेक होल्डर्स से फीडबैक/सुझाव प्राप्त कर इसे अंतिम रूप दिया जा सकता है। कुछ प्रतिशत ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा को रिजर्व में किसी भी रुट में जाने की छूट का प्रावधान भी किया जाना चाहिये।सभी ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा का नियमानुसार निबंधन अनिवार्य है, इसे सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके लिये दुर्गा पूजा के बाद अभियान चला कर कार्रवाई का निदेश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी अमन समीर, उपविकास आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल, प्रभारी जिला परिवहन पदाधिकारी कमर आलम, पुलिस उपाधीक्षक यातायात बसंती टुड्डू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### इलाज के दौरान अज्ञात युवती की हुई मौत



**जहानाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुलासगंज में इलाज के दौरान एक अज्ञात युवती की मौत हो गई। घटना की जानकारी प्रशासन को पेट्रोलिंग गाड़ी 112 नंबर के माध्यम से मिली, जब बंसी बीघा फल्गु पुल के पास सामुदायिक भवन में एक महिला रोते हुए उल्टी करती नजर आई। सूचना मिलते ही हुलासगंज पुलिस मौके पर पहुंची और अर्ध-बेहोशी की हालत में युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस द्वारा अर्ध-बेहोशी की अवस्था में एक महिला को अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन कुछ सुधार दिखने पर स्थानीय इलाज जारी रखा गया। युवती का होश आने के बाद शौच भी गई युवती ने अपना नाम ममता कुमारी बताया और कहा कि वह गया जिले चंदौती की रहने वाली है और दिल्ली से आ रही थी। हालांकि, उसने लगातार अपना बयान बदलते हुए किसी स्पष्ट जानकारी नही दी ।थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि युवती को सामुदायिक भवन के पास अर्ध-बेहोशी की हालत में पाया गया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि भाभी के बहन के पति के साथ दिल्ली से लौटते समय उसके भाभी के बहन के पति और कुछ अन्य लोगों ने उसे नशे की दो गोलियां जबरदस्ती खिला दी थीं। फिर उसे पुल के पास छोड़ दिया गया था। युवती ने अपना पूरा पता नहीं बताया, और प्रशासन ने पोस्टमार्टम के लिए शव को जहानाबाद भेज दिया है।

### आईजी जयप्रकाश सिंह ने छात्र-छात्राओं को दिया सफलता का टिप्स

**छपरा।** विवेकानंद इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शिमला के आईजी आईपीएस अधिकारी जय प्रकाश सिंह ने छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया। इससे पहले संस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रखंड प्रमुख विपिन कुमार सिंह ने स्वागत अंगवस्त्र और बुके देकर किया। आईजी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें अपने कर्म और लक्ष्य के प्रति दृढसंकल्पित रहना अति आवश्यक है। विद्यार्थियों में परीक्षा का दबाव कम करने तथा बेहतरीन योग्यता प्राप्त करने के उद्देश्य से सभी छात्र-छात्राओं को अभिप्रेरित और मार्गदर्शित करते हुए कहा कि अध्ययन के प्रति रोचकता और जूनून का होना चाहिए।उन्होंने यह भी बताया कि हमारी रूचि अधिकांशतः नकारात्मक तथ्य में ही होती है, परन्तु इसके विपरीत हमें वही रूचि उन तथ्य में लानी होंगी जिसपर हमारा उज्जवल भविष्य टीका हुआ है। उन्होंने 10वी बोर्ड, 12वी तथा आईआईटी जी नीट आदि की सफलतम तैयारी कैसे करें, इस तथ्य पर भी बच्चो के साथ चर्चा की तथा परीक्षा के दौरान होने वाले समस्या समाधान हेतु भी विचार-विमर्श किया।उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस संस्थान के बच्चों का प्रयास काबिले तारीफ है। विद्यालय के बच्चो ने भी आईजी के महत्वपूर्ण तथ्यो का अवलोकन करते हुए अपने विचारों को उनके समक्ष रखा। उनके प्रेरणादायी बातों ने सभी विद्यार्थियों को आकर्षित कर उनमे एक नया जूनून पैदा कर दिया।

### दहेज के लिए पत्नी की हत्या मामले में पति को 10 साल कठोर कारावास की सजा

**जहानाबाद।** हत्या के मामले में दोषी करार पति शफी आलम के सजा के बिंदु पर शुक्रवार को सुनवाई पुरा करने के उपरांत एडीजे आठ कुमार कौशल किशोर की अदालत ने दस साल कठोर कारावास भुगतने का फैसला सुनाया उपरोक्त आशय की जानकारी अपर लोक अभियोजक अशोक कुमार ने दी है उन्होंने बताया कि इस मामले में नगर थाना क्षेत्र विशुनगंज मोहल्ला निवासी सुखारी मियां ने शफी आलम को नामजद कर मुकदमा दर्ज कराया था सूचक ने आरोप लगाया था सिमरन परवीन की शादी 5 /8/ 2021 को किया था। पति समेत ससुराल वाले मारपीट कर दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। 17 /12/ 21 को ससुराल वालों ने बताया कि आपकी लड़की ने फांसी लगा लिया है सूचना पर अपने बेटी के ससुराल पहुंचे तो देखें की उसकी गर्दन पर जख्म का निशान था ससुराल के लोगों ने दहेज के लिए मेरी बेटी का गला घोटकर हत्या कर दिया है अभियोजन की तरफ से 6 गवाह न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए थे जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह प्रस्तुत किया गया था

### पूजा समितियों को बनवाना होगा लाइसेंस

**छपरा।** दुगार्पूजा की शुरुआत के साथ ही विधि व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से सोनपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें थानाध्यक्ष राजनंदन ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि दुगार्पूजा के दौरान पुलिस गश्ती की विशेष व्यवस्था रहेगी। विभिन्न पंडालों में पुलिस की तैनाती की जाएगी। शांति भंग करने वालों तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में खलल पहुंचाने वालों की खैर नहीं होगी। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों को यह भी जानकारी दी गई कि किसी भी हालत में डीजे का प्रयोग न करें। साथ ही लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही हरके पूजा पंडालों को निर्देश दिया गया है कि अपने आसपास बाइक लगाने के लिए अस्थायी स्टैंड बनाया जाए। ताकि भीड़ की समस्या से निदान मिल सके। उन्होंने बताया कि सभी पंडाल के अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि हरके सदस्यों का आई कार्ड बनवाया जाए।

## खबरें फटाफट

### सूर्यपुरा में पुलिस प्रशासन का हुआ फ्लैग मार्च

**सूर्यपूरा।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर विभिन्न पंडालों एवं पूजा समितियां तथा आम जनों के बीच शांति के माहौल का संदेश देने के उद्देश्य से प्रखंड के विभिन्न जगहों से निकाला गया फ्लैग मार्च। यह फ्लैग मार्च लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी त्रिलोकी कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सूर्यपुरा, अंचल अधिकारी गोल्डी कुमारी, थाना अध्यक्ष प्रिया कुमारी के नेतृत्व में निकाल गया जहां से आई विमलेश कुमार ,एस आईस बसंत कुमार,एस आई रोहित कुमार ,एस आई दीप प्रकाश ,एस आई अजय कुमार सिंह शामिल रहे। फ्लैग मार्च के उद्देश्य के बारे में पदाधिकारी के हवाले से बतलाया कि यह पर्व 9 दिनों तक चलने वाला है जिसमें अपार भीड़ रहती है ।इसलिए पर्व में किसी तरह का कोई व्यवधान न खड़ा हो ।इसलिए यह जरूरी है कि पुलिस प्रशासन अपने सेवा में तत्पर रहे ।वहीं उन्होंने आमजनों से कहा कि अशांति फैलाने वाले लोगों की कोई खैर नहीं। फ्लैग मार्च में पुलिस एवं प्रशासन कर्मियों के अलावे सभी पदाधिकारी दंडाधिकारी के रूप में शामिल हुए और दुर्गा पूजा के माहौल को शांतिपूर्वक संपन्न कराने का लोगों के बीच संदेश दिए।

### 102 एंबुलेंस कर्मियों ने सिविल सर्जन का किया घेराव

**छपरा।** बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आह्वान पर 102 एंबुलेंस कर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के तीसरे दिन सदर अस्पताल से एक प्रदर्शन जुलूस निकाला, जो कि अस्पताल के बाहर कुछ कदम तक नारेबाजी करने के बाद पुनः अस्पताल परिसर में गया ।जहां उन लोगों के द्वारा सिविल सर्जन का घेराव किया गया,हालांकि सिविल सर्जन डॉ० सागर दुलाल सिन्हा के द्वारा सार्थक पहल किए जाने से एंबुलेंस कर्मी खुश नजर आए। इस मौके पर एंबुलेंस महासंघ के प्रदेश संयोजक मोबस्सीर हुसैन ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति के सचिव सिविल सर्जन के द्वारा उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया है, जिससे वह काफी संतुष्ट है। अब डीएम का घेराव किया जाएगा।

## कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के घाघर गांव स्थित बिंद टोली के समीप हुई घटना

# दो बाइक की सीधी भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा जख्मी

- जख्मी युवक कर सदर अस्पताल में कराया जा रहा है इलाज
- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम
- मृतक किशोर सिन्हा दसवीं का छात्र है

केटी न्यूज/आरा



भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के घाघर गांव स्थित बिंद टोली के समीप गुरुवार के शाम दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार एक दोस्त की मौत हो गई। जबकि दूसरा जख्मी हो गया। इसके बाद जख्मी युवक का इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। उधर घटना की सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृत किशोर सिन्हा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी अनिल यादव का 16 वर्षीय पुत्र सूरज यादव है एवं वह 10वीं कक्षा का छात्र था। जबकि जख्मी उसी गांव के निवासी लालदास यादव का 18 वर्षीय पुत्र व मृत किशोर का दोस्त करण यादव है। इधर करण यादव ने बताया कि सूरज यादव खेत में खाद छिटने के लिए उसे अपने साथ बाइक से लेकर सरैया बाजार आया था। खाद लेकर जब वह दोनों वापस घर लौट रहा थे। उसी दौरान घाघर गांव स्थित बिंद टोली के समीप विपरीत दिशा से आ रहे हैं दूसरे बाइक सवार ने उनके बाइक में सामने से टक्कर मार दी। युवक सड़क किनारे गिर पड़ा। उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई। जिससे उसके दोस्त सूरज यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि वह जख्मी हो गया। इसके बाद उसने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी।

इस घटना को देख कर स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया है। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और अपनी संतुष्टि को लेकर उसे सरैया बाजार स्थित निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। बताया जाता है कि मृत किशोर अपने चार भाई व तीन बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां माधुरी देवी,तीन भाई धनंजय कुमार, सूरज कुमार, मंजी कुमार व तीन बहन मंजू देवी,राजमुनि देवी एवं प्रतिमा कुमारी है। घटना के बाद मृत किशोर के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृत किशोर की मां माधुरी देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं स्थानीय लोगों ने कहा कि युवक ने यदि हेलमेट पहना होता। तो उसकी जान बच गई होती। उसके सिर पर गंभीर चोट आई थी। जिस कारण उसकी जान चली गई।

## गांजा तस्कर पूर्व मुखिया समेत चार गिरफ्तार



**आरा।** भोजपुर पुलिस लगातार मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में नवादा थाना क्षेत्र अंतर्गत 161 किलोग्राम गांजा के साथ 4 गांजा तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक पूर्व मुखिया को अरेस्ट किया है। जिसकी जानकारी भोजपुर पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी है। मिस्टर राज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि नवादा थानाध्यक्ष को एक गुप्त सूचना मिली। एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में मादक पदार्थ (गांजा) आरा आ रही है। जो चंदवा के रास्ते फोरलेन की तरफ जाने वाली है। इसके साथ ही पुलिस को यह भी सूचना मिली थी कि पिकअप वाहन के आगे-आगे लाइनर के रूप में स्कॉर्पियो वाहन चल रहा है। एसपी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सत्यापन किया। आवश्यक कार्रवाई के लिए दंडाधिकारी के साथ दोनों वाहन के आने का इंतजार किया। इसके बाद दोनों वाहन को दोपहर में करीब 2 बजे बाजार समिति होते हुए पश्चिमी रेलवे ओवर ब्रिज के रास्ते चंदवा की ओर पुल से करीब 200 मीटर आगे घेराबंदी कर रोका गया। पिकअप वाहन की तलाशी के दौरान पिकअप वाहन के डल्ला के नीचे तहखाना बना हुआ पाया गया। इसमें 153 पैकेट यानी कुल 161 किलोग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ पाया गया। जिसकी मार्केट रेट करीब 15 लाख रुपए की बताई जा रही है। गिरफ्तार किए गए तस्करों में जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनियांव गांव के निवासी विश्वनाथ सिंह का बेटा हरेराम यादव, लालबाबू साह का बेटा चंदन साह, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के लीला टोला के निवासी शिवनाथ सिंह के बेटा मुकेश कुमार सिंह और धनघाई थाना क्षेत्र के दीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत लाल बहादुर सिंह का बेटा विजय कुमार है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

केटी न्यूज/जहानाबाद



माननीय पटना हाई कोर्ट के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में न्यायिक पदाधिकारी, व्यवहार न्यायालय, प्राधिकार कर्मचारीगण, विधिज्ञ संघ के अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवक, वन विभाग के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। ब्रजेश कुमार जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार जहानाबाद ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दशार्ता है इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और स्थाई स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में योगदान देगा। जब से मैं जहानाबाद में योगदान दिया हु तब से प्रयास किया हु की 1 इंच भी जमीन खाली बिना वृक्ष का ना रहे इसके लिए मैं सतत प्रयासरत हूं अपने आवासीय परिसर में भी मैंने वृक्षारोपण का वृहत रूप से वृक्षारोपण कार्य कराया हूं। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश मोतिस कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अनंदिता सिंह, राकेश कुमार ,जावेद खां पुरुषोत्तम कुमार झा, राजेश कुमार वर्मा, सहित अन्य मौजूद थे।

## लूटपाट का विरोध करने पर अपराधियों ने आभूषण व्यवसायी को मारी गोली, घायल

केटी न्यूज/बक्सर



रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के सुरतापुर गांव के पास बाइक से आ रहे एक स्वर्ण व्यवसायी से बाइक सवार लूटेरे लूटपाट करने लगे, जिसका विरोध करने पर अपराधियों ने उन्हें गोली मार जख्मी कर दिया है। घटना को अंजाम दे सभी अपराधी भाग निकले है। घटना के बाद पहुंचे ग्रामीणों ने व्यवसायी को इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर लाया, जहां चिकित्सकों ने गम्भीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिला के दिनारा थाना क्षेत्र के सैसड़ गांव के जनार्दन सेठ के 35 वर्षीय पुत्र मंतोष वर्मा सिकरौल थाना क्षेत्र के बसाव गांव में ज्वेलरी का दुकान चलाते है। वे प्रतिदिन अपने गांव से आते जाते थे। शुक्रवार को भी अपने घर से बसांव के लिए निकले थे, जैसे ही वे सुरतापुर गांव के समीप पहुंचे कि तभी कुछ अज्ञात अपराधियों ने लूटपाट की नियत से हथियार सटा दिया। जिसका मंतोष द्वारा विरोध किया गया। तभी अपराधियों ने गोली मार दी जो मंतोष के पेट में लगी। घटना के बाद अपराधी फरार हो गए। गोली की आवाज सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना देने के बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर लाये, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया गया। सिकरौल थानाध्यक्ष ने बताया की घटना दिनारा क्षेत्र में हुई है। वैसे इस घटना को ले व्यवसायियों में आक्रोश व्याप्त है। बक्सर सदर अस्पताल से रेफर होने के बाद परिजन उसे लेकर हायर सेंटर गए है।

## संध्या समय महिला एवं युवतियों ने मां के मंदिर जलाया दीप, सप्तमी तिथि को माता का होगा भव्य श्रृंगार

# शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन आरण्य देवी मंदिर में उमड़ी रही भक्तों की भीड़

- सजावट का कार्य कोलकाता के प्रसिद्ध फुल-श्रृंगार कारीगर की टीम द्वारा किया जाएगा
- शारदीय नवरात्र में मां आरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट को करीब 20 लाख से अधिक की राशि प्राप्त होने का अनुमान

केटी न्यूज/आरा

शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन देवी दुर्गा के दूसरे स्वरूप के पूजा अर्चना की गई। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के दरबार में शुक्रवार की सुबह से ही श्रद्धालु-



भक्तों ने पुरे भक्तिभाव से माता का पूजन किया। प्रसाद स्वरूप नारियल चढ़ाया। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा है शाम 4 बजे से मंदिर परिसर में दीप जलाने के लिए महिला-पुरुष भक्तों की भीड़ उमडी रही। यह सिलसिला संध्या 8 बजे तक चलता रहा। दीप जलाने के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने में मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं स्टाफ काफी सक्रिय दिखे। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि की रात्रि माता का भव्य श्रृंगार होगा और मंदिर परिसर में सजावट की जाएगी। सजावट का कार्य कोलकाता के प्रसिद्ध फुल-श्रृंगार कारीगर की टीम द्वारा किया जाएगा। सप्तमी तिथि की मंगला आरती के बाद माता का भव्य श्रृंगार भक्तों को दीदार करने का मौका मिलेगा। सप्तमी तिथि से दशमी तिथि तक मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु भैरव बाबा के गली के रास्ते मंदिर में प्रवेश करेंगे। वहीं माता के मंदिर का मुख्य द्वार निकास द्वार के रूप में कार्य करेगा। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां आरण्य देवी मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालु -भक्त के बीच मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान भक्तों के बीच बेसन से निर्मित बुंदिया व मुड़ी का वितरण किया गया। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां आरण्य देवी के भव्य मंदिर निर्माण को लेकर दान एवं सहयोग देने के लिए भक्तों में होड़ मची रही। नवरात्र में काफी संख्या में भक्तों ने दिल खोलकर दान दिया। दान देने के पश्चात लोगों ने कूपन व रसीद लिए। क्यूआर कोड तथा चेक के माध्यम से भी श्रद्धालु भक्तों ने माता के भव्य मंदिर निर्माण में सहयोग किया। शारदीय नवरात्र में मां आरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट को इस बार करीब 20 लाख से अधिक राशि प्राप्त होने के अनुमान है। पिछले वर्ष मंदिर ट्रस्ट को 11 लाख से अधिक दान व सहयोग राशि प्राप्त हुआ था।

# प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में की विकास कार्यों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

- कल्याणकारी योजनाओं से समस्त पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश
- गो तस्करी, अवैध शराब, मादक पदार्थ के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई : प्रभारी मंत्री

**केटी न्यूज/मऊ**

जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अध्यक्षता में जनपद के विकास कार्यों सहित कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान विकासखंड दोहरीघाट में एकता प्रेरणा संकुल संघ के माध्यम से गोबर से पेंट बनाने के कार्य की प्रशंसा करते हुए प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों को भी इसका अवलोकन कराने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रगति की समीक्षा के दौरान उन्होंने स्वीकृत आवास के सापेक्ष शत प्रतिशत शौचालय का भी निर्माण कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत भवन के निर्माण की समीक्षा के दौरान उन्होंने समस्त ग्राम पंचायत में पंचायत भवन का निर्माण सुनिश्चित करने तथा बड़ी ग्राम पंचायत में जनप्रतिनिधियों से भी प्रस्ताव लेकर कार्य कराने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के पूर्व जनप्रतिनिधियों से भी सुझाव लेने को कहा। सामुदायिक शौचालय निर्माण की प्रगति की समीक्षा के दौरान उन्होंने समस्त सामुदायिक शौचायलयों पर बेहतर साफ सफाई व्यवस्था तथा उनके निर्धारित समय तक खोले रखने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा के दौरान उन्होंने सर्वे कंपनियां से संबंधित शिकायतों की जांच करने को भी कहा। पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को कोई भी आवेदन लंबित न रखने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना गोल्डन कार्ड के संबंध में प्रभारी मंत्री ने कार्ड बनने के उपरांत शत प्रतिशत वितरण भी सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अक्टूबर से प्रारंभ है। उन्होंने इस दौरान समस्त संबंधित विभागों को विशेष प्रयास करने को कहा।इसके अलावा डेंगू से संबंधित प्रकरणों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत उन्होंने सभी पात्र किसानों को इस योजना का लाभ दिलाने को कहा। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा त्वरित आर्थिक विकास योजना एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निमार्णाधीन सड़कों को उन्होंने समस्त सड़कों को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश दिए।



## जनपद में निमार्णाधीन परिवार न्यायालय एवं ट्रांजिट हॉस्टल का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण

**मऊ।** प्रभारी मंत्री जनपद मऊ गिरीश चंद्र यादव माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण उत्तर प्रदेश द्वारा आज परिवार न्यायालय एवं पुलिस लाइन में निमार्धीन ट्रांजिट हॉस्टल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में अच्छी किस्म की सामग्रियों का प्रयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य को समय से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। मंत्री ने ट्रांजिट हॉस्टल में प्रयुक्त टाइल्स की जांच भी की। इसके उपरांत उन्होंने गायघाट स्थित गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने गाय पूजन एवं वहां पर उपस्थित गायों को गुड़ खिलाया। प्रभारी मंत्री ने इस दौरान वहां पर कितनी गाय उपस्थित हैं के बारे में जानकारी लेते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को पर्याप्त मात्रा में हरे चारे एवं भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने गौ आश्रय स्थल की साफ सफाई कराई के भी निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने गौ आश्रय स्थल में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने को भी कहा। इसके उपरांत मंत्री जी की अध्यक्षता में ग्राम को खुखुंदवा में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्री जी एवं जिला अध्यक्ष भाजपा नूपुर अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

## खबरें फटाफट

### गैंगस्टर एक्ट के 2 आरोपियों को सजा

**बलिया।** गैंगस्टर एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शुक्रवार की शाम दो दोषियों को दो—दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही पांच—पांच हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। दोषियों का नाम गौतम यादव पुत्र केशव यादव व चन्द्रमा यादव पुत्र केशव यादव निवासीगण मानगढ़ थाना रेवती है। दोनों के खिलाफ रेवती में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस के कोर्ट में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद कोर्ट ने दोनों दोषियों को दो-दो वर्ष के कारावास और पांच-पांच हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

### दिनदहाड़े चाकूबाजी में युवक गम्भीर

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के ग्राम मूराडीह गांव में शुक्रवार की दोपहर बदमाशों ने युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने घायल को सीएचसी सोनवानी ले गए, जहां से चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर सूचना मिलते ही बैरिया सीओ एवं हल्दी थानाध्यक्ष मय फोर्स के साथ मौके में पहुंच गए और छानबीन में जुट गए। घायल कृष्णा यादव 26 वर्ष पुत्र शिवजी यादव निवासी रुद्रपुर थाना हल्दी का रहने वाला है। इस बाबत बैरिया सीओ उस्मान ने बताया कि परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन कर दबिश दी जा ही है।

### ट्रेन के धक्के से युवक की मौत

**फेफना(बलिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कपूरी गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दे कि पिंटू यादव पुत्र वीरबहादुर यादव निवासी छोटकी नरही दूध बेचने का काम करते थे, रोज की भांति घर से दूध लेकर निकले और डेयरी पर दूध देने के बाद किसी काम के लिए कपूरी रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे की किसी ट्रेन के चपेट में आकर मौत हो गई।

## एसपी ने पुलिस लाइन में परेड की ली सलामी, किया निरीक्षण

# पुलिसकर्मियों को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए सक्रिय हुए बलिया के एसपी

- फिट रहने के लिए लगवाई जवानों की दौड़
- यूपी 112 वाहनों की गहनता से की चेकिंग

**केटी न्यूज/बलिया**



शुक्रवार को पुलिस अधीक्षके विक्रान्त वीर द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों की दौड़ लगवाई। निरीक्षण के क्रम ने यूपी -112 के वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण व सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उसकी चेकिंग की गयी।

इसके साथ ही शस्त्र ड्रिल की कार्यवाही करवाते हुए समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को शस्त्रों के सम्बन्ध में जानकारी भी दी गई। तत्पश्चात पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु बैरक व मेस का निरीक्षण किया और सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## उभांव, सिकंदरपुर व सुखपुरा थाने का औचक निरीक्षण

**बलिया।** गुरुवार की रात पुलिस अधीक्षके विक्रान्त वीर ने थाना उभांव, सिकंदरपुर व सुखपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना भवन, परिसर में बने मेस तथा बैरकों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मालखाना व कार्यालय में अपराध व त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद, एचएस, महिला उत्पीड़न, हत्या व बलवा, गुमशुदा,पासपोर्ट आदि रजिस्टरों की गहनता से अवलोकन कर संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी ने तीनों थानों के महिला हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मियों से पूछताछ तथा कार्यों व रजिस्टर में की गयी एन्ट्री को चेक किया। इसके साथ ही रजिस्टर में अंकित शिकायतकताओं के मोबाइल नम्बरों पर फोन से वार्ता कर उनसे पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही से संतुष्ट अथवा असंतुष्ट का फीड बैक भी लिया गया। इसके अलावा कंप्यूटर कक्ष व सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण करते हुए तैनात कर्मचारियों से उउळढर के सभी फार्मो की फीडिंग के बारे में पूछताछ की गयी। वही सीसीटीवी कैमरा 24 घण्टे चलता है कि नहीं उसका निरीक्षण किया। एसपी ने कहाकि किसी भी दशा में सीसीटीवी की पावर सप्लाई बन्द न हो, बिजली चले जाने पर जनरेटर या इनवर्टर की सप्लाई दी जाय।



## एक नजर

### अराजक तत्वों ने तोड़ी अंबेडकर की प्रतिमा



**फेफना।** थाना अंतर्गत कर्वी परूआ गांव में स्थापित भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा अराजकतत्वों द्वारा तोड़े जाने पर शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दूसरी मूर्ति लगवाया, तब जाकर मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कर्वी परूआ में भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को अराजक तत्वों द्वारा तोड़े जाने की जानकारी ग्रामीणों को शुक्रवार की सुबह के समय हुआ, जिसे गुरुवार की देररात को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्रतिमा के क्षतिग्रस्त होने की सूचना पाकर सुबह से ही क्षेत्र के बसपा नेताओं का जमावड़ा लगा रहा। वहीं धीरे—धीरे ग्रामीण भी उग्र हो उठे। जिसमें विधान सभा प्रभारी अरुण कुमार, संजय भारती, अनुज कुमार, श्रवण कुमार, नरेंद्र धूसिया, अशोक भारती, अजीत कुमार, सुनील भारती सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे और जमकर नारेबाजी की। उधर, सूचना पाकर पहुंचे क्षेत्राधिकारी सदर श्यामकांत थानाध्यक्ष फेफना बृजमोहन सरोज सहित थानाध्यक्ष चितबड़ागांव प्रशांत चौधरी व थाना गड़वार दलबल के साथ पहुंचे लोगों को समझाया गया। इसके बाद क्षेत्राधिकारी सदर ने दूसरी प्रतिमा लगवाने की बात पर ग्रामीणों ने बात मानी। इस संबंध में बृजमोहन सरोज ने बताया कि ग्रामीणों के तहरीर पर के अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर क्षतिग्रस्त मूर्ति की जगह दूसरी मूर्ति लगवाने और जांच के बाद दोषी के विरुद्ध कार्यवायी की जायेगी।

### चुनाव की मांग को लेकर छात्रों ने दिया धरना

**बलिया।** छात्र संघ बहाल तथा छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर शुक्रवार के दिन छात्र नेताओं ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। टीडी कालेज के छात्र? नेता अनुराग पटेल ने कहा कि बीते 4 वर्षों से शासन-प्रशासन और कॉलेज प्रशासन की मिली भगत से छात्र संघ चुनाव की तिथि पर रोक लगा हुआ है। लेकिन हम सभी छात्र नेतागण बीते चार से छात्र संघ चुनाव की तिथि की घोषणा के लिए आंदोलनरत है। आंदोलन का नतीजा यह रहा कि हमें अभी पता चला है कि कालेज प्रशासन अपने लेटर पैड पर छात्रसंघ चुनाव की तिथि को डीएम कार्यालय भेजवा दिया है। अब कालेज प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन मिल बैठकर उस तिथि पर अंतिम फैसला लेंगे। कहा कि छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर आंदोलन करने वाले छात्रों तथा छात्र नेताओं की पहली जीत है।

### रेडक्रास सोसायटी की तरफ से जिलाधिकारी ने 12वीं की छात्रा को एक लाख का दिया चेक



**मऊ।** रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद - मऊ के सम्मानित अध्यक्ष जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने सोनी धापा बालिका इंटर कॉलेज मऊ की कक्षा 12 की छात्रा कुमारी जान्ह्वी को इलाज के लिए रेडक्रास सोसाइटी की तरफ से रुपए एक लाख का चेक प्रदान किए। इस अवसर पर प्रशांत नागर मुख्य विकास अधिकारी मऊ, देव भास्कर तिवारी उपसभापति, प्रधानाचार्य डीएवी इंटर कॉलेज मऊ, वीरेंद्र इंजीनियर महासचिव, रमाकांत पांडेय, डॉ एस सी तिवारी अध्यक्ष आई एम ए मऊ प्रदीप सिंह ब्यूरो चीफ राष्ट्रीय सहारा, शमीम अहमद सीए, अजीत सिंह एडवोकेट की गरिमामयी उपस्थिति थी। पूरी रेड क्रॉस की टीम को बहुत-बहुत बधाई।

## मऊ में महिला पहलवानों की कुश्ती रही चर्चा का केंद्र बिन्दु



**केटी न्यूज/मऊ**

रतनपुरा क्षेत्र के पहसा बाजार स्थित भूधरिया बाबा पोखरे पर आयोजित विशाल कुश्ती दंगल में कुल 35 जोड़ी पहलवानों ने दाँव आजमाए। इसमें 29 जोड़ी बाल पहलवानों की तथो 6 जोड़ी वयस्क पहलवानों की जोड़ी रही। इनमें से एक जोड़ी महिला पहलवानों के बीच भी कुश्ती का प्रदर्शन हुआ। दंगल का उद्घाटन राम प्रवेश राजभर (जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग) ने किया। कुश्ती दंगल में 13 जोड़ी पहलवानों का मुकाबला बराबरी पर छूटा। विशाल (भलया) एवं सलमान(सरवाँ)के मुकाबले में सलमान विजेता रहे, तो प्रभास यादव (भलयाँ) व अंकित यादव (आजमगढ़) मध्य हुई कुश्ती बराबर पर छुट्टी। नवीन यादव (बलिया)तथा राहुल यादव (सरवाँ) की कुश्ती भी बराबरी पर रही। सत्यम ( स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊ) एवं अश्वनी (सरवाँ) के बीच का मुकाबला निर्णायक रहा जिसमें अश्वनी ने बाजी मारी ।तो विनीत (महरजवाँ,बलिया) व राहुल (बलिया) की कुश्ती बराबर रही। अभय (परसिया) दिनेश (ठेंचा, रतनपुरा) के मुकाबले में अभय विजेता रहे। जबकि रवि (सरवाँ) और अभिषेक (महरजवाँ) की कुश्ती बराबर पर रही।

सोनू (महराजपुर) व दीपक (परसिया) के मुकाबले में सोनू विजेता रहे। धर्म (भलया) और सूरज (जयसिंहपुर) के मुकाबले में सूरज विजेता रहे। विपुल (आजमगढ़) व सर्वेंद्र (महरजपुर) की जोड़ी भी बराबरी पर रही। व्यस्क पहलवानों में आनंद (महराजपुर, बलिया) एवं अंगद (जौनपुर) की कुश्ती बराबरी पर छूटी।

## फुटबॉल महाकुंभ के उद्घाटन मैच में उसियां ने बक्सर को 3-2 से पछाड़ा

- उसियां के बबलू ने 2 और अख्तर ने 1 गोल कर मैच किया अपने नाम

**केटी न्यूज/सेवराई**



रेवतीपुर गांव स्थित ग्रीन पार्क स्टेडियम में पंद्रह दिनों तक चलने वाले अंतर्राज्यीय मेंस फुटबॉल महाकुंम्भ का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व मंत्री विजय मिश्रा और विशिष्ट अतिथि अजिताभ राय राहुल ने भूमि पूजन और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस बीच खेले गए उद्घाटन मैच में उसियां ने बक्सर को 3-2 से पराजित कर इस फुटबॉल महाकुंभ का पहला मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया, मैच के शुरूआत से ही दोनों टीमों के मध्य काटें का मैच रहा, मध्यान्तर से पहले मैच के 24 वें मिनट नें बक्सर के अजीत ने गोल कर टीम को शुरूआती बढत दिला दी।

इसके उपरांत मैंच के 38 वें मिनट में बक्सर के ही मनीष ने एक और गोल कर टीम को 2-0 की बढत दिला दी, जो मध्यान्तर होने तक कायम रहा, मध्यांतर के बाद शुरू हुए मुकाबले को अभी कुछ ही देर हुए थे कि मैच के 56 वें मिनट में उसियां के बबलू ने गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया।

इसी दौरान मैंच के 62 वें मिनट में उसियां के ही अख्तर ने एक और गोल कर टीम को 2-2 की बराबरी पर ला खडा किया,स्कोर बराबर होते ही उसियां के खिलाड़ियों में उत्साह बढ गया, इसी दौरान मैच के अंतिम समय में एक बार फिर उसियां के ही बबलू ने एक और गोल कर टीम को 3-2 की निर्णायक बढत दिला दी, जो मैच समाप्त होने तक उसियां ने स्कोर बरकरार रखते हुए उद्घाटन मुकाबला जीत अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। इस दौरान बोलते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री विजय मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर फुटबॉल का सफल आयोजन निश्चित ही बडी बात है, कहा कि गाँव स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है, बस उन्हें उचित मार्ग निर्देशन की जरूरत है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री ओम प्रकाश राय, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल, विवेक राय, नवनीत कुमार राय, विनायकांत राय, मिंटू पांडे, नन्हे, रानू, आशीष, गोलू, बदक राय आदि लोग मौजूद रहे। मैच में निर्णायक संतोष पांडेय जबकि कमेंट्री की भूमिका प्रदीप राय बडे और नितेश ने निभाई।

## 41 उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों के 95 छात्र- छात्राओं ने किया प्रतिभाग

# ब्लाक स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन

- 41 उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों के करीब 95 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**केटी न्यूज/सेवराई**



राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा के निर्देश पर कक्षा छह से आठ तक के परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले में छात्र- छात्राओं में विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उनकी रूची बढ़ाने के उद्देश्य से आज शुक्रवार को ब्लाक स्तरीये क्वीजे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसे क्वीजे प्रतियोगिता में 41 उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों के करीब 95 छात्र- छात्राओं ने इसमें प्रतिभाग किया। आयोजित ब्लाक स्तरीय इस क्वीज प्रतियोगिता में 10 छात्र- छात्राओं का चयन जिला स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता के लिए किया गया। जिसमें लक्ष्मी गुप्ता प्रथम कक्षा छह,रिमझिम प्रथम कक्षा सात,नेहा कक्षा आठ ने प्रथम स्थान हासिंल किया। चयनित सभी प्रतिभागियों को बीआरसी मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार को पुरस्कृत किया गया ।जिला क्वीज प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रतिभागी आगामी महीनें में जिला मुख्यालय पर आयोजित क्वीज प्रतियोगिता में अपने प्रतिभा का दम दिखाएगें ।यह पूरी क्वीज प्रतियोगिता बीईओ अशोक कुमार और डायट मेंटर नवल गुप्ता के देखरेख में आयोजित की गई ।ब्लाक स्तरीये क्वीजे प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों से तर्क, चिंतन व कल्पना, मौखिक पर आधारित विभिन्न तरह के साथ ही गणित और विज्ञान पर आधारित सवाल पूछे गये। बीईओ, डायट मेंटर और एआरपी की तीन सदस्यीय चयन समिति ने विकास खंड स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन जिला क्वीज प्रतियोगिता के लिए किया।

मालूम हो कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा छह से आठ तक के छात्रों में विज्ञान और गणित के प्रति रुचि उत्पन्न करना है। इस दौरान खंड शिक्षा अशोक कुमार गौतमे ने बताया इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बीईओ ने कहा कि क्विजे प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्रों को पत्रिकाएं, लेख, वैज्ञानिक खोजों, आविष्कारों और नवाचारों के बारे में जानकारी मिलती है। इस दौरान खंड शिक्षाधिकारी ने ब्लाक स्तरीये क्वीजे प्रतियोगिता के सफल सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर तारकेश्वर, एआरपी संत कुमार गुप्ता, अर्चना श्रीवास्तव, नीरज, कृष्ण कुमार सिंह, सतीश उपाध्याय, धरमेंद्र सिंह, अजय कुमार, मिथलेश सिंह, विनोद सिंह, प्रवीण कुमार शुक्ला, योगेंद्र पटेल, पंकज खरवार, लक्ष्मण वर्मा अजय पाण्डेय, संजय खरवार, प्रभात पाल आदि मौजूद रहे।

# अभियान के दूसरे चरण में कैंप लगाकर दिलाई भाजपा की सदस्यता

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में भाजपा तथा भाजयुमो द्वारा जगह-जगह कैम्प लगाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई जा रही है। भाजपा नेता संकठा प्रसाद मिश्र तथा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि लाल जी गुप्ता के द्वारा मंडल अध्यक्ष मन्नू राजभर की अध्यक्षता में शुक्रवार को जंगीपुर में कैम्प लगाकर एक सौ तेरह लोगों को 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके, आनलाइन आवेदन फार्म भरकर सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर संकठा प्रसाद मिश्र ने कहा कि भाजपा के शासन में युवा, व्यापारी, महिला किसान सभी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है।भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने को लेकर युवाओं में भारी उत्साह है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता चंद्रभान राजभर, प्रमोद सिंह मौजूद रहे।



## मिश्र बाजार में कैंप लगाकर दिलाई गई सदस्यता

**गाजीपुर।** बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में भाजयुमो द्वारा नगर के मिश्र बाजार में कैम्प लगाकर मोबाइल मिस्ड कॉल के माध्यम से सैकड़ों लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर हर्षित सिंह, प्रीति गुप्ता, गौरव श्रीवास्तव, शिवम राय, हेमंत त्रिपाठी ,योगेश कुमार शुक्ला, मनीष जायसवाल, आनंद गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस शारदीय नवरात्रि को मिशन शक्ति-फेज 5 को करेंगे लांच, और सशक्त होंगी बेटियां

# सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति बढ़ेगी जागरुकता

- मिशन शक्ति के तहत अक्टूबर से दिसंबर तक होंगे महत्वपूर्ण कार्यक्रम

**केटी न्यूज/लखनऊ**

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार अपने विजन को प्रदेश में 'मिशन शक्ति' के रूप में आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मिशन को और अधिक प्रभावी बनाने और महिलाओं को और अधिक सशक्त करने के लिए शारदीय नवरात्रि में इसके पांचवें चरण की शुरूआत करने जा रहे हैं। मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत व्यापक पैमाने पर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जो कि दिसंबर माह तक चलेगा। इन कार्यक्रमों में महिलाओं के साथ-साथ बच्चों को भी सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस, ऑपरेशन मुक्ति, बाल कार्निवाल, वीरांगना दिवस, स्वावलंबन कैंप समेत कई कार्यक्रम शामिल हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के प्रति जागरूकता लाने के साथ-साथ उन्हें इससे लाभान्वित करना भी है।



### बाल श्रम के विरुद्ध चलेगा 'ऑपरेशन मुक्ति'

21 से 31 अक्तूबर तक ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत बाल विवाह तथा बाल श्रम के विरुद्ध सप्ताह भर जागरूकता एवं रेस्क्यू के लिए वृहद अभियान चलेगा। इस दौरान विभागों एवं प्राधिकारियों के बीच समन्वय के साथ कार्य करते हुए बाल विवाह या बाल श्रम के प्रकरणों में बच्चों को रेस्क्यू करने के लिए ऑपरेशन को संचालित किया जाएगा।

### 11 अक्टूबर तक चलाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत अक्तूबर से दिसंबर तक जो गतिविधियां संचालित की जानी हैं, उसके अनुसार 11 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लैंगिक समानता पर सेमिनार के साथ ही सफल महिलाओं के साथ टॉक शो, एक दिन की सांकेतिक जिलाधिकारी, कन्या जन्मोत्सव, बाल विवाह, संवाद, घरेलू हिंसा व कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न, अनंता जैसे विषयों पर जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। 11 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन होगा, जिसमें प्रत्येक आंगनबाड़ी तथा राजकीय बालिका/शिशु गृहों में विशेष कन्या पूजन व उनके लिए प्रसाद ग्रहण का आयोजन किया जाएगा।

### 'बाल कार्निवाल' में हुनर को मिलेगी पहचान

10 से 14 नवंबर के बीच बाल कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा। इसमें योग व मेडिटेशन के अतिरिक्त बच्चों द्वारा महापुरुषों के जीवन पर आधारित नाटक एवं ड्रामा का प्रदर्शन होगा। साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, जबकि नृत्य गायन प्रतियोगिताओं के साथ-साथ पेंटिंग प्रतियोगिता कराई जाएगी। 14 नवंबर को बाल दिवस के उपलक्ष्य में कार्निवाल समापन समारोह में बच्चों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न कार्यक्रमों जैसे म्यूजिक, गीत, गान, नाटक आदि का आयोजन, व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत बच्चों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रतियोगिताों में फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड आने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### वीरांगनाओं को समर्पित होगा 'वीरांगना दिवस'

19 नवंबर से प्रदेश के समस्त जनपदों में भव्य समारोह का आयोजन करते हुए वीरांगना दिवस पर समाज में बदलाव के लिए प्रयासरत महिलाओं की प्रेरक कहानियों को विभिन्न माध्यमों से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान ऐसी वीरांगनाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिससे ये महिलाएं समाज में अन्य बालिकाओं तथा महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन सकें। साथ ही प्रदेश में संचालित सभी बाल देखरेख संस्थाओं, महिला आश्रय गृहों में भी झांसी की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर नुक्कड़ नाटक या स्टोरी टेलिंग सत्र का आयोजन कराया जाएगा। 20 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर संस्थाओं में बाल अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## हॉस्पिटल में भर्ती कराकर इस्टीमेट मंगाइए इलाज का खर्च सरकार देगी : मुख्यमंत्री

- हर जरूरतमंद का बनवाएं आयुष्मान कार्ड
- अधिकारियों को दिए समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया कि जिन जरूरतमंद लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उनके इलाज का खर्च भी सरकार उठाएगी। इसके लिए अस्पताल से इलाज खर्च का इस्टीमेट बनाकर उनके कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद की जाएगी।

शारदीय नवरात्र के पहले दिन, गुरुवार दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को दिए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। सभी लोगों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

हर बार की भांति शुक्रवार सुबह के जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता संबंधी प्रार्थना पत्र लेकर आए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबको मदद का भरोसा दिया। इस दौरान एक महिला की समस्या जानते ही उन्होंने अफसरों से कहा कि उक्त महिला को हॉस्पिटल में भर्ती कराकर इलाज का इस्टीमेट मंगाइए। पैसा सरकार देगी। सीएम ने लोगों से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें ताकि इलाज के लिए किसी को परेशान न होना पड़े।

जनता दर्शन में सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए।



**300**
लोगों की समस्याएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में सुनीं

### बच्चों से मिले सीएम, खूब पढ़ने को किया प्रेरित

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों के साथ मंदिर आए बच्चों को प्यार, दुलार और आशीर्वाद दिया। बच्चों को अपने पास बुलाकर उनसे बातचीत की। उनसे नाम पूछने के साथ पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को सीएम ने चॉकलेट गिफ्ट कर विदा किया।

### गोशाला में जाकर की गोसेवा

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान पारंपरिक दिनचर्या में शुक्रवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने गोसेवा में कुछ व्यतीत किया। सीएम योगी ने गोवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

### हक की बात जिलाधिकारी के साथ

6 दिसंबर को जनपद स्तर पर यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थर पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेजा हिंसा आदि की पीड़ित महिलाओं के संरक्षण, सुरक्षा तंत्र, सुझावों तथा सहायता के लिए जिलाधिकारी के साथ 2 घंटे के पारस्परिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा, 10 दिसंबर को प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर महिला एवं बाल सभाओं का आयोजन तथा महिलाओं तथा बच्चों से संबंधित संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा होगी। वहीं 16 दिसंबर को प्रदेश के समस्त वन स्टॉप केंद्रों पर जन प्रतिनिधियों के साथ विभागीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। यही नहीं, प्रदेश में पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत पीड़ित बच्चों मुख्य रूप से बालिकाओं को कानूनी प्रक्रिया के दौरान समर्थन देने के लिए लगभग 300 सहायक व्यक्तियों का आवासीय प्रशिक्षण भी कराया जाएगा।

## पूर्वांचल विवि के आरोपी शिक्षक के पक्ष में साथी शिक्षक हुए लामबंद



- निष्पक्ष जांच कराने के लिए एसपी को सौंपा ज्ञापन

**केटी न्यूज/जौनपुर**

छात्रा के साथ अश्लील हरकत के आरोपी पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ॰ सुधीर उपाध्याय की पत्नी के वायरल वीडियो के बाद डॉ सुधीर उपाध्याय के पक्ष में सभी शिक्षक लामबंद हो रहे हैं। आपको बता दे विश्वविद्यालय के आरोपी शिक्षक की पत्नी ने वीडियो वायरल कर एक स्थानीय पत्रकार पर षडयंत्र करने का आरोप लगाया है।

इसी क्रम में आज वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ जौनपुर के बैनर तले शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ॰ सी॰बी॰ पाठक के नेतृत्व में शिक्षकों ने पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को सौंपा।

उसके बाद वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय कि कुलपति को भी ज्ञापन सौंपा और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने की मांग की। डॉ॰ सी॰बी॰ पाठक ने कहा कि जिस पत्रकार पर साजिश के आरोप हैं । उसके द्वारा 'एलआईयू जांच में मिली प्रोफेसर की संलिप्तता' ये खबर 29 तारीख को सम्बंधित संस्थान को भेजी गयी थी।

जो 30 सितंबर को समाचार पत्र में प्रकाशित हुई। जबकि 29 तारीख तक न तो थाने पर पीड़िता या किसी द्वारा तहरीर दी गयी थी और ना ही कोई एफआईआर दर्ज हुआ था।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के छित्तो गांव के समीप किसी ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और इसके शिनाख्त में जुट गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचकर शुक्रवार को युवक की पहचान किया। सदर कोतवाली के मुस्तफा पुर गांव निवासी पप्पू यादव का पुत्र हेमंत यादव 18 घर से घूमने के लिए निकला था, लेकिन बृहस्पतिवार की रात सीटों गांव के समय किसी ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और शिनाख्त में जुट गई। जब हेमंत घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने शुक्रवार की सुबह पता किया तो मालूम चला की छित्तों के समय किसी युवक का ट्रेन से गिरकर मौत हो गई । इसकी जानकारी होने के बाद जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव, राम सिंह चौहान, दिलीप पासवान,ओम प्रकाश मौर्य,रियाज अहमद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर परिजनों को ढाढस बधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग को लेकर रोजगार सेवकों ने निकाला जुलूस

**केटी न्यूज/चंदौली**

मुख्यालय स्थित बिछिया धरनास्थल पर शुक्रवार को ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकताओं ने अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया और नगर में जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तत्पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर उपजिलाधिकारी न्यायिक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल ने कहा कि ग्राम पंचायतों में सहायक सचिव व विकास सहायक का पद सृजित कर ग्राम रोजगार सेवकों को समायोजित करें। और उनको राज्य कर्मचारी का दर्जा दें। सरकार द्वारा लखनऊ में की गई। घोषणा में रोजगार सेवकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मानव संसाधन नीति (एचआर पॉलिसी) का उचित निर्धारण कराया जाए। जिसमें रोजगार सेवकों के लिए 24 हजार प्रतिमाह की व्यवस्था हो वहीं मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता के लिए ग्राम रोजगार सेवक को पद से



हटाने के लिए ग्राम सभा सदस्यों के दो तिहाई बहुमत के आधार पर प्रस्ताव की व्यवस्था के साथ मासिक मानदेय भुगतान के लिए पृथक बजट की व्यवस्था का प्रावधान किया जाए। अन्यथा मानदेय भुगतान सामग्री अंश से किया जाए। कहा कि ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यो के भुगतान का डोंगल प्रथम हस्ताक्षरकर्ता के रूप में ग्राम रोजगार सेवकों को दिया जाए और जॉब कार्ड में अन्य कार्य जोड़ते हुए विभागीय कर्मी घोषित किया जाए। कहा कि मनरेगा कार्यों की बेहतर मॉनिटरिंग के लिए उच्च गुणवत्ता वाले एंड्रॉयड मोबाइल फोन उपलब्ध कराया जाए साथ ही उसमें डेटा रिचार्ज कराया जाए। विगत वर्ष पूर्व घोषणा के क्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की भांति 20 दिन का आकस्मिक अवकाश के साथ चिकित्सा के लिए 12 दिनों की व्यवस्था का आदेश जारी किया जाए। वहीं ग्राम रोजगार सेवकों का न्याय पंचायत स्तर पर स्थानांतरण की व्यवस्था लागू किया जाए। साथ ही ग्राम रोजगार सेवकों के परिवार के मृतक आश्रित को सेवा प्रदान की जाए। कहा कि यदि जल्द ही सरकार हमारी मांगों की पूरा नही करती है, तो प्रदेश में मुख्यमंत्री वादा निभाओ आंदोलन की शुरूआत की जाएगी। इस दौरान संतोष कुमार पांडेय,रवि प्रकाश पांडेय,राम औतार चौहान, मनोज गुप्ता, भावेश कुमार त्रिपाठी, भोलानाथ, संजीव बंसल, दिनेश गुप्ता, मुकेश कुमार, पवन गुप्ता, आजाद यादव, विनीत श्रीवास्तव, श्याम बिहारी,सावित्री सिंह,आदि मौजूद रहे।

## व्रत के खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए दुकानों पर छापा

**केटी न्यूज/चंदौली**

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सेक्टर सी अलीगंज लखनऊ एवं जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे के द्वारा जारी आदेश के क्रम में नवरात्र एवं दशहरा त्योहारों के मद्देनजर जनपद चंदौली में विक्रय किए जाने वाले खाद्य पदार्थों पर विशेष सतर्कता, निगरानी रखते हुए प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही हेतु सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय के एन त्रिपाठी के निर्देशन में सघन अभियान चलाकर निरीक्षण एवं नमूना संकलन की कार्यवाही की जा रही है।

यह अभियान विशेष कर कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, सूखे मेवे, मूंगफली, साबूदाना, रामदाना एवं अन्य फलाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित कराया जाने व हानिकारक रसायनों से कृत्रिम रूप से पकाए जाने वाले फलों के भंडारण व विक्रय को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा मिनी महानगर मुगलसराय में सिंघाड़ा आटा ,साबूदाना एवं दूध के नमूनों



- खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिष्ठान व किराना की दुकानों पर दी दबिश

का संकलन कर जांच हेतु प्रेषित किया गया। टीम द्वारा यह भी अभिसूचना एकत्र की जा रही है कि जनपद में किन-किन स्थानों पर मिलावटी एवं संदिग्ध खाद्य पदार्थ पाए जाने की ज्यादा संभावना है। उन्होंने आम जनमानस से अनुरोध किया है कि यदि उन्हें जनपद में किसी भी स्थान पर मिलावटी व संदिग्ध खाद्य पदार्थ पाए जाने की सूचना मिलती है तो इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद चंदौली के सहायक आयुक्त खाद्य-क्क के मोबाइल नंबर 8887 890254 पर तत्काल संपर्क करें।

## पिछले वित्तीय वर्ष के इसी अवधि में किये गये माल लदान 96.99 मिलियन टन की तुलना में 01% की बढ़ोतरी

# पूर्व मध्य रेल ने 97.95 मिलियन टन का किया लदान

- 15871 करोड़ रुपए से अधिक की हुई प्रारंभिक आय : सीपीआरओ

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**

पूर्व मध्य रेल को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहली छमाही में अप्रैल से सितम्बर माह तक माल ढुलाई सहित अन्य सभी स्त्रोतों से प्राप्त होने वाले आय में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ कुल 15871 करोड़ रूपए से अधिक की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है । यह आय पिछले वर्ष के समान अवधि में प्राप्त प्रारंभिक आय 15181 करोड़ रुपए के तुलना में 4.55 प्रतिशत अधिक है।



पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि चालू वित्तीय वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल से सितम्बर माह तक पूर्व मध्य रेल द्वारा 97.95 मिलियन टन का माल लदान किया गया जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी अवधि में किये गये माल लदान 96.99 मिलियन टन की तुलना में लगभग 01 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार अप्रैल से अगस्त माह तक किये गये कुल माल लदान से पूर्व मध्य रेल को कुल 13125 करोड़ रूपए की आय प्राप्त हुई जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी अवधि के दौरान किये गये माल लदान से प्राप्त आय 12810 करोड़ रुपए की तुलना में 2.46 प्रतिशत अधिक है ।

अप्रैल से सितम्बर के दौरान मक्का, गेहूं, बॉक्साइट एवं मिनरल ऑयल के लोडिंग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी है । पिछले वर्ष 2023 में मक्का के 265 रेक की तुलना में सितम्बर, 2024 तक मक्का के 400 रेक लोड किए गए, जो 50.94 प्रतिशत की वृद्धि है। पिछले वर्ष गेहूं के 19 रेक की तुलना में सितम्बर, 2024 तक गेहूं के 40 रेक लोड किए गए, जो 110 प्रतिशत की वृद्धि है। इसी तरह पिछले वर्ष 128 रेक की तुलना में सितम्बर, 2024 तक बॉक्साइट के 143 रेक लोड किए गए, जो 11.72 प्रतिशत की वृद्धि है। मिनरल ऑयल पिछले वर्ष सितम्बर तक 198 रेक की लोडिंग की गयी थी जबकि इस वर्ष सितम्बर, 2024 तक मिनरल ऑयल के 322 रेक लोड किए गए, जो 62.63 प्रतिशत ज्यादा है।

**2430**
करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ पूर्व मध्य रेल को 122 मिलियन यात्रियों की यात्रा से

इसी तरह चालू वित्तीय वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल से सितम्बर माह तक पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से 122 मिलियन यात्रियों ने यात्रा की जिससे लगभग 2430 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी अवधि में यात्री यातायात से प्राप्त राजस्व लगभग 2095 करोड़ रुपए की तुलना में लगभग 16 प्रतिशत अधिक है ।

## मंडल और बूथ स्तर पर कार्यकताओं के साथ मिलकर सदस्यता अभियान को दें गति : पुष्पराज सिंह

**केटी न्यूज/जौनपुर**

भाजपा के सीहीपुर स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता मे एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिले के सभी जिला पदाधिकारियो एव मोर्चा के जिलाध्यक्षों एव मंडल के अध्यक्ष से आज तक हुई सदस्यता की वृत ली और आगे की सदस्यता अभियान पर विस्तार से चर्चा की। सर्वप्रथम पार्टी के पुरोधा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की सुभारम्भ की गई। तत्पश्चात सभी कार्यकताओं के द्वारा बंदे मातरम का गीत गाया गया।

जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान को गंभीरता से लिया जाना चाहिए, क्योंकि यह कार्यबल विकास में पहला कदम है लक्ष्यों को अर्जित करने के लिए पूर्व योजनाओं और पूर्ण योजना के साथ कार्यकर्ता जुट जाए इसके साथ ही उन्होंने आह्वान किया कि वे मंडल और बूथ स्तर पर प्रवास कार्यक्रम बनाए और वहां स्थानीय कार्यकताओं के साथ मिलकर सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने की बात कही है।




### भाजपा सरकार में समाज के सभी वर्ग परेशान

**चंदौली।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी जिला इकाई की बैठक शुक्रवार को मुख्यालय स्थित बिछिया धरना स्थल पर हुई। इसमें संगठन सहित तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई। वहीं जनपद में वाल राइटिंग के साथ-साथ सदस्यता के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद बिंद ने कहा कि जनपद में सदस्यता अभियान युद्ध स्तर पर चलाने में पूरी तरह से पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अभी से लग जाएं, ताकि संगठन को सशक्त बनाया जा सके। भाजपा सरकार में समाज के सभी वर्ग परेशान हैं। उनकी समस्याओं का समाधान करने में पूरी तरह से सरकार असफल है। मुन्ना बागी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान जरूरी है।

## सुभाषितम्

जो आदमी सच्चा कलाकार है, वह स्वार्थमय जीवन का प्रेमी हो ही नहीं सकता।

- प्रेमचंद

## गरीबों को नहीं मिलती जल्द जमानत

**भारत की जेलों में कैदियों की** स्थिति चिंता का विषय है। हाल ही में जो आंकड़े आये हैं, उसमे भारत की जेलों में 76 फीसदी ऐसे कैदी बंद हैं, जिन पर कोई अपराध साबित नहीं हुआ है। आरोप के आधार पर उन्हें जेल में बंद कर दिया गया है। यह कैदी बिना किसी दोष सिद्धि के जेलों में कई वर्षों से बंद हैं। भारतीय न्यायिक और कानूनी प्रणाली की खामियों की चर्चा अब विश्व स्तर पर होने लगी है। भारत में न्यायिक प्रणाली की धीमी गति, जांच में भारी विलंब, न्यायालय में विलंब से मुकदमा पेश होना, न्यायालयों में मामलों की सुनवाई और निपटारे में देरी, जमानत देने पर ट्रायल कोर्ट और हाईकोर्ट की उदासीनता के कारण भारत की जेलों में लाखों लोग कई वर्षों से बंद हैं। भारत के नागरिकों को संवैधानिक मौलिक अधिकार मिले हैं। उनका भारत में कानूनी रूप से उलंघन हो रहा है। भारत की जेलों में बंद अधिकांश कैदी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं, जिनके पास वकील करने या जमानत राशि भरने के लिए पैसे नहीं होते हैं। न्यायिक प्रक्रिया में देरी का खामियाजा निर्धन एवं गरीब मध्यम वर्ग के कैदियों को भुगतना पड़ता है। संविधान में वर्णित नागरिकों के मौलिक अधिकारों का खुलेआम उल्लंघन भारत में हो रहा है। भारत में पिछले कुछ वर्षों में मानव अधिकार के मामले में लगातार रैंकिंग घटती चली जा रही है। ऐसे कैदी, जो वर्षों से जेल में बंद हैं उनकी सुनवाई ट्रायल कोर्ट में भी पूरी नहीं हुई है। ट्रायल कोर्ट से उन्हें जमानत भी नहीं दी गई है। जेलों में बंद कैदियों के ऊपर दोष साबित नहीं हुआ है। इसके बाद भी जेलों में उन्हें वर्षों तक बंद रखना, नागरिकों के मौलिक अधिकारों का खुला हनन है। न्यायपालिका स्वयं नागरिकों के अधिकारों पर ध्यान नहीं दे रही है। जिसके कारण अब कहा जा रहा है कि भारत की न्याय प्रणाली में अब सुधार की आवश्यकता है। भारत में सबसे पहले, जमानत प्रणाली को सरल और सुलभ बनाने की जरूरत है। ताकि गरीब और कमजोर वर्गों को इसका लाभ मिल सके। जिन मामलों में गंभीर अपराध के आरोप नहीं हैं, उनमें तुरंत जमानत दिए जाने पर विचार होना चाहिए। जमानत को नागरिकों के अधिकार के रूप में देखा जाना चाहिए। जांच एजेंसी द्वारा एक निश्चित समय सीमा पर जांच करने की बाध्यता हो। निश्चित समय पर न्यायालय में चार्ज शीट पेश हो। अदालती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए अदालतों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित करके छोटे और गैर-गंभीर मामलों का त्वरित निपटारा किया जाना चाहिए। जेल सही मायने में सजायाप्ता कैदियों के लिए होती है। या उन अपराधियों के लिए होती है, जो समाज के लिए बेहद खतरनाक होते हैं। जेलों की स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी प्रयास जरूरी हैं। जेलों में बंद कैदियों के लिए उचित चिकित्सा, भोजन, मानसिक एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। भारत के जेलों की प्रशासनिक व्यवस्था बहुत खराब है। यहां पर क्षमता से तीन गुना ज्यादा कैदी जेलों में बंद हैं। इन्हें पर्याप्त खाना और प्राकृतिक जरूरतों को पूरा करने के लिए जेल के अंदर जद्दो-जेहद करनी पड़ती है। कैदियों को जेल मे पुनर्वास और कौशल विकास के अवसर नहीं मिल रहे हैं। जिसके कारण जेल से बाहर निकलकर वह समाज और परिवार में फिर से अपनी जगह बना सकें। जेलों को केवल सजा देने का स्थान नही माना जाना चाहिए। जेलों को सुधार केंद्र के रूप में देखा जाना चाहिए। कैदियों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें न्याय दिलाने की प्रक्रिया को तेज करना, न्याय व्यवस्था और मानवाधिकार दोनों के लिए आवश्यक हैं। जब तक न्यायिक प्रणाली में सुधार नहीं किया जाता। भारत में मानव अधिकारों की रक्षा करना संभव ही नहीं है। ब्रिटेन जैसे देश में बिचाराधीन कैदियों की संख्या मात्र 18 फीसदी है। इंग्लैंड और यूरोप की अदालतों द्वारा जमानत के मामले में विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। यदि आरोपी को जमानत देने से समाज के बीच में कोई खतरा न हो। ऐसे आरोपियों को तुरंत न्यायालय द्वारा जमानत दी जाती है।

## चिंतन-मनन

### गुरु तत्व का सम्मान

**जब भी तुमने बदले में किसी आशा के** बिना किसी के किए कुछ भी किया हो, किसी को कोई सलाह दी हो, लोगों का मार्गदशर्न किया हो, उन्हें प्रेम दिया हो और उनकी देख-भाल की हो, तब तुमने गुरु की भूमिका निभाई है। गुरु तत्व सम्मान करने की और विश्वास करने की चीज है। तुम्हारे आस पास कितने लोग हैं जो सब के मूड, भावनाओं और दोषारोपण के बीच अटके हुए हैं। लेकिन अगर तुम्हारे पास गुरु हैं तो तुम्हें इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा और अगर पड़ेगा भी तो वह कुछ मिनटों से ज्यादा टिकने वाला नहीं। जब व्यक्ति गुरु तत्व के इस सिद्धांत के साथ चलता है, तब सभी सीमाएं गिर जाती हैं और वह आस पास के सभी व्यक्तियों और सारे ब्रह्मांड के साथ एक होने का अनुभव करने लगता है। जब यह ज्ञान प्रकट होता है, दुःख गायब हो जाता है और आत्म-ग्लानि के लिए कोई स्थान नहीं रहता। अगर तुम्हारे भीतर आत्म-ग्लानि है, तो इसका अर्थ है अभी तक तुम गुरु तक आए नहीं हो। गुरु तक आने का अर्थ है श्रद्धा होना कि गुरु हमेशा हमारे साथ है। इसका अर्थ है हमें जो भी चाहिए वो होगा और हमें रास्ता दिखाया जाएगा। जीवन में शांति सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा रास्ता साधना, सत्संग, आत्म-चिंतन और भक्ति द्वारा गुरु के निकट रहना है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि तुममें आध्यात्मिकता मजबूत हो। हालांकि जब तुम शारीरिक रूप से गुरु के निकट नहीं हो पाते, तब भी मन और आत्मा से तुम गुरु के निकट हो सकते हो। जब व्याकुलता बहुत ज्यादा बढ़ जाए, तब समर्पण में आसन पाओ। गुरु या ईश्वर को समर्पण कर दो। गुरु को उनके शारीरिक रूप और व्यक्तित्व से परे देखो। ईश्वर, आत्मा और गुरु में कोई अंतर नहीं है। गुरु तुम्हारे असली स्वभाव का ही प्रतिबिम्ब है और तुम्हें आत्मा में वापस अग्रसर करने के लिए मार्गदशर्क है। अपनी लगन, श्रद्धा और वचनबद्धता से तुम स्पष्ट रूप से देख सकते हो कि चाहे कैसी भी परिस्थिति हो, जिस पल तुम गुरु को गुरु मान लेते हो, उनके सभी गुण प्राप्त करना संभव हो जाता है।

# राष्ट्रपति के बजाए चैतन्य देवी नजर आई द्रौपदी मुर्मू !

श्रीगोपाल नारसन

**राष्ट्रपति बनने के बाद** दूसरी बार मधुबन यानि ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय आबू रोड़ पधारी द्रौपदी मुर्मू के लिए यह यात्रा बेहद रूहानी कही जा सकती है। वे यहां एक ऐसे दिव्य व भव्य मानसरोवर भवन में प्रवास कर रही है, जिसके छठे माले पर बगीचा है। प्राकृतिक सौंदर्य से लबरेज मानसरोवर को महामहिम के लिए सजाया गया है।द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले ब्रह्माकुमारीज संस्था के महासचिव राजयोगी निर्वेर भाई को याद किया ,जो हाल ही में अपना शरीर छोड़कर परमात्मा की गोद ले चुके है,फिर वे शांति वन में आयोजित वैश्विक सम्मेलन का मुख्य आकर्षण बनी। राजयोग के नियमित अभ्यास के लिए सुबह साढ़े तीन बजे उठने वाली द्रौपदी मुर्मू सर्वोच्च पद पर विराजित होते हुए भी अंहकार मुक्त है।उनकी स्पष्ट सोच है कि परमात्मा शिव की याद जब हमारी भृकुटि में विराजित आत्मा में जाकर बसने लगे तो तभी हमारा परमात्मा से वास्तविक सम्बंध जुड़ जाएगा और हम राजयोगी हो जाएंगे। तभी हम परमात्मा की याद में बैठकर परमात्मा से रूहरिहान कर सकते है।परमात्मा से अपनी आत्मा का रूहरिहान करने के लिए ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 3 अक्टूबर को ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय आबू रोड पहुंची। जहां उनका अभूतपूर्व स्वागत ब्रह्माकुमारीज चीफ रतनमोहिनी दादी के नेतृत्व में किया गया। आबू में ब्रह्माबाबा के कक्ष में द्रौपदी गई तो उनकी लौ परमात्मा से लग गई और वे बाबा के चित्र के सामने ध्यान मग्न होकर रूहानियत की सैर करने लगी।वस्तुतः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ब्रह्माकुमारीज से काफी पहले से जुड़ी है और नियमित रूप से राजयोग का अभ्यास करती है। द्रौपदी मुर्मू दो दिन के लिए इस राजयोग तपस्या की भागीदार बनी है।इस तपस्या से परमात्मा द्वारा अविनाशी भाग्य प्राप्त होता है। अविनाशी भाग्य को हमेशा अविनाशी रखना है। जिसके लिए सिर्फ सहज अटेंशन देने की बात है। टेंशन वाला अटेंशन नहीं हो सकता, सहज अटेंशन हो ,तभी हम विदेही रूप में परमात्मा से अपनी लौ लगा सकते है।राजयोग के अभ्यास से ही हमे परमात्मा की सत्य पहचान मिल पाई है।वास्तव में परमात्मा वह बीज है जिसमें सृष्टि का सारा आदि मध्य अंत का ज्ञान समाया हुआ है। परमात्मा कहते भी हैं कि मुझसे जो भी खजाने तुम्हें प्राप्त हुए हैं, उन खजानों को जमा करो, बढ़ाओ, व्यर्थ से बचो। श्वास का खजाना, संकल्प का खजाना, गुणों का




खजाना, समय का खजाना, शक्तियों का खजाना, ज्ञान का खजाना। सभी खजाने जितना स्व के प्रति और औरों के प्रति शुभ वृत्ति से कार्य में लगाएंगे, उतना सद्कर्मो का खाता जमा होता जाएगा और बढ़ता जाएगा।इसके लिए अपने गुणों व शक्तियों को सदकार्य में लगाओ तो पुण्य बढ़ते जाएंगे। मनुष्य को प्राप्त गुण व शक्तियां परमात्मा का दिया वह प्रसाद है,जिससे हम अपने जीवन को 21 जन्मों के लिए सफल बना सकते है। हमे परमात्मा दाता को कभी भूलना नहीं चाहिए व मिले हुए ईश्वरीय ज्ञान खजाने को सफल करना चाहिए। साथ ही अपने ईश्वरीय संस्कारों को भी सफल करो जिससे व्यर्थ संस्कार स्वतः चले जाएंगे। सच ही है कि विद्या के बिना मानव जीवन व्यर्थ है। मानव के संपूर्ण विकास में विद्या की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। इससे मनुष्य अनुशासित होता है और उसका चरित्र निर्माण होता है। विद्या के बल से वह स्वार्थों से ऊपर उठ पाता है और प्रकृति एवं मानव जाति से प्रेम करना सीखता है। भौतिक विद्या तो स्कूलों एवं विश्वविद्यालयों में मिल जाती है। लेकिन सत्य एवं आध्यात्मिक ज्ञान सिर्फ परमपिता परमात्मा ही दे सकता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस सत्य को स्वीकार किया है। उन्होंने परमात्मा के यथार्थ रूप को पहचान कर और संपूर्ण ज्ञान को धारण करके ही अपने जीवन को दिव्य गुणों से संपन्न बनाया है।राष्ट्रपति मुर्मू का आध्यात्म के प्रति प्रेम उनके महामहिम बनने से पहले का है।वह लगभग 11 वर्षों से ब्रह्माकुमारी संस्थान के द्वारा सिखाए जाने वाले राजयोग मेडिटेशन और आध्यात्मिक ईश्वरीय वाणी मुरली को सुनती हैं और रोजाना राजयोग का अभ्यास भी करती हैं। ब्रह्माकुमारीज संस्थान के विश्वभर में स्थित सभी सेवा केंद्र पर एक साथ, एक ही समय पर सुबह 7 बजे से ईश्वरीय महावाक्यों पर आधारित मुरली होती है।जिसमें परमात्मा की ओर से सदशिक्षा,जीवन जीने की कला और जीवन के प्रति मार्गदर्शन मिलता है।इस राजयोग अभ्यास को करने व मुरली सुनने के लिए वे सदैव समय से सुबह साढ़े तीन बजे उठती है। सूबह उठने के बाद वह सबसे पहले वे ज्योतिर्बिन्दु स्वरूप परमपिता शिव परमात्मा का ध्यान करती हैं, जिन्हें ब्रह्माकुमारीज से जुड़े सभी भाईबहन प्यार से शिवबाबा कहते हैं। शिवलिंग के आकार की लाल लाइट के बिंदू पर वह अपना ध्यान लगाती हैं।वे शाम को भी 6.30 से 7.30 बजे तक राजयोग का अभ्यास करती हैं।

द्रौपदी मुर्मू ने ब्रह्माकुमारी संस्थान में एक चर्चा के दौरान कहा था कि वह जो कुछ बोल पाती है, वह आध्यात्मिक बल के कारण ही बोल पाती है।उन्होंने ग्रेजुएट किया हुआ है।लेकिन उन्हें हर विषय पर बोलने शक्ति परमात्मा से ही प्राप्त होती हैं। जब जीवन मे अंधकार छाया था,तब इसी ब्रह्माकुमारीज ने राजयोग का सहारा देकर द्रौपदी मुर्मू के जीवन मे उम्मीदों की रौशनी लाने का काम किया था। आज जब उसी ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय आबू में राष्ट्रपति बनने के बाद दूसरी बार द्रौपदी मुर्मू पहुंची तो लगा जैसे वे फिर से रूहानियत में खो गई हो। अपने मधुबन को निहारते हुए वे बोली, ब्रह्माकुमारीज संस्थान के विभिन्न सेवाकेन्द्रों पर जो आध्यात्म शक्ति प्राप्त होती है, उसका सबसे ज्वलंत उदाहरण स्वयं द्रौपदी मुर्मू है।जब वे अंधकारमय जीवन की ओर अग्रसर हो गई थी।तब मेडिटेशन और ध्यान योग के माध्यम से जीवन की मुख्य धारा में लौट पाई। द्रौपदी मुर्मू कहती है कि ब्रह्माकुमारीज एक ऐसा संस्थान है जो बहनों द्वारा संचालित किया जाता है व वरिष्ठ भाईयों द्वारा बहनों का सहयोग किया जाता है। ब्रह्माकुमारीज संस्थान की सफलता यह सिद्ध करती है कि अवसर मिलने पर महिलाएं पुरुषों से बेहतर कार्य कर सकती हैं। एक आध्यात्मिक संस्था के रूप में केवल ब्रह्माकुमारीज ही नहीं ऐसी कई संस्थाएं इस दिशा में आगे बढ़ रही हैं। आज ब्रह्माकुमारीज संस्थान विश्व के 140 देशों में साढ़े आठ हजार सेवाकेंद्रों का संचालन कर रहा है।

## खेल को खेल ही रहने दो ,कोई नाम न दो

राकेश अचल

**ग्वालियर में चौदह साल बाद होने** वाले एक अंतर्राष्ट्रीय मैच को लेकर हिन्दू-मुसलमान करने की कोशिश ग्वालियर को बदनाम करने के लिए काफी है । ग्वालियर वैसे भी नव-सामंती दौर से गुजर रहा है ऐसे में मुठ्ठी भर हिन्दुओं के विरोध के चलते बांग्लादेश और भारत के बीच 6 अक्टूबर को खेले जाने वाले टी-20 मैच में बढ़ा डालने की कोशिश हल्कापन है। ग्वालियर में भारत और बांग्लादेश के बीच टी-20 क्रिकेट मैच से पहले ही जिला मजिस्ट्रेट ने निषेधाज्ञा लागू कर दी है। तनाव के बीच कोई भी मैच आनंददायक कैसे हो सकता है ये बात हिन्दू महासभा को सोचना चाहिए। जग जाहिर है कि ये मैच ग्वालियर के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने बेटे महाआर्यमन सिंधिया की राजनीतिक दूकान सजाने के लिए लेकर आये है। ग्वालियर में क्रिकेट पर सिंधिया का दशकों पुराना कब्जा है। पहले ये मैच नगर निगम के कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम में होते थे,लेकिन अब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में क्रिकेट के लिए अपने पिता के नाम पर एक नया स्टेडियम तामीर करा लिया है। कोई और होता रो शायद ग्वालियर में क्रिकेट कि लिए नया स्टेडियम न बन पाता। ग्वालियर को 14 साल के अंतराल के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की मेजबानी कर रहा है। ग्वालियर में सिंधियाशाही एक अलग मुद्दा है लेकिन क्रिकट मैच एक अलग मुद्दा है। मै क्रिकेटप्रेमी होने के नाते नहीं बल्कि ग्वालियर वासी होने के नाते हिन्दू महासभा के नेताओं से गुजारिश करना चाहूंगा कि वे मैच को मैच ही रहने दें ,कोई नाम न दें । यहां खेलने आने वाले बांग्लादेश के खिलाडी हमारे दुश्मन नहीं है। हमने तो भारत के कटटर और घोषित दुश्मन पाकिस्तान के साथ भी अतीत में क्रिकेट खेली है। क्रिकेट खेल है ,इसे राजनीति का मुद्दा बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हिन्दू महासभा हिन्दुओं की ठेकदार सभा नहीं है । उसकी न कोई सियासी ताकत है और न मैदानी ताकत। वो केवल तनाव पैदा करने और प्रशासन को छकाने का काम कर सकती है और इसमें भी उसे कामयाबी मिलने वाली नहीं है ,क्योंकि पुलिस के पास इस मैच को करने के लिए पहले से हजार,डेढ़ हजार पुलिस कर्मी हैं। मैच के दिन हिंदू महासभा द्वारा किए गए ग्वालियर बंद और अन्य संगठनों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन इस मैच को बाधित नहीं कर सकते,हाँ वे पहले से बदनाम ग्वालियर को और बदनाम कर सकते हैं। ये काम तो सिंधिया खुद चौराहों पर अपने राजवंश के प्रतीक चिन्हों की जालियां स्मार्ट सिटी के कोष से कराकर पहले ही करा चुके हैं।

दक्षिणपंथी संगठन ने बुधवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर किए गए अत्याचार को लेकर रविवार के मैच को रद्द करने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन कर चुके है। इतना काफी है। इन संगठनों को सोचना चाहिए की हिन्दुओं की ठेकदार आरती की सरकार बांग्ला देश की निर्वासित पूर्व प्रधानमंत्री को आपने यहां मेहमानों की तरह रखे हुए है। ऐसे में बांग्लादेश के खिलाडियों का विरोध कोई मायने नहीं रखता। बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ जो बर्बरता हुई है उसके लिए खिलाडी नहीं ,बल्कि वहां के नेता जिम्मेदार है। भारत में भी अल्पसंख्यकों के साथ यदि कोई उत्पीड़न होता है तो खिलाडी नहीं नेता और सरकारें ही जिम्मेदार होती हैं। ग्वालियर वैसे भी विकास के मामले में प्रदेश के दूसरे इलाकों से बहुत पीछे है क्योंकि यहां के जन प्रतिनिधियों की कोई सुनता नहीं है और यहां जो होता है वो महाराज की मर्जी से होता है। हिन्दू महासभा यदि सचमुच ग्वालियर का हित चाहती है तो उसे ग्वालियर में सिटी बसें शुरू करने के लिए बंद का आव्हान करना चाहिये । स्मार्टसिटी का पैसा सिंधिया शाही की पुर्स्थापना पर खर्च करने के खिलाफ प्रदर्शन करना चाहिए। मैच के आयोजन के खिलाफ प्रदर्शन से ग्वालियर का हित होने वाला नहीं है। मैच देखने आने वाले अतिथि जब ग्वालियर की धुल उड़ाती सड़कों से गुजरेंगे तो उन्हें ग्वालियर के स्वयंभू महाराज के विकास कार्यों की हकीकत का पता खुद लग जाएगा।

ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान ने पुलिस अधीक्षक की सिफारिश पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। ये मजबूरी में उठाया गया कदम प्रतीत होता है। अपने दफ्तर में महात्मा गाँधी की हत्या के मामले में सजायाफ्ता गौड़से की प्रतिमा लगाने वाली हिन्दू महासभा पता नहीं क्यों बवाल कर रही है । हमारे यहां कहते हैं कि -मुठ्ठक चना,बाजे घना । यही हाल हिन्दू महासभा का है। सभा के पास इतने कार्यकर्ता भी नहीं है जो गिरफ्तारियां देकर पुलिस की दो लारियाँ भर सकें। हिन्दू महासभा यदि ग्वालियर के लिए लड़ना चाहती है तो ग्वालियर के उस सांसद के साथ खड़ी हो जो सिंधिया के प्रभुत्व से नगर निगम के कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम को मुक्त कराने के लिए प्रयत्नशील हैं। सिंधिया और उनकी क्रिकेट एसोशिएशन दशकों से रूप सिंह स्टेडियम की मालिक बनी हुई है। बेहतर हो कि हिन्दू महासभा बांग्लादेशी क्रिकेटरों का सम्मान करे,स्वागत करे और उन्हें ये महसूस कराये कि ग्वालियर भले ही नव सामंतवाद की चपेट में है किन्तु यहां समरसता है और बांग्लादेश से लाख गुना ज्यादा बेहतर है। मुझे उम्मीद है कि हिन्दू महासभा के नेता वक्त की नजाकत को समझेंगे । उन्हें क्रिकेट मैच का बहिष्कार करने के मुद्दे पर कोई जन समर्थन मिलने वाला नहीं है। वे नौजवान भी इस मुद्दे पर हिन्दू महसभा के बंद का साथ देने वाले नहीं हैं जिन्हें मैच के टिकट नहीं मिले ।या जो 6 अक्टूबर को मैच देखने की कोशिश में पुलिस की लाठियां खाएंगे। क्रिकेट प्रेमियों को ये पता नहीं है कि ये मैच ग्वालियर के नौवजवानों के लिए बल्कि एक युवराज की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आयोजित किया गया है। हिन्दू महासभा को याद रखना चाहिए कि खेल में राजनीती के दुष्परिणाम देश के पहलवान हाल ही में भुगत चुके हैं ग्वालियर एसपी ने कहा कि मैच के विरोध में विभिन्न संगठन जुलूस निकालने, प्रदर्शन करने और पुतला दहन करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक संदेश, चित्र, वीडियो, ऑडियो और अन्य माध्यमों से धार्मिक भावनाओं को भड़काया जा रहा है और सांप्रदायिक माहौल बनाया जा रहा है, जो सामाजिक सद्भाव के लिए हानिकारक है। मुझे लगता है कि ग्वालियर का प्रशासन और पुलिस भी इसीलिए वो सब करने के लिए कमर कसकर बैठा है जिससे ग्वालियर की बदनामी न हो। इसलिए मै फिर कहता हूँ की -खेल को खेल ही रहने दो इसे कोई नाम न दो। खासकर राजनीति का हिन्दू-मुसलमान का।

## एक देश, एक चुनाव, क्या इससे पार होगी सत्ता की नाव ?

ओमप्रकाश मेहता

**देश पर राज कर रही मौजूदा** भारतीय जनता पार्टी की सरकार और मुखिया नरेन्द्र भाई मोदी की सबसे अधिक समय तक राज करने वाली कांग्रेस व उसके नेताओं के बारे में राजनीतिक सोच चाहे जो भी हो, किंतु यह भी एक कटु सत्य है कि वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री के शासन की लीक पर चलने का प्रयास अवश्य कर रही है, इसका सबसे ताजा उदाहरण नया राजनीतिक नारा ह्यह्यएक देश-एक चुनावह्लह्ल है। आजादी के बाद चार आम चुनाव इसी नारे की लीक पर हुए, सन 1951 से 1971 तक सारे देश में सभी चुनाव एक साथ-एक ही समय पर हुए, किंतु उसके बाद विधानसभाऐं भंग होने के कारण निर्धारित समय से पिछड़ती गई और फिर संसद व विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे और यही परम्परा आज तक जारी है, किंतु अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी और उनकी सरकार फिर नेहरू युग की परिपाटी प्रारंभ करने पर गंभीर चिंतन कर रही है और उसने अपने इस इरादे पर विचार करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया था, जिसने अपनी सकारात्मक रिपोर्ट मोदी सरकार को सौंप दी है, अब केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह संकेत दिया है कि पांच साल बाद अर्थात 2029 के संसदीय चुनाव के साथ पूरे देश की विधानसभाओं व स्थानीय निकायों के भी चुनाव हो सकते है, इसके लिए सरकार को कुछ संविधान संशोधन विधेयक संसद से मंजूर करवाना पड़ेंगे, जिसकी कि अगले शीतकालीन सत्र के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। चूंकि आजादी के बाद से ही भारतीय राजनीति का मूल लक्ष्य सत्ता रही है, इसलिए इसकी प्राप्ति के लिए राजनेता अलग-अलग प्रयोग करते रहे है, इसीलिए ह्यएक देश-एक चुनावह्ल के मार्ग से भटक गए थे.... और इसी कारण पूरे पांच वर्ष तक देश में कहीं न कहीं चुनाव होते रहे है, जिससे देश का काफी धन और समय नष्ट होता रहा, किंतु अब प्रधानमंत्री की सार्थक सोच व पहल के साथ पुनः पुराना चुनावी युग लौटकर आने वाला है। देश के राजनीतिक पंडितों की सोच है कि चुनाव का अधिभार सत्तारूढ़ नेताओं के दिल-दिमाग पर नही होने पर वे देश के विकास व राष्ट्रीय जनहित के बारे में गंभीर चिंतन कर सकते है और देश विकास व समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ सकता है। अब इसी आधार पर यह संभावना प्रकट की जाने लगी है कि चूंकि 2029 से यह कानून लागू होने वाला है, इसलिए इससे पूर्व होने वाले सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव भी उनकी अवधि में वृद्धि कर संसद के चुनाव के साथ ही कराए जाएगें, जिनमें मध्यप्रदेश की विधानसभा भी है, जिसकी मौजूदा अवधि 2028 में पूरी हो रही है। अतः उसकी भी अवधि में एक साल की वृद्धि की जा सकती है। वैसे केन्द्र द्वारा इस प्रस्ताव पर गठित कमेटी ने भी अपनी रिपोर्ट में जो सिफारिशें की उसमें यह पहली सिफारिश ही है, जिसमें कहा गया है कि सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक बढ़ाया जाए, लेकिन बहुमत नही मिलने और सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने पर बीच में भी चुनाव कराए जा सकते है, देश में ये चुनाव दो चरणों में कराए जा सकते है, पहले चरण में संसद व विधानसभाओं के चुनाव कराए जा सकते है और इसके बाद सौ दिन की अवधि में ही ग्रामीण व शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव कराए जा सकते है और जहां तक मतदाता सूची का सवाल है, इन दोनों चरणों के चुनावों के लिए एक ही मतदाता सूची रहेगी और इन दोनों चुनावों को पूरी सतर्कता व योजनाबद्ध तरीके से सम्पन्न कराया जाएगा।

## आज का राशिफल

**मेष** आपको करियर में धन लाभ होगा और कारोबार में अच्छी कमाई होने से आपका मन खुश रहेगा।

**तुला** आज दिन सफलता से भरा होगा और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन खुश होगा।

**वृषभ** लाभ होगा और आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने से आपको खुशी होगी।

**वृश्चिक** आज लाभ होगा और आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। दिन काफी मजबूत है।

**मिथुन** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

**धनु** आपको बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाने से बड़ा लाभ होगा।

**कर्क** कारोबार में मनचाही सफलता प्राप्त होगी। आपकी तरक्की के शानदार योग बन रहे हैं।

**मकर** आपको पार्टनरशिप के काम में लाभ होगा। पार्टनरशिप के बिजनस में लाभ होगा।

**सिंह** आज काफी बिजी रहेंगे और दिन भर भागदौड़ करते रहेंगे। पूरा दिन दौड़भाग करनी पड़ेगी।

**कुंभ** सफलता प्राप्त होगी और आपका दिन आनंद में बीतेगा। खानपान में लापरवाही न बरतें।

**कन्या** संयम से काम लेने की सलाह है। आसपास के लोगों से किसी मामले में उलझने से बचें।

**मीन** कारोबार में सफलता के योग बन रहे हैं। जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा।

## राजकाज

### हरियाणा में ताल ठोंकते केजरीवाल

**हरियाणा विधानसभा के** चुनाव में आम आदमी पार्टी ने लगभग सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। वह जिस तरह से ताल ठोक रहे हैं। चुनाव के मैदान में उसका कोई असर होता हुआ दिख नहीं रहा है। हां कांग्रेस और भाजपा दोनों का ब्लड प्रेशर जरूर बढ़ा हुआ है। वोट कटवा पार्टी के रूप में वह किसे नुकसान पहुंचाएंगे, और किसका फायदा करेंगे। इसको लेकर आम आदमी पार्टी की चर्चा हो रही है। जिस तरह की हवा चल रही है। उसमें कांग्रेस वर्सेस ऑल का चुनाव हरियाणा विधानसभा में देखने को मिल रहा है। कहा जा रहा है कि आम आदमी पार्टी बीजेपी का ही नुकसान करेगी। इस तरह की चर्चा हरियाणा में हो रही है।

### मोदी को प्रधानमंत्री की कुर्सी से हटकर ही मरूंगा खड़गे

**जम्मू कश्मीर का तीसरे चरण** का चुनाव मंगलवार को हो गया है। मंगलवार को 40 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ है। इसके पहले दो चरणों में 50 सीटों में मतदान हो चुका है। चुनाव प्रचार में भाजपा कांग्रेस के साथ सभी प्रादेशिक पार्टियों के नेताओं ने बढ़ चढ़कर प्रचार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने अपनी पूरी ताकत झोंकी है। दोनों कद्दावर नेताओं की साख दांव पर लग गई है। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक जनसभा को संबोधित करते हुए मंच पर बेहोश हो गए। जब उन्हें होश आया, तो उन्होंने कहा मैं अभी नहीं मरूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुर्सी से हटाकर ही मरूंगा। उनके इस बयान से जम्मू कश्मीर के तीसरे चरण की चुनाव की फिजा बदलती हुई दिख रही है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1582 पोप के राज्यों में ग्रेगोरियन कैलेंडर लागू किया गया। 1676 ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत के सिक्के ढालने का अधिकार मिला। 1793 फ्रांस में ईसाई धर्म के पदों को समाप्त कर दिया गया। 1805 लार्ड कार्नवालिस का गाजीपुर में निधन हुआ। 1937 क्लाइड पैंगबार्न और ज्यूग हर्नडान ने जापान से वाशिंगटन तक की दूरी 4 घंटे में पूरी की। 1964 काहिरा में गुट निरपेक्ष देशों के सम्मेलन में कांगों के मोइसे शोम्बे को भाग लेने की अनुमति नहीं दी गयी। 1977 पुर्तगाल गणराज्य बना। 1978 अमरीका ने नामीबिया में अश्वेतों को सत्ता हस्तांतरण के लिए विदेश मंत्री साइरस वांस को भेजने का फैसला किया। 1984 फडीनांड प्रथम ने बल्गारिया को स्वतंत्र घोषित किया। 1983 पोलैंड के श्रमिक नेता लेक वालेशां को नोबेल शांति पुरस्कार देने की चोषणा की गयी। 1987 दक्षिण अफ्रीका सरकार ने शवेतों के साथ अश्वेतों को बंसने की अनुमति देने का फैसला किया।

## दैनिक पंचांग

5 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.49 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृश्चिक | 09.04 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 11.20 बजे से |
| बुध | कन्य में | मकर | 13.25 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 15.11 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 16.44 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.15 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 19.55 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 21.53 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | कर्क | 00.06 बजे से |
| | | सिंह | 02.22 बजे से |
| | | कन्या | 04.34 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 279 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2081
**शक संवत्** 1946
**मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया अहोरात्र।
**नक्षत्र** स्वाती 21.33 बजे को समाप्त।
**योग** विष्कुम्भ अहोरात्र।
**करण** तैतिल 18.43 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 02.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 50'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872123
**जूलियन दिन** 2460588.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उस्सानी
**तारीख** 01
**विशेष** विश्व शिक्षक दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# तुलसी की माला और रुद्राक्ष को एक साथ पहना जा सकता है

**हिन्दू धर्म में कई तुलसी और रुद्राक्ष माला का महत्व होता है। मन को शांत रखने और जीवन में सुख-समृद्धि बनाए रखने के लिए हम कई उपाय करते हैं। वहीं हम गले में रुद्राक्ष या तुलसी की माला पहनते हैं। हालांकि कुछ लोग इसके ब्रेसलेट भी बनवाकर गले में पहनते हैं। इन दोनों ही माला को गले में धारण करने के अनेक फायदे होते हैं। वहीं यह भी कहा जाता है कि इन दोनों को एक साथ में नहीं पहनना चाहिए। तो आइये जानते हैं क्या तुलसी की माला और रुद्राक्ष को एक साथ में पहनना चाहिए या नहीं**

## तुलसी की माला और रुद्राक्ष को क्यों पहना जाता है

तुलसी की माला और रुद्राक्ष को हिन्दू धर्म में महत्त्व अधिक होता है। तुलसी के पौधे की पूजा भी की जाती है। वहीं तुलसी को मां लक्ष्मी का प्रतीक भी माना जाता है। रुद्राक्ष की माला पहनने से मन को शान्ति मिलती है। इन दोनों को पहनने के कई नियम भी होते हैं, जिनका पालन करना बेहद जरूरी होता है। मानसिक तनाव से लेकर जीवन में सुख–समृद्धि को बनाए रखने के लिए तुलसी की माला और रुद्राक्ष को धारण करना शुभ माना जाता है। रुद्राक्ष आपके शरीर में सकरात्मक उर्जा को बरकरार रखने में भी मदद करता है।

## क्या है एक्सपर्ट की राय

सेलिब्रिटी एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी के अनुसार, भगवान शिव का एक रूप होता है, जिसे हरिहर के नाम से जाना जाता है। इस रूप में भगवान नारायण और भगवान शिव दोनों हीविराजमान होते हैं। कहा जाता है कि हरिहर में इनकी छवि नजर आती है। हरिहर रूप के आधार पर आप तुलसी की माला और रुद्राक्ष को एक साथ में पहन सकते हैं। इसमें किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं है।



# कलयुग में इस रूप में अवतार लेंगे भगवान गणेश, पुराणों में मिलता है वर्णन

**मान्यता है कि भगवान विष्णु के कल्कि अवतार लेने के बाद कलयुग का अंत हो जाएगा। इतना ही नहीं, भगवान विष्णु के साथ-साथ भगवान गणेश का भी नए अवतार में जन्म होगा। भगवान गणेश का कलयुग में जो अवतार होगा, उसका नाम 'धूम्रकेतु होगा। वे अपनी सेना के साथ पापियों का नाश करेंगे।**

धर्म ग्रंथों के अनुसार, जब–जब संसार में अन्याय और अधर्म फैलने लगा, तब–तब भगवान विष्णु ने नया अवतार लेकर धर्म की पुन– स्थापना की। इनमें से श्रीहरि का 'कल्कि अवतार' अभी होना बाकी है। इसी तरह जब पृथ्वी पर पाप, अत्याचार और अधर्म अपने चरम पर पहुंच जाएंगे, तब भगवान गणेश मनुष्यों को धर्म का मार्ग दिखाने के लिए अवतार लेंगे।

## पहले भी अवतार ले चुके हैं भगवान गणेश

पुराणों के अनुसार, जब पृथ्वी पर कलयुग अपने चरम पर होगा और हर तरफ बुराई का साम्राज्य होगा, तब गणपति जी पृथ्वी पर अवतरित होंगे। इससे पहले भी भगवान गणेश कई अवतार ले चुके हैं। वे हर युग में अवतरित हुए हैं और उन्होंने दुष्टों का नाश किया है। सतयुग में वे महोत्कट विनायक के रूप में प्रकट हुए, त्रेतायुग में वे मयूरेश्वर के नाम से जाने गए और द्वापर युग में वे शिवपुत्र गजानन के नाम से जाने गए।

## अन्याय का नाश करने के लिए जन्म लेंगे भगवान गणेश

गणेश पुराण में वर्णन किया गया है कि जब ब्राह्मणों का मन वेदाध्ययन की बजाय अन्य कार्यों में लगने लगेगा। जब वे तप, यज्ञ और शुभ कर्म करना बंद कर देते हैं। जब लोग बारिश न होने के कारण नदी के किनारे खेती करने लगेंगे, तब भगवान गणेश कलयुग में अवतार लेंगे। जब लोग लालच के कारण एक–दूसरे को धोखा देने से नहीं हिचकिचाएंगे। विद्वान और धार्मिक लोग भी लोभ के कारण धन कमाने के प्रयास में मूर्ख बन जाएंगे। उनके पास जो कुछ भी है वह भी खो जायेगा। जब लोग पराई स्त्रियों पर बुरी नजर रखेंगे और ताकतवर लोग कमजोर को परेशान करेंगे, तब इस धरती से अन्याय का नाश करने के लिए भगवान गणेश का जन्म होगा। जब कलयुग में लोग धर्म का मार्ग छोड़कर अधर्म के मार्ग पर चलने लगेंगे या लोग अपने लालच को पूरा करने के लिए देवताओं की जगह आसुरी शक्तियों की पूजा करने लगेंगे। ब्राह्मण अपने अच्छे कर्म छोड़कर लालच के कारण अपना पेट भरने लगेंगे।

## 'धूम्रकेतु' रूप में अवतार लेंगे गणेश जी

जब वैश्य समाज के लोग मेहनत से धन कमाने की बजाय बुरे आचरण से धन कमाने लगेंगे, स्त्रियां अपने पति की भक्ति छोड़कर पाप का मार्ग अपना लेंगी। लोग अपने माता–पिता और बड़ों का अपमान करने लगेंगे, ऐसे में भगवान गणेश को धरती पर आना होगा और अवतार लेना होगा। कलयुग में भगवान गणेश के अवतार को 'धूम्रकेतु' कहा जाएगा। भगवान गजानन इस अवतार में लोगों को ज्ञान देने और कलयुगी समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए अवतरित होंगे। यह भविष्यवाणी गणेश पुराण में की गई है।



# नवरात्रि के 9 दिनों में क्या-क्या खरीदें

क्या आप जानते हैं कि नवरात्रि के पवित्र त्योहार पर ऐसी कौन–कौन–सी चीजें खरीदें जिससे सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाए। अगर नहीं तो आप भी जानिए और अवश्य खरीदें नवरात्रि में इन चीजों को.

- आरोग्य पाना चाहते हैं तो नवरात्रि के प्रथम दिन से लेकर अंतिम दिन तक कभी भी गाय का घी लाकर रखें।
- अपना घर चाहते हैं तो मिट्टी का छोटा सा घर लाकर पूजा स्थल में रखें।
- अगर विदेश यात्रा करना चाहते हैं तो 9 दिनों में कभी भी पताका (ध्वजा या परचम) खरीद कर नौ दिनों तक पूजा करें और नवमी के दिन किसी देवी मंदिर में अर्पित करें।
- आर्थिक कष्टों से मुक्ति के लिए चांदी की कोई भी शुभ सामग्री लाकर देवी को समर्पित करें।
- नौकरी में पदोन्नति चाहते हैं तो 3 नारियल लाकर पहले घर में रखें और नवमी के दिन मंदिर में चढ़ाएं।
- आकर्षण बढ़ाना चाहते हैं तो धूप, सुगंध, अगरबत्ती, रूई या चमकीली सफेद सामग्री खरीदें।
- नवरात्रि के दिन मौली खरीद कर उस पर नौ गांठ लगा कर देवी को समर्पित करें और फिर उसे सदा अपने पास रखने से हर कार्य में सफलता मिलती है।
- अपार धन संपत्ति के लिए इन नौ दिनों में किन्नर से पैसा लेकर तिजोरी या पर्स में रखें।
- सौभाग्य में वृद्धि के लिए समस्त सुहाग श्रृंगार सामग्री (कांच, काजल, कुमकुम, मंगलसूत्र, चूड़ी, कंघी, बिछिया, चुनरी) खरीदें और काली मां को नवमी के दिन चढ़ाएं।

# नागकेसर पौधे की पूजा किस विधि से करनी चाहिए

**हिंदू धर्म में सभी पेड़-पौधे की पूजा के बारे में विस्तार से बताया गया है। ऐसी मान्यता है कि पेड़-पौधों में देवता वास करते हैं। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि नागकेसर पौधे की पूजा किस विधि से करनी चाहिए।**

हिंदू धर्म में पेड़–पौधों को सदियों से पवित्र माना जाता है और इनकी पूजा की जाती है। पेड़–पौधे पंचतत्वों – पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश का प्रतिनिधित्व करते हैं। इनकी पूजा करने से व्यक्ति को ग्रहदोष से छुटकारा मिल सकता है। कई पेड़ों को देवी–देवताओं का वास माना जाता है। जैसे पीपल का पेड़ भगवान विष्णु से, तुलसी का पौधा माता लक्ष्मी से और बरगद का पेड़ शिवजी से जुड़ा हुआ है। इनकी पूजा करके हम देवी–देवताओं को प्रसन्न करते हैं। बता दें, नागकेसर पौधे का संबंध भगवान शिव से है। नागकेसर पौधे की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। अब ऐसे में नागकेसर पौधे की पूजा किस विधि से करनी चाहिए और इस पेड़ की पूजा करने का महत्व है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य  विस्तार से जानते हैं।

## नागकेसर पौधे की पूजा कैसे करें

- नागकेसर पौधे की पूजा करने के लिए ब्रह्म मुहूर्त सबसे उत्तम माना जाता है।
- नागकेसर पौधे की पूजा करने से पहले स्नान–ध्यान करें और पूजा की तैयारी करें।
- पूजा से पहले नागकेसर के पौधे को साफ पानी से धो लें।
- पौधे को एक साफ स्थान पर रखें और उसे रोली से तिलक लगाएं।
- पौधे के सामने एक दीपक जलाएं।
- धूपबत्ती जलाएं।
- नागकेसर के फूलों को तोड़कर भगवान शिव को अर्पित करें। जल, दूध, शहद और चंदन का लेप लगाएं।
- नमः शिवाय मंत्र का जाप करें।
- भगवान शिव की आरती करें।
- आखिर में पूजा करने के बाद भगवान के चीलासी का पाठ एक आसन पर बैठकर करें।
- नागकेसर पौधे की पूजा करने का महत्व क्या है
- नागकेसर को भगवान शिव का प्रिय माना जाता है। इसलिए इसकी पूजा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। नागकेसर की पूजा करने से मन शांत होता है। यह व्यक्ति को मानसिक शांति और स्थिरता प्रदान करता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, नागकेसर का पौधा घर में रखने से वास्तु दोष दूर होते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। नागकेसर पौधे की पूजा करने से पारिवारिक शांति बनी रहती है। इसके अलावा नागकेसर पौधे की पूजा करने से व्यक्ति की कुंडली में स्थित ग्रहदोष से भी छुटकारा मिल जाता है।





# शनिवार के दिन दीपक जलाने के दौरान जरूर डालें ये एक चीज, शनिदोष से मिल सकता है छुटकारा

**शनिवार, हिंदू धर्म में न्याय के देवता शनिदेव को समर्पित दिन है। शनिदेव, र्यदेव के पुत्र हैं और उन्हें कर्मफलदाता के नाम से भी जाना जाता है। शनिवार का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इस दिन शनिदेव की पूजा करने से सुख-समृद्धि, आरोग्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है।**

शनि की साढ़े साती के दौरान शनिवार का दिन विशेष महत्व रखता है। इस दिन शनि देव को प्रसन्न करने के लिए उपाय किए जाते हैं। अब ऐसे में किसी जातक की कुंडली में शनिदोष है, तो शनिवार के दिन संध्या के समय दीपक में तिल डालकर जलाना शुभ माना जाता है। आइए इस लेख में इस उपाय के बारे में विस्तार से जानते हैं।

## शनिवार के दिन दीपक में डालें काला तिल

हिंदू धर्म में, शनिवार का दिन शनि देव को समर्पित होता है। शनि देव न्याय, कर्म और भाग्य के देवता माने जाते हैं। शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि शनिवार को दीपक में काला तिल डालकर जलाने से शनि देव प्रसन्न होते हैं। शनि देव की दशा, साढ़े साती या कुंडली में शनि का अशुभ प्रभाव होने पर शनिवार को दीपक में काला तिल डालकर जलाने से शनि की पीड़ा कम होती है। काले तिल में नकारात्मक ऊर्जा को सोखने की क्षमता होती है। माना जाता है कि शनिवार को दीपक में काला तिल डालकर जलाने से घर–परिवार से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मकता का संचार होता है।

## शनिवार के दिन इस विधि से जलाएं दीपक

- शनिवार को सूर्यास्त के बाद स्नान करके स्वच्छ वस्त्र पहनें।
- एक दीपक लें और उसमें तिल का तेल भरें।
- दीपक में 7, 14, 21 या 28 काले तिल डालें।
- दीपक को शनि देव की प्रतिमा के सामने या घर के पूजा स्थान पर रखें।
- दीपक जलाकर शनि देव का मंत्र जाप करें या शनि चालीसा का पाठ करें।
- दीपक को पूरी तरह जलने दें।

## दीपक जलाने के दौरान इन नियमों का करें पालन

दीपक का तेल तिल का तेल ही होना चाहिए। काले तिल स्वच्छ और बिना टूटे हुए होने चाहिए। दीपक को दक्षिण दिशा की ओर रखना चाहिए। दीपक को श्रद्धा भाव के साथ जलाएं। साथ ही जब तक पूरी तरह से न जल जाएं, उसे बूझने न दें। दीपक जलाने के दौरान शनिदेव के मंत्रों का जाप विशेष रूप से करें। साथ ही शनि चालीसा का पाठ करना उत्तम फलदायी साबित हो सकता है।

**संक्षिप्त समाचार**

## सीआरपीएफ जवान ने ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

**रांची, एजेंसी।** सीआरपीएफ के एक जवान ने ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. यह घटना नगड़ी थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित सेंबो स्थित सीआरपीएफ कैंप में गुरुवार सुबह घटी. यहां ड्यूटी पर रहे सीआरपीएफ के जवान ने अपनी इंसास राइफल से खुद को गोली मार ली. मौके पर ही उसकी मौत हो गयी घटना की सूचना मिलने के बाद सीआरपीएफ के वरीय अधिकारी समेत नजदीक के थाना की पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. सीआरपीएफ के जवान ने किस वजह से गोली मारी है, अब तक इसकी आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी सामने नहीं आयी है. बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से वह मानसिक रूप से तनाव में था. मृतक जवान की पहचान राहुल कुमार के रूप में हुई है, वह मूल रूप बोकारो जिले का रहने वाला था. गौरतलब है,कि इससे एक दिन पहले बुधवार की सुबह चाईबासा में एक एएसआई ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी.

**झारखंड में एक साल में 12 से अधिक जवानों ने की आत्महत्या:** झारखंड में बीते एक साल में पुलिस, अर्धसैनिक बल और सेना के 12 से अधिक जवानों ने आत्महत्या की है. इनकी आत्महत्या की मुख्य वजह या तो वर्क प्रेशर है, नहीं तो उनकी निजी जिंदगी में चल रही परेशानियां. बता दें कि ड्यूटी पर तनाव, ओवरटाइम और छुट्टी ना मिलना पुलिसकर्मियों की जिंदगी का हिस्सा बन गया है. इसका असर उनकी लाइफस्टाइल पर भी पड़ने लगा है. काम के दबाव के कारण उन्हें स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं. इन परेशानियों से तंग आकर पुलिसकर्मी आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं. पुलिसकर्मियों द्वारा समय से पहले रिटायरमेंट लेने के पीछे भी शायद यही वजह है।

## ईश्वर का दूसरा रूप है स्वच्छता : अंजनी कुमार

**धनबाद , एजेंसी।** डीवीसी मैथन परियोजना में बुधवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनायी गई. परियोजना प्रधान अंजनी कुमार दुबे ने बापू की तस्वीर पर फूल-माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. साथ ही परियोजना में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि ईश्वर का दूसरा रूप स्वच्छता ही है. आप अपने कार्य स्थल व घर के आसपास स्वच्छ रखें, ताकि आप स्वस्थ रह सकें. वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने पखवाड़े की रूपरेखा प्रस्तुत की. समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों और कार्मियों ने पुष्प अर्पित कर दोनों महापुरुषों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की. कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (मानव संसाधन) पिंकी ने किया. मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक राम स्नेह शर्मा, महाप्रबंधक सुरेंद्र साहू, शैलेश गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक दीपनारायण पटेल, संजीव कुमार समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे.

## झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को

**रांची, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस को चुनाव मोड में लाने की तैयारी शुरू हो गयी है. जल्द ही झारखंड में आचार संहिता लग सकती हैं. इसे देखते हुए चार अक्टूबर( शुक्रवार) को सभी रेंज के डीआईजी और जिलों के एसपी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. प्रशिक्षण कार्यक्रम चुनाव आयोग के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा हैं. धुर्वा स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम दिन के 11 बजे से शाम के 5.15 बजे तक चलेगा. निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार और आईजी अभियान एवी होमकर पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे.

**निर्वाचन आयोग के मैनुअल के तहत प्रशिक्षण दिया जायेगा:** विधानसभा चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में कराया जाना है. इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग नयी दिल्ली से जारी मैनुअल के तहत ही प्रशिक्षण पर जोर दिया जा रहा है. प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों को मतदानकर्मियों की सुरक्षा से लेकर बूथ की निगरानी तक की रणनीति से अवगत कराया जायेगा।

# झारखंड से दिल्ली के लिए चलेगी नई एक्सप्रेस ट्रेन, उड़ीसा रूट पर बनेंगी 3 रेलवे लाइन

**रांची, एजेंसी।** रेलवे ने दिल्ली रूट के लिए गोड्डा स्टेशन से एक नई एक्सप्रेस ट्रेन का ऐलान किया है। इसकी समय सारिणी भी रेलवे द्वारा जारी कर दी गई है। इसके साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड और ओडिशा की तीन नई लाइन का शिलान्यास कर सकती हैं। उनका 23 अक्तूबर को रायरंगपुर स्थित पैतृक गांव ऊपरबेड़ा में आगमन प्रस्तावित है। इससे ओडिशा मयूरभंज जिला प्रशासन रायरंगपुर स्टेशन से 18 किमी और ऊपरबेड़ा गांव के आधा किमी दूर खेत में हैलीपेड बनवा रहा है।

पिछले महीने प्रधानमंत्री ने भी चाकुलिया-बुरामारा, बादामपहाड़-क्योंझर और गुरुमाहिसानी-बांगडीपोसी नई लाइन को मंजूरी दी है। रेलवे करीब 57 सौ करोड़ से 227 किमी नई चाकुलिया-बुरामारा, बादामपहाड़-क्योंझर व गुरुमाहिसानी-बांगडीपोसी के बीच नई लाइन बिछाएगा। तीनों नए रेल मार्ग पर 18 स्टेशन बनेंगे, जबकि तीन सुरंग के साथ 447 छोटे-बड़े पुल व ओवरब्रिज बनाने की तैयारी है। रेलवे का मानना है कि तीनों नई लाइन शुरू होने से टाटानगर समेत हावड़ा-मुंबई और ओडिशा रेल मार्ग पर लाइन जाम की समस्या खत्म हो जाएगी और यात्री ट्रेनों के परिचालन में भी सुधार होगा।



**गोड्डा से दिल्ली ट्रेन को रेल मंत्रालय की स्वीकृति:** गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस परिचालन को रेल मंत्रालय की स्वीकृति मिल गई है। इस बाबत रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक (कोचिंग) विवेक कुमार सिन्हा द्वारा पत्र जारी किया गया है।

इसमें ट्रेन परिचालन की समय सारिणी दी गई है। ट्रेन परिचालन की तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी।

गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस साप्ताहिक चलेगी। ट्रेन दिल्ली से सोमवार दोपहर 3 बजे (14050) खुलेगी। गोड्डा मंगलवार दोपहर 3 बजकर 45 मिनट पर पहुंचेगी। गोड्डा से यह ट्रेन (14049) बुधवार पूर्वाह्न 10 बजे खुलेगी। गुरुवार सुबह 9 बजकर 10 मिनट पर दिल्ली पहुंचेगी।

**इन जगहों से होकर गुजरेगी ट्रेन दिल्ली गोड्डा एक्सप्रेस :** दिल्ली से खुलकर टुंडला, कानपुर, प्रयागराज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, गया, कोडरमा, जमुआ, न्यू गिरिडीह, मधुपुर, जसीडीह, देवघर, ककनी और हंसडीहा होते हुए गोड्डा पहुंचेगी। गिरिडीह से ट्रेन का परिचालन लगभग 150 साल पहले शुरू हुआ था। गिरिडीह से मधुपुर या पारसनाथ जाकर ही गिरिडीहवासी दिल्ली के लिए ट्रेन पकड़ पाते थे।

की सवारी कर पाते थे। 150 साल बाद राजधानी दिल्ली के लिए ट्रेन की स्वीकृति मिलने पर गिरिडीहवासियों में हर्ष है। इसके लिए दक्षिण-पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, रेल मंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है।

## टाइगर जयराम महतो का ऐलान, डुमरी विधानसभा सीट से लड़ेंगे विधानसभा चुनाव; 6 और प्रत्याशी घोषित

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले झारखंड क्रांतिकारी लोकतांत्रिक मोर्चा ने छह विधानसभा सीटों से अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी अध्यक्ष जयराम महतो डुमरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने डुमरी, जमुआ, राजमहल, तमाड़, सरायकेला और छतरपुर सीट से प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। गुरुवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी अध्यक्ष जयराम महतो ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की।



उन्होंने बताया कि बुधवार को पारसनाथ में आयोजित केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से छह प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई। जयराम ने बताया कि अगले एक-दो दिनों में पार्टी की दूसरी सूची भी जारी की जाएगी। छह प्रत्याशियों में से दो महिलाओं को उन्होंने टिकट देकर आधी आबादी का भी सम्मान किया है। अपनी दूसरी सीट के बारे में जयराम ने कहा कि वह टुंडी, बाघमारा, मांडू, गोमिया या बेरमो में से किसी एक सीट पर और चुनाव लड़ेंगे।

सिल्ली से अमित को प्रत्याशी बनाने का प्रयास जयराम महतो ने कहा कि सिल्ली को लेकर वह विशेष रणनीति तैयार कर रहे हैं। वहां से पूर्व विधायक अमित महतो को जेकेएलएम से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है। वह चाहते हैं कि झारखंडी हित की बात करनेवाले नेता मिलकर चुनाव लड़ें तो बेहतर है।

खतियान आधारित नियोजन नीति समेत स्थानीय मुद्दों पर लड़ेंगे जयराम महतो ने कहा कि वह स्थानीय मुद्दे पर लड़ेंगे। झारखंड में खतियान आधारित नियोजन नीति की मांग पार्टी करती आ रही है। इस मुद्दे को वह जनता के बीच में ले जाएंगे। साथ ही विस्थापन, कोल एरिया में मजदूरों की समस्या को लेकर चुनाव में जाएंगे। झारखंड की लगभग सभी पाटियों ने उनसे गठबंधन के लिए ऑफर दिया है,पर वह किसी से गठबंधन नहीं करने वाले हैं। जयराम ने कहा कि संताल में बांग्लादेशी घुसपैठियों का वह विरोध करते हैं। घुसपैठियों की वजह से आदिवासियों की संख्या घट रही है। इससे झारखंड की डेमोग्राफी बदल जाएगी।

**70 सीटों पर लड़ेगी पार्टी, छह पर प्रत्याशी तय:** जयराम ने कहा कि उत्तरी छोटानागपुर की सभी सीटों समेत लगभग 70 सीटों पर पार्टी चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुकी है। बाकी सीटों पर आवेदन आए तो सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। जयराम महतो ने जमुआ से रोहित कुमार दास, राजमहल से मोतीलाल सरकार, तमाड़ से दमयंती मुंडा, सरायकेला से प्रेम मार्डी, छतरपुर से प्रीति राज को जेएलएलएम का प्रत्याशी घोषित किया है।

## कतरास में जनशक्ति दल के कार्यालय के पास झाड़ियों में बम मिलने से सनसनी

**धनबाद/कतरास, एजेंसी।** रामकनाली ओपी क्षेत्र के 8 लाइन सड़क किनारे जन शक्ति दल के प्रधान कार्यालय के समीप झाड़ियों में गुरुवार को एक जिंदा बम बरामद किया गया. जन शक्ति दल व जदयू समर्थकों के बीच जमीन विवाद के बाद बम मिलने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई. मामले को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं. खबर पाकर रामकनाली ओपी प्रभारी मंगल प्रसाद कुजूर मौके पर पहुंचे और बम को डिफ्यूज कराया. इसके बाद लोगों ने राहत की सांसें ली. बताया जाता है कि आठ लेन सड़क के किनारे दल के प्रधान कार्यालय जाने वाले मार्ग की झाड़ियों की साफ-सफाई दल के सुप्रीमो सूरज महतो के भाई करा रहे थे. साफ-सफाई कर रहे मजदूरों ने झाड़ियों में बम देख कर लोगों को जानकारी दी. देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जुट गई.

मालूम हो कि बीते दिनों उदलबनी मौजा की जमीन को लेकर जदयू प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह व जन शक्ति दल के सुप्रीमो सूरज महतो के समर्थकों के बीच मारपीट की घटना हुई थी. इस दौरान गोली चलने की बात भी कही जा रही थी. घटना के बाद एक ओर जहां दल के सुप्रीमो सूरज महतो ने जदयू प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह, उनके भतीजे सूरज सिंह, प्रिंस सिंह सहित अन्य पर हत्या की नियत से गोली चलाने का आरोप लगाया था. वहीं, दीप नारायण सिंह के भतीजे सूरज सिंह ने दल के सूरज महतो को अपराधी बताते हुए कहा था कि खमारगोडा की जमीन के एवज में उन लोगों से 50 लाख की रंगदारी मांग रहे थे. नहीं देने पर जमीन की बाउंड्री वॉल क्षतिग्रसत कर मारपीट की गई।

## दुर्गा पूजा के बीच सेलकर्मियों की हो गई बल्ले-बल्ले, मिलेगा 26,500 रुपये बोनस

**बोकारो, एजेंसी।** सेल कामगारों के बोनस पर एक अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रबंधन व एनजेसीएस नेताओं की वार्ता विफल होने के बाद प्रबंधन ने निर्णय किया है कि संयंत्रकर्मियों को इस मद में 26,500 रुपये तथा प्रशिक्षुओं को 21,200 रुपये देगा। यह राशि दुर्गापूजा से पहले कर्मियों के खाते में भेज दी जाएगी।

गुरुवार को सेल कॉरपोरेट ऑफिस से आदेश जारी कर दिया गया है। इस्को बर्नपुर स्टील प्लांट की तरफ से सर्कुलर भी जारी कर दिया गया है। बोकारो एवं अन्य स्टील प्लांट की ओर से शुक्रवार की सुबह आदेश जारी होने की संभावना है।

हालांकि, सेल प्रबंधन के आला अधिकारी एनजेसीएस के वरीय नेताओं से लगातार संपर्क कर रहे है। गत वर्ष भी समझौता नहीं होने की स्थिति में प्रबंधन ने 23 हजार रुपये का भुगतान कर दिया था।

एनजेसीएस स्टेयरिंग कमेटी के समन्वयक सह सीटू के वरिष्ठ नेता ललित मोहन मिश्र ने साफ कहा कि बोनस के मसले पर प्रबंधन के साथ कोई समझौता नहीं किया है, ना ही समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुआ है। ऐसे में यदि संयंत्रकर्मियों के बैंक खाते में प्रबंधन अपनी ओर से बोनस राशि भेज रहा है तो यह मनमानी है।




पिछले साल भी प्रबंधन ने बोनस के समय ऐसा ही किया था। ऐसे में सेल में नवंबर के बजाय अक्टूबर में ही हड़ताल हो जाएगी जो 30 जून, 2021 की ऐतिहासिक हड़ताल से भी घातक परिणाम देने वाली होगी। प्रबंधन ने बोनस मद में 26,500 रुपये का प्रस्ताव दिया, जबकि हम 52 हजार रुपये की मांग कर रहे है।

इस मुद्दे पर प्रबंधन यदि अगली बैठक बुलाता है तो हम जरूर जाएंगे, लेकिन कर्मचारियों की मेहनत व कंपनी का लाभ देखते हुए 40,500 रुपये से कम बोनस पर समझौता नहीं होगा।

वहीं, इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजीवा रेड्डी ने कहा कि सेल में हड़ताल ही अब एकमात्र विकल्प रह गया है। प्रबंधन यदि कामगारों के बैंक खाते में राशि भेज भी देता है तो हमारा निर्णय नहीं बदलेगा। एनजेसीएस की पांचों यूनियन की ताकत कर्मचारियों को उनका हक दिलाकर रहेगी।

कंपनी के पूर्व अधिकारियों का 11 माह का बकाया पर्क्स तथा सेवारत अफसरों के पीआरपी भुगतान पर पेंच फंस गया है। सेल प्रबंधन कंपनी की वित्तीय स्थिति का हवाला देकर ज्यादा बोनस देने को तैयार नहीं है।

ऐसे में बगैर बोनस समझौता अधिकारियों को पीआरपी व पर्क्स दिया जाना आग में घी का काम करेगा। हालांकि माना जा रहा है कि कर्मचारियों को भुगतान के बाद अधिकारियों को लेकर भी निर्णय होगा।

## चंपई सोरेन का दावा, कहा- अंग्रेजों की तरह बांग्लादेशियों से खाली कराएंगे आदिवासियों की जमीन

**पाकुड़, एजेंसी।** भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बांग्लादेशी घुसपैठ पर हेमंत सोरेन की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने खून बहाकर अंग्रेजों को भगाया और उससे आदिवासियों की जमीन खाली कराई।

इसी तरह हम बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाकर अपनी जमीन खाली कराएंगे। हम आदिवासी बहन और बेटियों के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने देंगे। हमें जाहेर थान और मांझी थान को बचाना है। इसके लिए हमें एक और लड़ाई लड़नी पड़ी तो हम लड़ेंगे।



वे गुरुवार को पाकुड़ के बाजार समिति मैदान में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि संताल परगना में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण कई गांव ऐसे हैं, जहां आज कोई आदिवासी नहीं बचा।

हम इस मामले में आदिवासी समाज को जगाएंगे। कहा कि हम सम्मेलन के माध्यम से आदिवासियों को जगाने आए हैं। उन्हें यह बताने आए हैं कि किस प्रकार उनके अस्तित्व को मिटाने का काम किया जा रहा है। उनकी सभ्यता, संस्कृति पर हमला किया जा रहा है।

यहां के बाद गांव-गांव जाकर आदिवासियों को जगाने का काम करेंगे। कहा कि आदिवासियों की परंपरागत कानून व्यवस्था के तहत यह काम किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आदिवासी समाज की जमीन है। जब इस जमीन को बेचने का कोई कानून नहीं है।

एसपीटी एक्ट में कोई इसे खरीद नहीं सकता तो फिर जमीन की बिक्री कैसे हो गई। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा हम एक-एक जमीन वापस लेकर रहेंगे। उन्होंने सीतापहाड़ी, पत्थर घट्टा, नसीपुर आदि गांव का नाम लेते हुए कहा यह आदिवासी गांव था। आज इस गांव में एक भी आदिवासी नहीं बचे।

## पीजी मेडिकल कॉलेज में राज्य कोटा की 117 सीटों पर होगा नामांकन, लिस्ट भी हुई जारी



**रांची, एजेंसी।** राज्य के सरकारी मेडिकल कालेजों में पीजी मेडिकल पाठ्यक्रम के लिए राज्य कोटा की कुल 117 सीटों पर नामांकन होगा। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने नामांकन के लिए उपलब्ध सीटों की कालेजवार एवं विभागवार सूची जारी कर दी है।

इसके तहत रिम्स, रांची में 18 विभागों में कुल 90 सीटों पर नामांकन होगा, जिनमें सभी ओपेन सीटें हैं। एमजीएम, जमशेदपुर के 14 विभागों में कुल 21 सीटों पर नामांकन होगा, जिनमें 19 ओपेन तथा दो इन सर्विस कोटे की सीटें सम्मिलित हैं।

एसएनएमसीएच, धनबाद के दो विभागों में कुल पांच सीटों पर नामांकन होगा जो ओपेन सीटें हैं। रांची सदर अस्पताल के एक विभाग में एक सीट पर नामांकन होगा, जो इन सर्विस श्रेणी के अभ्यर्थी के लिए आरक्षित है।

बताते चलें कि इस बार राज्य के मेडिकल कालेजों में पीजी मेडिकल में नामांकन की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। इसके तहत अब सभी राउंड की काउंसलिंग के लिए एक बार ही आनलाइन पंजीकरण होना है।

पंजीकरण की समय सीमा एक अक्टूबर को खत्म हो चुकी है। आनलाइन पंजीकरण करानेवाले अभ्यर्थियों से राज्य मेधा सूची तैयार होगी, जिसके आधार पर ही पहली, दूसरी तथा तीसरी काउंसलिंग के साथ-साथ स्ट्रे राउंड की काउंसलिंग होगी।

राज्य में संचालित बीएड संस्थानों में बड़ी संख्या में सीटें अभी भी रिक्त हैं। तीन-तीन राउंड की काउंसलिंग के बाद भी सीटें रिक्त हैं। कई संस्थानों में 50 से अधिक सीटों पर अभी तक नामांकन नहीं हो सका है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने कुल 136 संस्थानों में रिक्त सीटों की सूची जारी कर दी है।

## चुनाव से पहले प्लस और माइनस का खेल, भाजपा को भी बनना पड़ेगा खतरों की खिलाड़ी



**रांची, एजेंसी।** राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक दलों में विरोधी को परास्त करने के लिए बैठकों, रैलियों व घोषणाओं के साथ ही उठापटक और कूदफांद भी चल रही है। ऐसे में एक दल को छोड़कर दूसरे दलों में जाने वाले नेताओं की संख्या भी बढ़ गई है।

सबसे ज्यादा नेता फिलहाल भाजपा की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि, इससे भाजपा के सामने भी एक मुश्किल आकर खड़ी हो गई है। चुनाव से पहले अन्य दलों से प्रभावी नेताओं के आने का क्रम जारी है।

इनके लिए सीटें सुरक्षित होने से पार्टी में पहले से सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है। पलामू में यह सामने भी आया। हुसैनाबाद के एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह भाजपा में शामिल होने वाले हैं।

इससे पूर्व से वहां सक्रिय नेताओं ने विरोध में संगठन पर दबाव बनाया। इस्तीफे की धमकी तक दी गई। नेताओं के साथ-साथ उनके समर्थकों के आने से स्थानीय स्तर पर राजनीति भी बड़े पैमाने पर प्रभावित होती है।

अन्य क्षेत्रों से भी इससे संबंधित शिकायतें पार्टी के प्रदेश नेतृत्व को मिल रही है। संभवतः ऐसी ही परिस्थिति से निपटने के लिए कुछ दिन पूर्व पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि आने वालों की सूची अधिक है, लेकिन पार्टी विचार करने के बाद ही इस पर निर्णय करेगी।

भाजपा की यही दिक्कत गठबंधन के मोर्चे पर भी है। पार्टी ने जदयू के साथ तालमेल किया है। इस तालमेल से जो सीटें निकल रही हैं, उसपर भाजपा के प्रत्याशी चुनाव लड़ते रहे हैं। सीट जदयू के पाले में जाने का नुकसान दल को उठाना पड़ सकता है।

जदयू का संगठनात्मक ढांचा मजबूत नहीं है। ऐसे में उसकी अधिकाधिक निर्भरता भाजपा पर होगी। अन्य दल के पाले में सीट जाने से पार्टी के कार्यकर्ता शिथिल भी हो सकते हैं। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व को इसका अहसास है। एक वरीय पदाधिकारी ने कहा कि तालमेल के तहत चुनाव लड़ने के अपने फायदे-नुकसान हैं। गठबंधन का निर्णय शीर्ष नेतृत्व के जिम्मे हैं। केंद्रीय नेतृत्व से निर्देश प्राप्त होने के बाद कार्यकर्ताओं से बेहतर समन्वय का प्रयास किया जाएगा।

# आने वाले दशकों में भारत में लोगों का जीवन स्तर बड़े पैमाने पर बदलेगा: सीतारमण




**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार की ओर से पिछले 10 वर्षों में चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण भारत अगले पांच वर्षों में अपनी प्रति व्यक्ति आय को करीब दोगुना कर लेगा। यह दावा किया है वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने। उन्होंने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के तीसरे संस्करण को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधारों से आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में सबसे तेज वृद्धि होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि हाल के दशक में भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक प्रदर्शन पांच वर्षों में उसके 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंचने में साफ नजर आता है। उन्होंने कहा, ''जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमानों के अनुसार हमें 2,730 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय तक पहुंचने में 75 साल लगे, लेकिन इसमें 2,000 अमेरिकी डॉलर और जोड़ने में केवल पांच साल लगेंगे। आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में सबसे तेज वृद्धि देखी जाएगी, जो वास्तव में भारतीयों का एक युग होगा....।''

उन्होंने कहा कि भारत एक खंडित दुनिया में जहां लगातार कई संघर्ष बदतर हो सकते हैं जिससे वैश्विक शांति के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है जो समृद्धि का आधार है... ऐसे माहौल में अपनी 1.4 अरब की आबादी (जो वैश्विक कुल का 18 प्रतिशत है) के लिए कुछ वर्षों में अपनी प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करना चाहता है। उन्होंने कहा कि यह असमानता में कमी के साथ हासिल किया जा रहा है, क्योंकि ग्रामीण भारत के लिए गिनी गुणांक (आय असमानता बेंचमार्क) 0.283 से घटकर 0.266 हो गया है, जबकि शहरी क्षेत्रों के लिए यह 0.363 से घटकर 0.314 हो गया है। सीतारमण ने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि ये सुधार जारी रहेंगे क्योंकि पिछले 10 वर्षों के आर्थिक तथा संरचनात्मक सुधारों के प्रभाव आने वाले वर्षों में आंकड़ों में अधिक स्पष्ट रूप से प्रकट होंगे क्योंकि अर्थव्यवस्था से कोविड-19 वैश्विक महामारी का झटका कम हो जाएगा।''

उन्होंने कहा कि 2047 तक जब भारत अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे कर लेगा, तब नए भारतीय युग की मूल विशेषताएं विकसित देशों के समान होंगी। मंत्री ने कहा कि विकसित भारत विचारों, प्रौद्योगिकी तथा संस्कृति के जीवंत आदान-प्रदान का केन्द्र बनकर न केवल भारतीयों के लिए बल्कि शेष विश्व के लिए भी समृद्धि लाएगा।

देश की वित्तीय प्रणाली पर उन्होंने कहा, ''भारत के बैंकिंग क्षेत्र की सुदृढ़ता और मजबूती...परिसंपत्ति गुणवत्ता सुधार, खराब ऋणों के लिए प्रावधान में वृद्धि, निरंतर पूंजी पर्याप्तता तथा लाभप्रदता में वृद्धि पर लगातार नीतिगत ध्यान द्वारा समर्थित है।'' एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर पर है और बैंकों के पास अब ऋण वसूली का कुशल तंत्र हैं। मंत्री ने कहा, ''यह सुनिश्चित करना हमारी मुख्य नीति प्राथमिकताओं में से एक है कि वित्तीय प्रणाली बेहतर बनी रहे..।''

## आप भी हैं प्याज-टमाटर और आलू की महंगाई से परेशान...तो यह रिपोर्ट चौंका सकती है आपको



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप प्याज, टमाटर और आलू की महंगाई से परेशान हैं, तो भारतीय रिजर्व बैंक के हालिया रिसर्च पेपर से आपको हैरानी हो सकती है। रिसर्च में खुलासा हुआ है कि उपभोक्ता चाहे इन सब्जियों के लिए कितना भी खर्च करें, किसानों को इसका बहुत कम हिस्सा मिलता है। आरबीआई के रिसर्च के अनुसार, जब ग्राहक प्याज के लिए 100 रुपए प्रति किलो खर्च करता है, तो किसान को केवल 36 प्रतिशत ही मिलता है। इसी तरह, टमाटर के मामले में किसानों को 33 प्रतिशत और आलू के लिए 37 प्रतिशत ही मिल पाता है। रिसर्च पेपर में यह भी सुझाव दिया गया है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए कृषि वितरण प्रणाली में सुधार की जरूरत है। इसमें निजी मंडियों की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया गया है, ताकि वितरण में पारदर्शिता बढ़ सके और प्रतिस्पर्धा के माध्यम से स्थानीय कृषि बाजारों का बुनियादी ढांचा बेहतर हो सके। शोध में बताया गया कि टमाटर, प्याज और आलू जैसी जल्दी खराब होने वाली सब्जियों के वितरण में असमानता है, जो इनकी कीमतों में उतार-चढ़ाव का मुख्य कारण है। साथ ही, इन सब्जियों के भंडारण और प्रसंस्करण के तरीकों में सुधार की सिफारिश की गई है, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य मिल सके। शोध में दालों की महंगाई का भी विश्लेषण किया गया। इसमें पाया गया कि चने पर उपभोक्ता द्वारा खर्च किए गए 75 प्रतिशत पैसे सीधे किसानों तक पहुंचते हैं, जबकि मूंग और अरहर के मामले में यह क्रमशः 70 प्रतिशत और 65 प्रतिशत है।

## आठ शहरों में मकानों की बिक्री पांच फीसदी बढ़ी; कार्यालय स्थल की मांग में भी 18 फीसदी की वृद्धि



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऊंची मांग के दम पर देश के आठ प्रमुख शहरों में मकानों की बिक्री जुलाई-सितंबर में सालाना आधार पर पांच फीसदी बढ़ गई।कार्यालय स्थल की कुल मांग में भी 18 फीसदी की तेजी दर्ज की गई।रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने गुरुवार को जारी अपनी रिपोर्ट में ये दावे किए हैं। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई-सितंबर में आठ शहरों में 87,108 मकान बिके।एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 82,612 इकाई था।वहीं, कार्यालय स्थल की मांग 1.61 करोड़ वर्ग फुट से बढ़कर 1.9 करोड़ वर्ग फुट पहुंच गई।यह वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित करने की इच्छुक बहुराष्ट्रीय कंपनियों की उच्च मांग से प्रेरित रही। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट एनारॉक व प्रॉपइक्विटी की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के विपरीत है। उनकी रिपोर्ट में प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर में बिक्री में गिरावट की बात कही गई थी।

# रतन टाटा ने 2016 में किया था अपस्टॉक्स में निवेश

### उन्होंने कंपनी में एक फीसदी से कम हिस्सेदारी बेची

### इस निवेश पर उन्हें 23,000 फीसदी रिटर्न मिला है



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा ने ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म अपस्टॉक्स में 0.06 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 20 लाख डॉलर (लगभग 18 करोड़ रुपये) में बेची है। उन्हें कंपनी में अपने मूल निवेश पर 23,000 प्रतिशत रिटर्न मिला है। साल 2022 में कंपनी की वैल्यूएशन 3.5 अरब डॉलर थी। कंपनी ने गुरुवार को इस बारे में जानकारी दी। टाटा ने आठ साल पहले अपस्टॉक्स में निवेश किया था। इस शेयर बिक्री के बाद अपस्टॉक्स में टाटा की हिस्सेदारी 1.27 प्रतिशत रह गई है। टाटा संस देश के सबसे बड़े औद्योगिक समूह टाटा ग्रुप को होल्डिंग कंपनी है।

कई दशक तक टाटा ग्रुप का नेतृत्व करने के बाद 80 साल के रतन टाटा ने सैकड़ों स्टार्टअप कंपनियों में बतौर एंजेल इनवेस्टर निवेश किया। अब वह नए जमाने की कंपनियों में अपना निवेश बेच रहे हैं क्योंकि उनका मूल्यांकन बेहतर हुआ है। अपस्टॉक्स से पहले रतन टाटा ने आईपीओ रूट के माध्यम से बेबी केयर प्लेटफॉर्म फर्स्टक्राई के कुछ शेयर बेचे थे। अपस्टॉक्स में अपनी शेयर-बिक्री पर एक सूत्र ने कहा कि टाटा ब्रोकरेज फर्म में अपना प्रारंभिक निवेश निकालना चाहते थे और फिर लाभ कमाना चाहते थे। अपस्टॉक्स में अब भी उनकी होल्डिंग्स का 95 प्रतिशत हिस्सा बचा हुआ है।

# दावा : इस साल कर्मचारियों के वेतन में हो सकती है 9.3 फीसदी की औसत वृद्धि; 16.9 फीसदी कर्मियों ने छोड़ी नौकरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक कारोबारी परिदृश्य के बीच देश में अगले कैलेंडर वर्ष यानी 2025 में कर्मचारियों का औसत वेतन 9.5 फीसदी बढ़ सकता है। वहीं, मौजूदा कैलेंडर वर्ष में औसत वेतन वृद्धि 9.3 फीसदी हो सकती है।वैश्विक पेशेवर सेवा फर्म एऑन पीएलसी के सर्वेक्षण के मुताबिक, इंजीनियरिंग, विनिर्माण एवं खुदरा उद्योगों में 10 फीसदी वेतन वृद्धि हो सकती है। इसके बाद वित्तीय संस्थानों में कर्मचारियों का वेतन औसतन 9.9 फीसदी बढ़ सकती है।हालांकि, 2024 की शुरुआत प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए सतर्कता के साथ हुई थी, लेकिन वैश्विक क्षमता केंद्रों और प्रौद्योगिकी उत्पादों एवं मंचों के कर्मचारियों को क्रमशः 9.9 फीसदी व 9.3 फीसदी की वेतन वृद्धि मिल सकती है। एऑन में भागीदार रूपांक चौधरी ने कहा, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद हमारा अध्ययन भारत में सकारात्मक कारोबारी परिदृश्य को दर्शाता है। यह धारणा स्थानीय बाजार के दम पर आगे बढ़ने वाले कई क्षेत्रों में जारी है।यह विनिर्माण, खुदरा उद्योगों में अनुमानित वेतन वृद्धि से साफ होती है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल औसतन 16.9 फीसदी कर्मचारियों ने नौकरी छोड़ी।2023 में यह अनुपात 18.7 फीसदी और 2022 में 21.4 फीसदी था। एऑन के सह निदेशक (प्रतिभा समाधान) तरुण शर्मा ने कहा, नौकरी छोड़ने की दर में आई नरमी कंपनियों को आंतरिक विकास, क्षमता निर्माण और दीर्घकालिक उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का एक अनूठा अवसर मुहैया कराती है।

## फिर चमका सोना, 93000 के पार पहुंची चांदी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नवरात्रि के दूसरे दिन सोने-चांदी की कीमत में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 4 अक्टूबर, 2024 को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने की कीमत 0.14 फीसदी बढ़त के साथ 76,350 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी की कीमत 0.18 फीसदी की बढ़त के साथ 93,143 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। चालू त्योहारों के मौसम के लिए स्टॉकिस्टों और खुदरा उपभोक्ताओं की ताजा लिवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी लौट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बहुमूल्य धातु का भाव 200 रुपये बढ़कर 78,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को सोना 78,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 665 रुपए की तेजी के साथ 93,165 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 92,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# फेस्टिव सीजन में बंपर कमाई का मौका!

### ▶▶ हुंडई का आईपीओ 14 अक्टूबर को आ सकता है

### ▶▶ यह देश का अब तक का सबसे बड़ा इश्यू होगा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ कोरिया की ऑटो कंपनी ह्युंडईहुंडई मोटर इंडिया का 25,000 करोड़ रुपये का आईपीओ 14 अक्टूबर को आ सकता है। मामले से जुड़े लोगों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह भारत का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। अभी एलआईसी की 21,000 करोड़ रुपये की शेयर बिक्री को सबसे बड़ा आईपीओ माना जाता है। हुंडई ने जून में सेबी के समक्ष आईपीओ की मंजूरी के लिए आवेदन किया था। यदि यह आईपीओ सफल रहा तो यह भारत में किसी ऑटो कंपनी का दो दशक से अधिक समय में पहला आईपीओ होगा। इससे पहले देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी साल 2003 में आईपीओ लाई थी। हुंडई का यह इशू पूरी तरह ऑफर फॉर सेल होगा। इसमें प्रमोटर कंपनी हुंडई मोटर कंपनी 142,194,700 इक्विटी शेयरों की बिक्री करेगी। हुंडई इसके जरिए करीब तीन अरब डॉलर जुटाने की योजना बना रही है। इसके तहत कंपनी 15 से 20 फीसदी हिस्सेदारी बेच सकती है। हुंडई देश की दूसरी सबसे बड़ी ऑटो कंपनी है। हुंडई मोटर इंडिया को इस आईपीओ से कोई पैसा नहीं मिलेगा क्योंकि यह पूरी तरह ओएफएस है। सेबी ने 24 सितंबर को इस आईपीओ के लिए मंजूरी दी थी। हुंडई मोटर की भारत में शुरुआत 1996 में हुई थी।

केआरएन हीट एक्सचेंजर और प्रशीतन का शेयर बाजार में पहले दिन गुरुवार को अपने इशू प्राइस 220 रुपये से 117 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 470 रुपये पर लिस्ट हुआ, जो इशू प्राइस से 113.63 प्रतिशत की बढ़त है। बाद में यह 133.36 प्रतिशत चढ़कर 513.40 रुपये पर पहुंच गया और अंत में 117.47 प्रतिशत के उछाल के साथ 478.45 रुपये पर बंद हुआ।

# भारत में और चार स्टोर खोलने की तैयारी में एप्पल

### दिल्ली, मुंबई, बेंगलूरु और पुणे में खुलेंगे नए स्टोर

### आईफोन 16 की पूरी लाइनअप भारत में बन रही है



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईफोन बनाने वाली अमेरिकी कंपनी ऐपल ने पिछले साल भारत में दो स्टोर दिल्ली और मुंबई में खोले थे। कंपनी अब भारत में और चार स्टोर खोलने की तैयारी में है। ये स्टोर बेंगलुरु, पुणे, दिल्ली और मुंबई में होंगे। इसके साथ ही उसने हाल में लॉन्च आईफोन 16 के सारे वर्जन भारत में बनाना शुरू कर दिया है। कंपनी ने भारत में आईफोन 16 प्रो और प्रो मैक्स मॉडल बनाना शुरू कर दिया है। यह पहला मौका है जब कंपनी भारत में आईफोन की पूरी लाइनअप का उत्पादन कर रही है। भारत में आईफोन इस्तेमाल करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है लेकिन देश में अभी केवल दो ही स्टोर हैं। अमेरिका में इनकी संख्या 271, चीन में 47, यूके में 40 और कनाडा में 28 है। एप्पल के रिटेल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डिएड्रे ओब्रायन ने एक बयान में कहा कि हमारे स्टोर एप्पल के जादू का अनुभव करने के लिए अविश्वसनीय स्थान हैं और भारत में हमारे ग्राहकों के साथ हमारे संबंध को बढ़ाना अद्भुत रहा है। हम अपनी टीमों का निर्माण करने के लिए रोमांचित हैं क्योंकि हम भारत में और अधिक स्टोर खोलने की योजना बना रहे हैं। हम भारत में अपने ग्राहकों की रचनात्मकता और जुनून से प्रेरित हैं। एप्पल ने कहा कि भारत में बने प्रो मॉडल घरेलू ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगे और उनका निर्यात भी किया जाएगा।

### हजारों लोगों को रोजगार

कंपनी ने कहा कि भारत में बने आईफोन 16 प्रो और प्रो मैक्स जल्द ही हमारे स्थानीय ग्राहकों और दुनिया भर के चुनिंदा देशों में निर्यात के लिए उपलब्ध होंगे। ऐपल ने 2017 में भारत में आईफोन बनाना शुरू किया था और कंपनी देश में 3,000 से अधिक लोगों को रोजगार देती है। कंपनी ने कहा कि वह भारत में सभी साइज के वेंडर्स के साथ काम कर रही है जिसमें हजारों लोग काम करते हैं। कंपनी का कहना है कि भारत अगले दशक में उसकी ग्रोथ स्ट्रेटजी का अहम आधार है। भारत में अभी कंपनी के ग्रोथ की अपार संभावनाएं हैं।

# दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बने मार्क जकरबर्ग, एआई पर खेले गए दांव से बरसे पैसे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मार्क जकरबर्ग गुरुवार को पहली बार दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। संपत्ति के मामले में उन्होंने अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पीछे छोड़ दिया। ऐसा मेटा प्लेटफॉर्म्स के शेयरों में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुआ। मेटावर्स और एआई पर जकरबर्ग के जिस दांव को शुरू में एक बहुत बड़ी विफलता की तरह देखा जा रहा था, हाल के महीनों में सफल साबित हुआ है।




### जकरबर्ग की संपत्ति 206.2 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंची


ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, गुरुवार को जकरबर्ग की कुल संपत्ति 206.2 बिलियन डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इस वृद्धि से वे संपत्ति के मामले में अमेजन के बेजोस से 1.1 बिलियन आगे निकल गए। अब इस मामले में उनसे आगे केवल टेस्ला के एलन मस्क है। जिनकी संपत्ति जकरबर्ग से लगभग 50 बिलियन डॉलर अधिक है।

### क्या है मार्क जकरबर्ग की संपत्ति बढ़ने का कारण

मेटा के शेयरों में दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर बिक्री के आंकड़े और एआई चैटबॉट को शक्ति देने वाले बड़े भाषा मॉडल की दिशा में कदम बढ़ाने के बाद 23 प्रतिशत की वृद्धि आई। कंपनी के शेयर गुरुवार को 582.77 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। मेटा ने डेटा सेंटर और कंप्यूटिंग पावर पर भारी खर्च किया है। जकरबर्ग एआई दौड़ की दौड़ में अग्रणी स्थान हासिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं। कंपनी ने अन्य दीर्घकालिक परियोजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है। इनमें ओरियन ऑगमेंटेड रियलिटी ग्लास भी शामिल है, जिसकी घोषणा कंपनी ने पिछले महीने की थी।

**2024 में जकरबर्ग की संपत्ति में 78 अरब डॉलर का इजाफा :** कैलिफोर्निया के मेनलो पार्क स्थित कंपनी में 13 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले जकरबर्ग की संपत्ति में इस वर्ष अब तक 78 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि ब्लूमबर्ग सूचकांक की ओर से ट्रैक किए गए दुनिया के 500 सबसे अमीर लोगों में सबसे अधिक है। 40 वर्षीय जकरबर्ग इस वर्ष संपत्ति सूचकांक पर चार स्थान ऊपर आए हैं।

# टैक्सपेयर्स को तगड़ा झटका, सरकार की तगड़ी कमाई ! फिर खुलेंगे आईटी रिटर्न के हजारों मामले




**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने आयकर विभाग के पक्ष में एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पुराने प्रावधानों के तहत विभाग के 90,000 आईटी रिटर्न के मामलों को फिर से खोलने के निर्णय को सही ठहराया है। इनके लिए नोटिस 1 अप्रैल, 2021 के बाद जारी किए गए थे। इन नोटिसों को चुनौती देने के लिए विभिन्न उच्च न्यायालयों में 9,000 से अधिक याचिकाएं दायर की गई थीं। इसमें से अधिकांश मामलों में अदालतों ने टैक्सपेयर्स का पक्ष लिया था। रिएसेसमेंट के नोटिस 2013-14 से 2017-18 तक के एसेसमेंट ईयर को कवर करते हैं। इनमें इंडिविजुअल और कॉरपोरेट दोनों टैक्सपेयर्स शामिल हैं। इसमें शामिल राशि हजारों करोड़ रुपये हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट को यह तय करना था कि आयकर अधिनियम के पूर्व-संशोधित प्रावधानों के अनुसार आयकर विभाग 1 अप्रैल, 2021 के बाद फिर से एसेसमेंट खोल सकता है या नहीं। 1 अप्रैल, 2021 से पहले आयकर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार यदि एसेस्ड इनकम 1 लाख रुपये या उससे अधिक थी, तो संबंधित आकलन वर्ष (जिसमें नोटिस प्राप्त हुआ था) से छह साल पहले तक के मामले फिर से एसेसमेंट के लिए खोले जा सकते थे।

### क्या है मामला

2021 के संशोधन में यह समय-सीमा बदल दी गई। इसके मुताबिक आयकर अधिकारी तीन साल पहले तक के मामलों को फिर से खोल सकते थे यदि एस्केप्ड इनकम 50 लाख रुपये से कम थी। यदि राशि अधिक थी, तो विभाग 10 साल तक पीछे जा सकता था। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि 2021 के संशोधन ने एक नया प्रावधान (धारा 148ए) जोड़ा गया। इसके मुताबिक विभाग को रिएसेसमेंट नोटिस भेजने से पहले एक प्रारंभिक नोटिस (कारण बताओ) नोटिस भेजना चाहिए। इससे टैक्सपेयर्स सुनवाई का अधिकार मिला और आयकर अधिकारी प्रस्तुत किए गए सबमिशन पर विचार करने के लिए बाध्य था।



# अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने रचाई शादी

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने शादी कर ली है. राशिद ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शादी रचाई. अफगानी स्पिनर की शादी पख्तून रीति-रिवाजों के साथ हुई. वायरल हुई तस्वीरों के मुताबिक राशिद ने 03 अक्टूबर, गुरुवार को शादी की. उनकी शादी में अफगानिस्तान के तमाम क्रिकेटर्स ने शिरकत की. राशिद की शादी की तमाम तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, राशिद के साथ उनके तीन भाइयों की भी शादी हुई. रिपोर्ट्स में दावा तो ये भी किया जा रहा है कि राशिद ने रिश्तेदारी में ही शादी की. अगर देखा जाए तो उन्होंने शादी करने के साथ ही एक बहुत बड़ा वादा तोड़ दिया. दरअसल कुछ साल पहले राशिद ने अपने इंटरव्यू में कहा था कि वो अफगानिस्तान टीम के वर्ल्ड कप जीतने के बाद शादी करेंगे. हालंकि गौर करने वाली बात यह है कि 2024 में अफगानिस्तान पहली बार टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची थी.

### शादी में अफगानिस्तान के कई क्रिकेटर्स ने की शिरकत

राशिद की शादी में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के लिए खेलने वाले उनके तमाम साथी क्रिकेटर्स ने शिरकत की. टीम के दिग्गज ऑलराउंडर मोहम्मद नबी शादी में नजर आए. इसके अलावा ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई भी दिखाई दिए. वहीं नजीबुल्लाह जादरान, रहमत शाह और मुजीब उर रहमान समेत कई और स्टार राशिद की शादी में नजर आए. बाकी अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ नसीब खान ने भी राशिद की शादी में शिरकत की.

**इंडिया-बांग्लादेश: धारा 163 लागू, हाई स्कोरिंग मैच होने की उम्मीद**

# ग्वालियर में 14 साल बाद होगी इंटरनेशनल क्रिकेट की वापसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्वालियर में 14 साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट होना है। इससे पहले शहर में धारा 163 लागू है। हिंदू महासभा ने बंद बुलाया है। प्रशंसक रविवार (6 अक्टूबर) को तीन मैचों की सीरीज के पहले टी20 मैच में रनों की बरसात की उम्मीद कर सकते हैं। नया बना श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी करेगा।

मध्य प्रदेश लीग के पहले सीजन के स्कोर को देखते हुए भारत-बांग्लादेश टी20 हाई स्कोरिंग मैच होने की उम्मीद है। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने बताया, जून में यहां खेले गए 12 मैचों में टीमों ने चार बार 200 का आंकड़ा पार किया। यहां की पिचें बल्लेबाजों के लिए मददगार रही हैं और रविवार को भी इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। एमपीएल फाइनल में मालवा पैंथर्स ने ग्वालियर चीताज के खिलाफ एक गेंद शेष रहते 193 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। टूर्नामेंट की शुरुआत जबलपुर लायंस के 4 विकेट पर 249 रन बनाने से हुई। जवाब में भोपाल लेपर्ड्स ने 216 रन बनाए। टूर्नामेंट के दौरान पहली पारी का औसत स्कोर 171 और दूसरी पारी का 150 रन रहा। अधिकारी ने कहा, औसत स्कोर में गिरावट आई क्योंकि तीन या चार मैच बारिश से प्रभावित थे।



टीम इंडिया के बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल ने ग्वालियर में पहले नेट सेशन के दौरान ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के साथ समय बिताया। वह पांड्या के रन-अप पर काम कर रहे थे, खासकर तब जब पांड्या अपने बॉलिंग एक्शन की प्रैक्टिस कर रहे थे। पंड्या के स्टंप के करीब बॉलिंग करने से मोर्कल नाखुश लग रहे थे। हर बार जब पांड्या अपने बॉलिंग मार्क पर वापस जाते थे, तो नए बॉलिंग कोच उनके कान में कुछ कहते थे। 10-15 मिनट के बाद, मोर्कल को पांड्या को उनके रिलीज पॉइंट के बारे में कुछ इशारा करते हुए देखा गया। भारतीय ऑलराउंडर ने सिर हिलाया और उसके बाद ही मोर्कल ने अपना ध्यान अर्शदीप सिंह और नए खिलाड़ी हर्षित राणा और मयंक यादव की ओर लगाया।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर कथित अत्याचार के विरोध में हिंदू महासभा ने मैच के दिन ग्वालियर बंद का आह्वान किया है। इसका मुकाबला करने के लिए ग्वालियर की जिला मजिस्ट्रेट रुचिका सिंह ने सोमवार (7 अक्टूबर) तक धारा 163 लागू कर दी है और ग्वालियर पुलिस ने हिंदू महासभा के कम से कम 30 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस तरह, पांच या उससे अधिक लोग कहीं भी इकट्ठा नहीं हो सकते। साथ ही, प्रशासन की अनुमति के बिना जुलूस, प्रदर्शन या सार्वजनिक बैठकें नहीं की जा सकतीं। हिंदू महासभा ने बुधवार को भी विरोध प्रदर्शन किया, जिस दिन दोनों टीमें शहर में पहुंचीं।

## टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद मेरी लाइफ... भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ये क्या कह दिया!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले दिनों रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप जीता. भारतीय टीम ने फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर दूसरी बार टाइटल अपने नाम किया. इससे पहले टीम इंडिया ने महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप 2007 जीता था. अब सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद अपने अनुभव को साझा कर रहे हैं. साथ ही उन्होंने बताया कि टी20 वर्ल्ड कप जीत ने किस तरह उनकी लाइफ को बदल दिया.रोहित शर्मा ने कहा कि हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड कप जीतना था, इस वर्ल्ड कप जीत के बाद मेरी लाइफ में लाइफ आया. रोहित शर्मा मराठी भाषा में अपनी बातें रख रहे थे. इसके बाद लोगों का जोश देखने लायक था. भारतीय कप्तान ने कहा कि इससे बेहतर समय रिटायरमेंट के लिए नहीं हो सकता था, इसलिए मैंने टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इंटरनेशनल टी20 को अलविदा कह दिया. सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं.

## बेराल्डो ने ब्राजील की फीफा विश्व कप क्वालीफायर टीम में चोटिल ब्रेमर की जगह ली



**ब्रासीलिया, एजेंसी।** पेरिस सेंट-जर्मेन के डिफेंडर लुकास बेराल्डो ब्राजील की टीम में चोटिल ग्लीसन ब्रेमर की जगह लेंगे, जो 2026 फीफा विश्व कप के क्वालीफायर में चिली और पेरू का सामना करेगी।

जुवेंटस के डिफेंडर ब्रेमर, जिन्हें बुधवार को बुल लिपजिग के खिलाफ चैंपियंस लीग मैच के दौरान बाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट की चोट लगी थी, आने वाले दिनों में सर्जरी से गुजरेंगे। कोच डोरिवल जूनियर ने कहा, दुर्भाग्य से, हमें एथलीट ब्रेमर के गंभीर रूप से घायल होने की खबर मिली है, वह व्यक्ति जो हमारे सभी सम्मान, विचार, स्नेह और समर्थन का हकदार है, ताकि वह जल्द से जल्द वापस आ सके। उसकी जगह, हम पीएसजी से बेराल्डो को बुला रहे हैं। ब्राजील को चिली की राजधानी में नैशनल डी सैंटियागो में 10 अक्टूबर को क्वालीफायर के नौवें दौर में चिली का सामना करना है, इसके बाद 15 अक्टूबर को ब्रासीलिया में पेरू के साथ उनका मुकाबला होगा। आठ मैचों के बाद दस अंकों के साथ, ब्राजील कॉनमेबोल तालिका में पांचवें स्थान पर है। चिली पांच अंकों के साथ नौवें स्थान पर है। 10 टीमों में से शीर्ष छह टीमें सीधे क्वालीफाई करेंगी।

## टॉम मूडी ने साधा हार्दिक पांड्या पर सीधा निशाना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में कुछ दिन पहले इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें संस्करण के लिए खिलाड़ी नियम जारी किए हैं। नियमों के तहत एक फ्रेंचाइजी छह खिलाड़ियों को साथ रख सकती है। इनमें दो खिलाड़ियों को 18 करोड़ रुपए की स्लैब में रखा गया है जबकि कुछेक को 14 करोड़ रुपए मिलेंगे। एक खिलाड़ी को 11 करोड़ मिलेंगे। इन स्लैब पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई और सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व मुख्य कोच टॉम मूडी ने अपने विचार रखे।मूडी ने बातों ही बातों में कहा कि जिस तरह से आईपीएल के पिछले संस्करण में चीजें हुईं, मुझे लगता है कि वह (रोहित शर्मा) पिछले 6-12 महीनों में जो कुछ हुआ उससे थोड़ा निराश होंगे। मेरे लिए 18 करोड़ की स्लैब में बुमराह और सूर्यकुमार यादव होंगे। जब आप हार्दिक पंड्या के साथ उन सभी क्षेत्रों का विश्लेषण करते हैं, तो क्या वह 18 करोड़ का खिलाड़ी बनने के लायक हैं? क्या वह लायक है? यदि आपको 18 करोड़ का खिलाड़ी बनना है, तो आपको एक वास्तविक मैच विजेता बनना होगा और यह नियमित रूप से करना होगा। मूडी ने साफ तौर पर हार्दिक की फिटनेस और प्रदर्शन पर सवाल उठाया।आईपीएल 2016 विजेता मुख्य कोच ने उस रणनीति पर भी प्रकाश डाला जो एमआई ने पिछले कुछ संस्करणों में अपनाई है, जिसने उन्हें मुश्किल में डाल दिया। उन्होंने अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए इशान किशन और जोफ्रा आर्चर के निश्चित मामले प्रदान करके अपनी राय को सही ठहराया।

# मैन यूनाइटेड और पोर्टो के बीच मुकाबला 3-3 से ड्रॉ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने पोर्टो के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में आखिरी समय में एक अंक बचाया, टोटेनहम ने यूईएफए यूरोपा लीग मैचडे 2 में दो में से दो जीत दर्ज की। हैरी मैगुएर के स्टॉपेज-टाइम हैडर ने पोर्टो के साथ एक रोमांचक मुकाबले में दस खिलाड़ियों वाले यूनाइटेड के लिए एक अंक बचाया।

मार्कस रैशफोर्ड और रैसमस होजलुंड के माध्यम से यूनाइटेड ने 2-0 की बढ़त हासिल की, लेकिन आंद्रे ओनाना द्वारा बचाव करने के बाद पेपे ने मेजबानों के लिए हैडर से अच्छी प्रतिक्रिया दी और फिर सैमू ने ब्रेक से पहले बराबरी का गोल किया। ब्रूनो फर्नांडीस को दूसरा पीला कार्ड दिखाए जाने से पहले सैमू ने अपना दूसरा गोल नेट की छत पर मारकर पोर्टो को आगे कर दिया। पोर्टो जीत से कुछ ही पल दूर था, लेकिन मैगुएर ने क्रिश्चियन एरिक्सन के कॉर्नर को हेड करके गोल कर दिया। अन्यत्र, पपे सार और इन-फॉर्म ब्रेनन जॉनसन की शानदार फिनिश ने बुडापेस्ट में स्पर्स के लिए अधिकतम अंक सुनिश्चित किए।पहले हाफ के मध्य में ही मेहमान टीम ने बढ़त बना ली थी, जब सार ने ढीली गेंद पर झपट्टा मारा, जिसके बाद जॉनसन ने लगातार पांचवां गेम खेलने के लिए बेंच से उतरकर स्ट्राइक किया। बरनबास वर्गा की शक्तिशाली वॉली ने एंजे पोस्टेकोग्लू के खिलाड़ियों के लिए एक नर्वस फिनिश स्थापित किया, लेकिन प्रीमियर लीग की टीम ने सभी प्रतियोगिताओं में लगातार पांचवीं जीत दर्ज की।

# अंगद चीमा 10 अंडर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेलकर शीर्ष पर



**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** चंडीगढ़ के गोल्फर अंगद चीमा ने बृहस्पतिवार को यहां एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के विजाग ओपन के दूसरे दौर में 10 अंडर 61 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष पर पहुंच गये। पीजीटीआई रैंकिंग में अभी चौथे स्थान पर चल रहे चीमा का दो दौर के बाद कुल स्कोर 12 अंडर 130 का है जिससे वह चार शॉट की बढ़त बनाए हैं। इस सत्र में अभी तक छह बार शीर्ष 10 में रह चुके चीमा ने पहले दौर में 69 का कार्ड खेला था।पटना के अमन राज 66 और 68 के कार्ड से आठ अंडर 134 के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। बेंगलुरू के आर्यन रूपा आंनद उनसे एक शॉट पीछे तीसरे स्थान पर है जिन्होंने 67 और 68 के कार्ड खेले। कट एक ओवर 143 का रहा जिससे 57 पेशेवर गोल्फरों ने कट में जगह बनाई।

# विवाद के बीच पीटी उषा ने बुलाई विशेष आम सभा, 25 अक्तूबर को होगी बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस बैठक का आह्वान तब किया गया है जब 26 सितंबर को उषा का कार्यकारी परिषद के साथ एक बार फिर सीईओ को लेकर टकराव हुआ था। कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति पर अपना विरोध दोहराया था। सीईओ की नियुक्ति को अभी कार्यकारी परिषद की मंजूरी नहीं मिली है।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति को लेकर संगठन में मचे घमासान के बीच 25 अक्तूबर को विशेष आम सभा (एसजीएम) बुलाई है। बैठक में सीईओ रघुराम अय्यर की नियुक्ति, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव पर भ्रष्टाचार के आरोपों की शिकायत और कई परिषद सदस्यों की पद संभालने की कथित अपात्रता के मुद्दों पर चर्चा होगी।



### आईओए भवन में होगी एसजीएम

इन विषयों को लेकर आईओए अध्यक्ष उषा और परिषद के कई सदस्यों के बीच तनातनी चल रही है। खासतौर पर सीईओ की नियुक्ति को लेकर कार्यकारी परिषद के सदस्य विरोध कर रहे हैं। सीईओ की मोटी पगार और पद के लिए उनकी उपयुक्तता को लेकर विरोध किया जा रहा है। पूर्व स्टार एथलीट पीटी उषा ने अधिकारियों को भेजे ई-मेल में कहा कि ये सभी मुद्दे असाधारण और आकस्मिक हैं और ऐसे में प्रभावी निर्णय लेने की जरूरत है और मैं विशेष आम सभा 25 अक्तूबर को आईओए भवन में सुबह 11 बजे बुला रही हूं। जो लोग एसजीएम में खुद उपस्थित नहीं हो सकते वे वेबेक्स के जरिए इसमें शामिल हो सकते हैं, इसके लिए आईओए की वेबसाइट पर लिंक उपलब्ध होगा।

### संघ के सुचारू संचालन के लिए सीईओ महत्वपूर्ण

इस बैठक का आह्वान तब किया गया है जब 26 सितंबर को उषा का कार्यकारी परिषद के साथ एक बार फिर सीईओ को लेकर टकराव हुआ था। कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति पर अपना विरोध दोहराया था। सीईओ की नियुक्ति को अभी कार्यकारी परिषद की मंजूरी नहीं मिली है। उषा ने चेतावनी दी है कि संघ के सुचारू संचालन के लिए सीईओ महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, कार्यकारी परिषद के कुछ सदस्यों द्वारा इस नियुक्ति को स्वीकार करने में देरी और इनकार से हमारे शासन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर असर पड़ रहा है। इससे भारत में ओलंपिक खेलों 2036 की मेजबानी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण में बड़ी बाधा पैदा होने की संभावना है।

# मैंने अपने पिता को रोते देखा... बबीता फोगाट ने विनेश फोगाट पर लगाया गंभीर आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पहलवानी के राजनीति के मैदान में अपनी किस्मत आजमा रही दिग्गज पहलवान विनेश फोगाट इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं. पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला 50 किलोग्राम कैटेगिरी में सिर्फ 100 ग्राम वजन ज्यादा होने की वजह से मेडल नहीं जीत सकी थीं. इसके बाद उन्होंने संन्यास का ऐलान कर दिया था. अब वह चुनाव के दंगल में हैं. इन सब के बीच विनेश फोगाट की चचेरी बहन बबीता फोगाट ने एक बड़ा आरोप लगाया है. बबीता ने विनेश पर पेरिस ओलंपिक में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद अपने 'धन्यवाद' नोट में चाचा महावीर फोगट का नाम नहीं लेने का आरोप लगाया गया है.

विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद ही संन्यास ले लिया था और अपने 'धन्यवाद' नोट में उन्होंने कोच, फिजियो और अन्य सहयोगी स्टाफ का शुक्रिया अदा किया था. लेकिन इस दौरान उन्होंने अपने पहले कोच महावीर फोगाट का नाम नहीं लिखा था. बबीता फोगाट ने हाल ही में टॉप एंगल विद सुशांत सिन्हा पर बातचीत करते हुए विनेश फोगाट पर ये आरोप लगाया. बबीता ने ये भी बताया कि विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उनके पिता काफी रोए थे.

बबीता फोगाट ने कहा, 'मैंने अपने जीवन में सिर्फ तीन बार अपने पिता को रोते देखा है. पहली बार, जब मेरी और मेरी बहनों की शादी हुई थी. दूसरी बार, जब मेरे चाचा की मृत्यु हुई और तीसरी बार, जब विनेश ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दी गई थी. जब मेरे चाचा की मृत्यु हुई, तो विनेश और उसके दोनों भाई-बहनों ने अचानक कुश्ती छोड़ दी. मेरे पिता उनके घर गए और उनकी मां से लड़कर उन्हें कुश्ती में वापस लाने की मांग की. कल्पना कीजिए कि विनेश को बनाने के लिए उन्होंने कितनी मेहनत की होगी. लेकिन उसने अपने गुरु को छोड़कर सभी का शुक्रिया अदा किया.'



### विनेश फोगाट की सफलता में महावीर फोगाट का बड़ा हाथ

विनेश फोगाट का जन्म हरियाणा के बलाली गांव में हुआ था. विनेश फोगाट सिर्फ नौ साल की थीं, जब उनके पिता का निधन हो गया था. उनके पिता राजपाल सिंह फोगाट की मौत कैंसर से हो गई थी. इसके बाद विनेश के सपनों को साकार किया उनके पिता के बड़े भाई महावीर सिंह फोगाट ने किया, जिन्होंने अपनी बेटियों गीता, बबीता और संगीता को भी रेसलर बनाया.



मर्डर एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत अब 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' फिल्म में नजर आने वाली हैं और ये फिल्म 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। मल्लिका ने साल 2004 में आई 'मर्डर' से इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई थी और इसमें उनके बोल्ड किरदार के कारण उन्हें करियर में काफी कुछ झेलना पड़ा। खुद मल्लिका ने इंडस्ट्री में अपने संघर्ष के बारे में बताया था कि कैसे एक्टर्स रात को उन्हें अपने कमरे में आने को कहते थे।

बोल्ड सीन करने के कारण

# मल्लिका शेरावत से होने लगी थी गलत डिमांड

मल्लिका का एक पुराना वीडियो रेड्डिट पर वायरल हुआ, जिसमें वो इंडस्ट्री के राज खोलती नजर आईं। मल्लिका वीडियो में कह रही हैं कि कुछ बड़े हीरो उन्हें कॉल करते थे और कहते थे आओ मुझे रात में मिलो। अगर वो पूछती थीं कि रात में वो क्यों मिलें तो उन्हें जवाब मिलता था, अरे तुम इतने बोल्ड रोल कर लेती हो स्क्रीन पर तो मेरे को रात में मिलने में क्या प्रॉब्लम है मल्लिका ने कहा, वो सोचते थे कि जब ये पर्दे पर इतनी बोल्ड सीन्स करती है, तो हमारे साथ क्या दिक्कत है।
मल्लिका ने ये भी बताया कि दुबई में एक बार उनके साथ उनके को-एक्टर ने अजीब हरकत की थी। मल्लिका ने कहा, एक बार मैं दुबई में अपने करियर की एक बहुत बी फिल्म की शूटिंग कर रही थी। होटल में आधी रात को एक बा स्टार मेरा दरवाजा बार-बार नॉक किए जा रहा था, लेकिन मैंने दरवाजा नहीं खोला। ये है बॉलीवुड और यहां का ये खेल। मल्लिका ने कहा कि उन्होंने कॉम्प्रोमाइज नहीं किया, जिसके कारण इंडस्ट्री में उनके साथ गलत हुआ, उन्हें नजरअंदाज किया गया और इसका असर उनके काम पर पड़ा। एक समय ऐसा आया जब उन्हें काम मिलना बंद हो गया। मल्लिका शेरावत का असली नाम रीमा लांबा है और एक्टिंग के लिए उन्होंने ये नाम बदला। मल्लिका ने अपने करियर की शुरुआत साल 2002 में आई फिल्म 'जीना सिर्फ़ मेरे लिए' से किया था, लेकिन ये बात कम ही लोग जानते हैं, क्योंकि इस फिल्म में उनका रोल काफी छोटा था। इसके बाद वो 2003 में फिल्म 'ख्वाहिश' में नजर आईं, लेकिन 2004 की 'मर्डर' से उन्हें अलग पहचान मिली।
इसके बाद उन्होंने 'प्यार के साइड इफ़ेक्ट्स', 'आपका सुरूर', 'वेलकम', 'दशावतारम', 'डबल धमाल' समेत कई फिल्मों में काम किया और अब जल्द ही वो 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' के साथ सालों बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं।

# धोखाधड़ी घोटाले के मामले में एल्विश व भारती से होगी पूछताछ



बिग बॉस ओटीटी 1 के विजेता मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव और कॉमेडियन भारती सिंह को दिल्ली पुलिस ने धोखाधड़ी वाले ऐप-आधारित घोटाले के मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है। पुलिस इन दोनों के अलावा तीन अन्य लोगों से भी पूछताछ करेगी। पुलिस को 500 से ज्यादा शिकायतें मिली हैं, जिनमें आरोप लगाया गया है कि कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स ने हिबॉक्स नामक मोबाइल एप्लिकेशन का प्रचार किया और लोगों को इसके जरिए निवेश करने के लिए प्रेरित किया। इस घोटाले के मुख्य आरोपी चेन्नई निवासी शिवराम को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी के अनुसार हिबॉक्स एक सुनियोजित घोटाले का हिस्सा था। आरोपी ने ऐप के माध्यम से प्रतिदिन 1 से 5 प्रतिशत और एक महीने में 30 से 90 प्रतिशत तक के गारंटीशुदा रिटर्न का वादा किया। फरवरी 2024 में लॉन्च होने के बाद, 30000 से ज्यादा लोगों ने इसमें पैसा लगाया। हालांकि जुलाई से ऐप ने विभिन्न तकनीकी और कानूनी मुद्दों का हवाला देते हुए भुगतान रोक दिया। पुलिस ने मास्टरमाइंड शिवराम के चार अलग-अलग बैंक खातों से 18 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। उल्लेखनीय है कि भारती और उनके पति हर्ष लिम्बाचिया को साल 2020 में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था। तब उनके घर से 86.5 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। दूसरी ओर, एल्विश तो आए दिन विवादों में फंसते ही रहते हैं। पिछले दिनों प्रवर्तन निदेशालय ने एल्विश की करोड़ों रुपए की संपत्तियां जब्त की थीं।

# साइकोलॉजिकल थ्रिलर रेजिडेंट में आएंगे नजर एक्टर अक्षय ओबेरॉय



**फिल्म** फाइटर में नजर आए अभिनेता अक्षय ओबेरॉय जल्द ही अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट रेजिडेंट में कुछ अलग अंदाज में दिखेंगे। फाइटर में अभिनेता के काम को खूब सराहा गया था। फिल्म की शूटिंग नवंबर में एक अंतरराष्ट्रीय लोकेशन पर होने जा रही है। जो दर्शकों का बेहतर मनोरंजन करने का वादा करती है। अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर अभिनेता अक्षय ओबेरॉय बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, साइकोलॉजिकल थ्रिलर हमेशा से ही मेरी पसंद रही है। यह फिल्में रहस्य और गहराई का एक अनूठा संगम होती हैं। इस फिल्म के विषय ने मुझे बेहद प्रभावित किया है। मैं आकाश गोइला के निर्देशन और फिल्मेरा टीम के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं और मैं इस अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। हाल ही में यह खबर भी सामने आई थी कि अभिनेता यश-स्टारर टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स में भी नजर आएंगे। इसकी जानकारी दर्शकों को खुद अभिनेता ने सोशल मीडिया के जरिए दी थी। उन्होंने इस प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए खुशी जताई थी। अभिनेता ने हाल ही में वरुण धवन के साथ सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग की है। वह इसके अलावा तू चाहिए, दिल है ग्रे, टू जीरो वन फोर और इलीगल 3 में भी नजर आएंगे। 2002 में अक्षय ने कॉमेडी-ड्रामा अमेरिकन चाय में एक बचे के रूप में अभिनय से अपनी शुरुआत की थी।
इसी लाइफ में पहली बार बतौर मेन लीड पर्दे पर दिखे। इसके बाद उन्हें पिजा, पीकू, फितूर, गुड़गांव, कालाकांडी, आई लव यू और गैसलाइट जैसी फिल्मों में भी नजर आए।



पहली बार विजय के साथ स्क्रीन पर मचाएंगी धमाल

# दलपति 69 से जुड़ीं प्रियामणि

**दलपति** 69 साउथ सुपरस्टार विजय की राजनीति में प्रवेश से पहले आखिरी फिल्म होगी। द गोट की रिलीज के कुछ ही दिनों बाद विजय की अगली फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर बैक-टू-बैक अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस कर रहा है। बीते दिन विजय की फिल्म से बॉबी देओल और पूजा हेगड़े के जुड़ने की जानकारी मिली। वहीं, अब नई रिपोर्ट ने प्रशंसकों के उत्साह को और यादा बढ़ा दिया है। निर्माताओं ने पोस्ट कर जानकारी दी है कि प्रियामणि भी फिल्म दलपति 69 का हिस्सा बन गई हैं।
प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म दलपति 69 से प्रियामणि का पोस्टर साझा कर इस खबर की आधिकारिक घोषणा की है। इसके साथ उन्होंने नोट में लिखा, दलपति 69 परिवार में प्रियामणि का आधिकारिक तौर पर स्वागत करते हुए खुश हैं। फिल्म से प्रियामणि के जुड़ाव ने प्रशंसकों के उत्साह को और यादा बढ़ा दिया है। जानकारी हो कि यह पहली बार होगा जब प्रियामणि, विजय के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी।

# स्वाइन फ्लू के चपेट में आईं शमा सिकंदर



छोटे पर्दे पर अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वालीं अभिनेत्री शमा सिकंदर किसी पहचान की मुहताज नहीं हैं। इतना ही नहीं वह बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। अभिनेत्री को इन दिनों सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रशंसकों से जुड़ते देखा जाता है। इसी कड़ी में शमा ने बड़े खुलासे से हर किसी को हैरान कर दिया है। शमा सिकंदर को स्वाइन फ्लू हुआ था। हाल ही में इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में अभिनेत्री ने याद किया कि कैसे दवा और बेडरेस्ट के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हो रहा था, फिर उन्हें ओजोन थेरेपी से मदद मिली।
43 वर्षीय अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए दिखाया कि कैसे वह ओजोन थेरेपी ले रही हैं। उन्होंने लक्षणों की तुलना कोविड से करते हुए कहा कि उन्हें खांसी और तेज बुखार था, जो कई दिनों तक कम नहीं हुआ। उन्होंने फ्लू की दवा भी ली और उन्हें 10 दिनों तक आराम करने की सलाह दी गई। इन सबके बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और वह कमजोर महसूस करने लगीं। इसके बाद उन्होंने ओजोन थेरेपी की वकालत करते हुए कहा कि इससे उन्हें बेहतर होने में मदद मिली।
शमा सिकंदर ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, इस तरह मैंने अपनी स्वाइन फ्लू की कमजोरी और खांसी को अलविदा कहा। यह कोई विज्ञापन नहीं है। यह मेरा व्यक्तिगत अनुभव है जिसे मैं आज यहां साझा कर रही हूं, अगर आप या आपके परिवार का कोई भी सदस्य फ्लू के सामान्य लक्षणों को महसूस कर रहा है तो इस थेरेपी से मदद मिल सकती है क्योंकि इससे मुझे मदद मिली।



# ग्लोबल स्टार नोरा फतेही ने पेरिस फैशन वीक में धमाकेदार डेब्यू किया

ग्लोबल सेंसेशन नोरा फतेही ने हाल ही में आयोजित और बहुचर्चित 2024 पेरिस फैशन वीक में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराई। एक्ट्रेस-सिंगर ने लुई वुइटन के शो में भाग लिया, जहाँ उन्होंने ब्रांड की बॉडीकॉन ड्रेस चुनी, जिसमें फुल स्लीव्स और टर्टलनेक था। इस आउटफिट में चेन्ड बैक डिटेल थी, जो पूरे लुक के ग्लैम कोशिएंट को बा रही थी। नोरा ने अपने ऑउटफिट को नी-हाई बूट्स के साथ पेयर करके और भी आकर्षक बना दिया। ग्लोबल स्टार ने डैंटि वेलरी के साथ एक्सेसरीज़ पहनी और सॉफ्ट ग्लैम मेकअप चुना, जो शीक और एलिगेंस को पूरी तरह से संतुलित करता है - यह इस बात को और पुख्ता करता है कि उन्हें ग्लोबल फैशन आइकन क्यों माना जाता है। नोरा को कांगोलीज़ सिंगर मैत्रे गिम्स और लुई वुइटन के हेड पिएत्रो बेकारी के साथ पहली रो में बैठाया गया था।
हॉलीवुड एक्ट्रेस ज़ेंडाया, ब्लैक पिंक की मेंबर लिसा और अन्य जैसी कुछ सबसे प्रसिद्ध हस्तियों के साथ प्रतिष्ठित इवेंट में उनकी उपस्थिति ने उनकी इंटरनेशनल अपील को उजागर किया। इंस्टाग्राम पर 47 मिलियन से अधिक फैन फॉलोइंग वाली ऐक्ट्रेस वर्तमान में अपने ट्रैक पेपेटा और डर्टी लिटिल सीक्रेट की सफलता का आनंद ले रही हैं, जिसमें उनकी लेटेस्ट रिलीज नोरा के साथ-साथ उनका फीफा एंथम लाइट द स्काई भी शामिल है।
अपने एक्टिंग और डांस स्किल्स के साथ भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में पहले से ही अपने लिए एक जगह बना चुकी नोरा अब एक सिंगर के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रही हैं, यह साबित करते हुए कि वह एक वर्सेटाइल और होलिस्टिक आर्टिस्ट हैं।

# महाभारत की द्रोपदी रूपा गांगुली सड़क पर कर रही थी प्रदर्शन, हुई गिरफ्तार

**बीआर** चोपड़ा की महाभारत में द्रोपदी का किरदार निभाने वाली रूपा गांगुली को कोलकाता पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। भाजपा नेता और पूर्व सांसद रूपा गांगुली कोलकाता में प्रदर्शन कर रही थीं। इसी दौरान पुलिस ने रूपा को गिरफ्तार कर अलीपुर पुलिस स्टेशन लाया गया है। रूपा बीते रोज से कोलकाताके बांसद्रोणी इलाके में धरना प्रदर्शन कर रही थीं। यहां बुधवार को सुबह एक छात्र की जेसीबी से कुचलने से मौत हो गई थी। जिसको लेकर रूपा प्रदर्शन कर रही थीं। इसी दौरान गुरुवार को कोलाकाता पुलिस ने सरकारी कार्य में वाधा डालने के लिए रूपा को गिरफ्तार कर लिया है और अलीपुर पुलिस स्टेशन भेज दिया है। दरअसल ये पूरा मामला बीते रोज बुधवार की सुबह एक छात्र की मौत से जुड़ा है।
यहां कोलकाता के बांसद्रोणी इलाके में जेसीबी से रोड की मरम्मत का काम चल रहा था। इसी दौरान बांसद्रोणी इलाके के वॉर्ड नंबर 113 का रहने वाला छात्र यहां से गुजरा और जेसीबी की चपेट में आ गया। यहां जेसीबी की चपेट में आने से छात्र के सिर में गंभीर चोटें आ गईं और बेहोश हो गया। इसके बाद आनन-फानन में छात्र को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं इस पूरे हादसे के बाद मौके पर तनाव बढ़ गया और लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। लोगों ने स्थानीय टीएमसी के पार्षद को मौके पर बुलाने के लिए अड़ गए।



वहीं इस पूरे मामले को लेकर भाजपा के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। रूपा भी यहां शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रही थीं, इसी दौरान पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अपनी गिरफ्तारी के बाद रूपा ने कहा, मैं किसी को परेशान नहीं कर रही थी, न ही किसी के काम में वाधा डाल रही थी। मैं शांति से उस लड़के के लिए न्याय मांग रही थी जिसकी हत्या कर दी गई।अब इस मामले को लेकर कोलकाता की सियासत भी गरमाने लगी है। रूपा गांगुली वर्तमान में भाजपा नेता हैं और सांसद भी रह चुकी हैं। रूपा गांगुली ने 90 के दशक में प्रसारित हुआ टीवी सीरियल महाभारत में द्रोपदी का किरदार निभाया था। इस किरदार ने रूपा को पूरे देशभर में पहचान दिलाई। इस सीरियल के बाद कई प्रोजेक्ट्स काम किया और फिर सियासी दामन थाम लिया। अब रूपा गांगुली बंगाल में भाजपा की बड़ी नेताओं में गिनी जाती हैं।



# बॉर्डर 2 से चमकेगी अहान शेट्टी की किस्मत

साल 1997 की सुपरहिट फिल्म बॉर्डर का 27 साल बाद सीक्वल आने वाला है, जिसकी रिलीज का लोग लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दिलजीत दोसांझ और वरुण धवन के बाद बॉर्डर 2 में एक और स्टार की एंट्री होने वाली है। इस फिल्म में सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी भी काम करने जा रहे हैं।
इस बात की जानकारी सनी देओल ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर की है। अहान शेट्टी आधिकारिक तौर पर फिल्म के कलाकारों में शामिल हो गए हैं। मेकर्स ने तीसरा अनाउंसमेंट वीडियो शेयर कर अहान शेट्टी का उनकी फिल्म में स्वागत किया है। गौरतलब है कि अहान शेट्टी को सबसे पहले साजिद नाडियाडवाला ने अपने बैनर तले बनी फिल्म तड़प से बॉलीवुड में डेब्यू करवाया था। इस फिल्म में उनके साथ तारा सुतारिया नजर आयी थीं। फिल्म में अभिनय के लिए उन्हें स्टार डेब्यू ऑफ द ईयर-पुरुष का आईफा पुरस्कार मिला। इस फिल्म का निर्देशक मिलन लुथरिया ने किया था। यह फिल्म तेलुगू एक्शन फिल्म आरएक्स 100 का रीमेक थी। इस बीच, अहान शेट्टी ने भी इस फिल्म को लेकर पोस्ट करते हुए लिखा, बॉर्डर एक फिल्म से कहीं अधिक है यह एक विरासत है, एक भावना है और एक सच होता सपना है। विडंबना यह है कि जीवन कैसे काम करता है...
बॉर्डर के साथ मेरी यात्रा 29 साल पहले शुरू हुई थी जब मैं अपनी के पेट में था और इसी दौरान वह सेट पर पिताजी से मिलने गई थी। अहान शेट्टी ने आगे लिखा, मुझे कभी एहसास नहीं हुआ कि वो पल सिनेमा और भारतीय सशस्त्र बलों को कितना आकार देंगे। अब बॉर्डर 2 का हिस्सा बनना मेरे लिए एक सम्मान की बात है। जेपी अंकल, मेरा हाथ थामे रहने के लिए धन्यवाद, मुझे उम्मीद है कि आप बहुत गौरवान्वित होंगे। निधि, आपकी कड़ी मेहनत ने इस सपने को सच कर दिया।

-साभार एजेंसी